kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-08 ❑ गुरुवार, 05 फरवरी 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



'ट्रेटर' शब्द का अर्थ गद्दार होता है और यह उस व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिसने देश के साथ गद्दारी की हो या देश की गोपनीय जानकारी दुश्मन को दी हो। इसे न केवल व्यक्तिगत टिप्पणी बल्कि सिख समुदाय का अपमान बताया। रवनीत सिंह बिट्टू

राष्ट्रपति का अभिभाषण परंपरा और प्रगति का संगम : जेपी नड्डा 11

3.47 लाख 12

## संक्षेप

### युमनाम खेमचंद मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता युमनाम खेमचंद सिंह मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री बने हैं। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने बुधवार शाम को इम्फाल स्थित लोकभवन में खेमचंद को शपथ दिलाई। खेमचंद मैतेई समुदाय से आते हैं। उनके साथ ही नगा समुदाय से आने वाले लोधी दिखो ने डिप्टी सीएम की शपथ ली। वे नगा पीपुल्स फ्रंट के विधायक हैं। वहीं, कुकी समुदाय से आने वालीं नेमचा किपगेन राज्य की पहली डिप्टी सीएम बनीं। भाजपा नेता नेमचा ने दिल्ली के मणिपुर भवन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए शपथ लीं।

### विधान परिषद के अधिष्ठाता मण्डल की सूची में चार वरिष्ठ सदस्य

**लखनऊ।** विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने विधान परिषद की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 19 (1) के तहत सदन के चार वरिष्ठ सदस्यों को वर्ष 2026 के लिए अधिष्ठाता मण्डल का सदस्य नामित किया है। विधान परिषद के प्रमुख सचिव डा. राजेश सिंह ने बुधवार को अधिष्ठाता मण्डल के चारों नामों की सूची जारी कर दी। सूची के अनुसार सदन के वरिष्ठ सदस्य राजेन्द्र चौधरी, डा. महेन्द्र कुमार सिंह, सलिल विश्नोई तथा डा. जयपाल सिंह व्यस्त के नाम शामिल हैं।

### एयर इंडिया ने सभी बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच का पुनरीक्षण पूरा किया

**नयी दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने अपने सभी बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच के दोबारा जांच का काम पूरा कर लिया है और जांच में 'कोई समस्या नहीं पाई गयी है। एआई 132 की 02 फरवरी को लंदन से बेंगलुरु आयी उड़ान के पायलट ने विमान में फ्यूल कंट्रोल स्विच में खामी की शिकायत की थी। यह एक बोइंग 787-8 विमान था। इसके बाद मंगलवार को नागर विमानन महानिदेशालय के अधिकारियों की मौजूदगी में उस विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच की गयी और शेष बोइंग 787 विमानों में भी इस स्विच की जांच शुरू की गयी। यह वही स्विच है जिसके 'रन' की स्थिति में रहने पर इंजन को ईंधन मिलता रहता है और 'कटऑफ' की स्थिति में रहने पर ईंधन मिलना बंद हो जाता है। एहतियात के तौर पर सभी बोइंग 787 विमानों के फ्यूल स्विच की जांच शुरू की गयी थी। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि परिचालन में मौजूद सभी बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच पूरी कर ली गयी है। उन्होंने कहा, ''जांच के दौरान कोई समस्या नहीं पायी गयी। हमारे एक पायलट की शिकायत के बाद बेहद सतर्कता बरतते हुए जांच की गयी है।''

पायलट ने अपनी शिकायत में लिखा था कि लंदन से उड़ान भरते समय उसने दो बार बाएं फ्यूल कंट्रोल स्विच को 'रन' में डाला लेकिन वह वहां नहीं टिका। तीसरी बार में यह स्विच 'रन' में ही रहा और विमान उड़ान भरने में कामयाब रहा।

# अयोध्या में बनेगी 'वैदेही आर्ट गैलरी'

**योगी बोले**

❑ मिथिला की कला-संस्कृति को मिलेगी वैश्विक पहचान

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीअयोध्या धाम में माता सीता के जीवन और आदर्शों पर केंद्रित एक विशेष 'वैदेही आर्ट गैलरी' की स्थापना के निर्देश दिए हैं। यह गैलरी भारतीय संस्कृति, मर्यादा, करुणा और नैतिक मूल्यों की अनुपम प्रतीक सीता माता के जीवन-चरित को आधुनिक तकनीक के माध्यम से नई पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करेगी।

मुख्यमंत्री आवास पर आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान बुधवार को मुख्यमंत्री ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की रूपरेखा साझा की। उन्होंने कहा कि सीता मइया भारतीय सभ्यता की आत्मा हैं और उनका जीवन त्याग, धैर्य, साहस, करुणा और नारी शक्ति का अद्वितीय उदाहरण है। नई पीढ़ी को उनके चरित्र से गहराई से परिचित कराना आज के समय की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 'वैदेही आर्ट गैलरी' केवल एक पारंपरिक कला-संग्रहालय नहीं होगी, बल्कि यह एक जीवंत सांस्कृतिक अनुभव-स्थल के रूप में विकसित की जानी चाहिए। इसमें सीता माता के जीवन प्रसंगों का आधुनिक तकनीक, डिजिटल माध्यम, दृश्य-श्रव्य प्रस्तुति और कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए पुनर्पाठ किया जाएगा। गैलरी की कथा-वस्तु, डिजाइन, विज़ुअल भाषा, कला और तकनीकी प्रस्तुति इस भावना को प्रतिबिंबित करे कि यह एक दिव्य और शाश्वत विरासत है, जिसे भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत के रूप में संरक्षित और प्रस्तुत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस गैलरी की मूल अवधारणा यह होनी चाहिए कि आगंतुक सीता माता के जीवन-संदेश को केवल देखें ही नहीं, बल्कि उसे महसूस करें, समझें और अपने जीवन में आत्मसात करें। गैलरी में ऐसा वातावरण निर्मित किया जाए, जिससे दर्शक भावनात्मक और सांस्कृतिक रूप से जुड़ सकें। अयोध्या विकास प्राधिकरण के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि यह परियोजना श्रीअयोध्या धाम में श्री राम जन्मभूमि मंदिर के निकट वरिष्ठ वशिष्ठ भवन परिसर में विकसित की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र प्रतिदिन लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही का केंद्र है, जिससे 'वैदेही आर्ट गैलरी' को व्यापक पहचान और वैश्विक मंच मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'वैदेही आर्ट गैलरी' का निर्माण श्रीअयोध्या धाम को वैश्विक सांस्कृतिक नगर के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। यह न केवल धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को विश्व पटल पर और अधिक मजबूती से प्रस्तुत करेगा। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिया कि गैलरी में मिथिला की संस्कृति, लोकपरंपराओं और कला के विविध आयामों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाए। मिथिला चित्रकला, लोककथाएं, परंपरागत संगीत और सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से माता सीता के जीवन और उनकी भूमि की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया जाए। अंत में मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि परियोजना की रूपरेखा, डिजाइन और क्रियान्वयन में गुणवत्ता, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक गरिमा का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि 'वैदेही आर्ट गैलरी' आने वाले समय में श्रद्धा, संस्कृति और प्रेरणा का प्रमुख केंद्र बन सके।

### लंबित आवास मामलों के निस्तारण हेतु 'एकमुश्त समाधान योजना' लागू करें : योगी



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक में लंबित आवासीय और व्यावसायिक आवंटनों के त्वरित निस्तारण के लिए एक नई 'एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-2026)' लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित देयों और विवादित मामलों के कारण न केवल योजनाओं की प्रगति प्रभावित होती है, ● शेष पेज 11 पर

# चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग की तैयारी!

❑ ममता को मिला कांग्रेस-सपा का साथ, विपक्ष लेगा मिलकर फैसला



एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में वोटर लिस्ट में सुधार को लेकर शुरू हुआ विवाद अब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर महाभियोग तक पहुंच गया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सीईसी के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने की मांग की थी। अब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत अन्य विपक्षी दल भी उनके समर्थन में आते दिख रहे हैं। कांग्रेस ने कहा है कि इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष मिलकर फैसला लेगा।

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को कहा कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर सामूहिक रूप से फैसला करेगा। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी की ओर से उठाया गया यह एक बहुत ही प्रासंगिक मुद्दा है। हम इस पर सकारात्मक रूप से विचार कर रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने इस बारे में कांग्रेस से संपर्क किया है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने भी ममता बनर्जी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी बीजेपी के काले कारनामों के खिलाफ लड़ रही हैं। उन्होंने कहा, 'लोगों को आगे आना चाहिए। अपना वोट खोना अपना अधिकार खोना है। धीरे-धीरे सब कुछ खत्म हो जाएगा। आपकी नागरिकता पर सवाल उठाया जाएगा। हम ममता बनर्जी के साथ हैं।' हालांकि, जब इस मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहता। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि चुनाव आयोग को पारदर्शिता बनाए रखनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी बड़े पैमाने पर वोटरों के नाम हटाकर उनके अधिकारों का हनन कर रही है। ममता जी यह लड़ाई लड़ रही हैं क्योंकि पश्चिम बंगाल में बड़ी संख्या में उन लोगों के वोट हटाए गए हैं जो पारंपरिक रूप से उनकी पार्टी को वोट देते हैं। प्रियंका ने कहा कि ममता इस मामले को सुप्रीम कोर्ट ले गई हैं, जिसका हम स्वागत करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट इस मामले का संज्ञान लेगा ताकि चुनाव आयोग की विश्वसनीयता बनी रहे।

**यूपी ने कौशल विकास में रचा नया कीर्तिमान**

## बना देश में सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। कौशल विकास में यूपी ने नया कीर्तिमान गढ़ दिया है। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक पंजीकरण कराने वाला राज्य बन गया है। वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता 2024 में प्रदेश में जहां कुल 7,472 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था, वहीं वर्ष 2026 के लिए यह संख्या बढ़कर 1,09,249 हो गई है, जिससे उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक पंजीकरण वाला राज्य बन गया है। इंडिया स्किल्स कॉम्पीटिशन-2025-26 के तहत राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान समारोह बुधवार को कौशल विकास मिशन मुख्यालय किया गया। इसमें 20 विभिन्न स्किल ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 40 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

वर्ष 2024 में प्रदेश ने 10 स्किल्स में भागीदारी की थी, जबकि इस वर्ष 20 स्किल्स में सहभागिता कर प्रदेश ने कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता प्रत्येक दो वर्षों में आयोजित होती है। प्रत्येक स्किल ट्रेड से दो विजेताओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने कौशल, समर्पण और परिश्रम से प्रदेश का नाम रोशन किया। इस अवसर पर आयोजित एक समारोह में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आधुनिक, रोजगारोन्मुख एवं वैश्विक मानकों के अनुरूप कौशल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता युवाओं की प्रतिभा को पहचान दिलाने का सशक्त मंच है, जो उन्हें आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

## कोडीनयुक्त कफ सिरप मामला : मुख्य अभियुक्त मो. सैफ गिरफ्तार

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध खरीद-फरोख्त के मामले का मुख्य अभियुक्त मो. सैफ बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में सैफ ने स्वीकार किया है कि वह अपने भाई फैजुररहमान के साथ मिलकर लंबे समय से कफ सिरप की अवैध तस्करी का नेटवर्क चला रहा था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, सैफ ने पूछताछ में बताया कि प्रयागराज में फर्म मेसर्स एम के हेल्थकेयर और वाराणसी में पीडी फार्मा जैसी फर्जी फर्मों के नाम पर कोडीनयुक्त कफ सिरप की सप्लाई की जाती थी। जांच में यह भी सामने आया है कि सैफ का भाई फैजुर रहमान वाराणसी में इसी तरह की अवैध गतिविधियों में संलिप्त था और उसे 23 जनवरी को वाराणसी पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर तक फैला नेटवर्क जांच में यह बात भी सामने आई कि दोनों भाइयों का नेटवर्क सिर्फ प्रयागराज तक सीमित नहीं था, बल्कि कानपुर और वाराणसी जैसे शहरों में भी सक्रिय था। ● शेष पेज 11 पर

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता भारत के हित में : पीयूष गोयल

एजेंसी



❑ कृषि, ऊर्जा और एमएसएमई क्षेत्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को फिर कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता वार्ता के दौरान भारत ने देश के खाद्य एवं कृषि क्षेत्र की प्रमुख संवेदनशीलताओं का पूरा ध्यान रखा है।

श्री गोयल ने लोक सभा में भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के संबंध में दोनों देशों की ओर से की गयी घोषणाओं पर अपने एक वक्तव्य में कहा कि भारतीय पक्ष अपने संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषकर कृषि और दुग्ध क्षेत्रों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने में सफल रहा है। अमेरिकी पक्ष के भी कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जो उनके दृष्टिकोण से संवेदनशील हैं। गौरतलब है कि श्री गोयल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भी कहा था कि अमेरिका के साथ होने वाले व्यापार समझौते में भारत कृषि क्षेत्र की संवदेनशीलता का ध्यान रखेगा। इस बारे में की गयी वार्ताओं में यह स्पष्ट भी किया गया है। उन्होंने कहा कि यह समझौता लघु एवं मध्यम उद्यमों, उद्यमियों, कुशल श्रमिकों और उद्योग के लिए नये अवसर खोलेगा, उन्नत प्रौद्योगिकियों तक पहुंच को सुगम बनाएगा और भारत के 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड, डिजाइन इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड और इन्नोवेट इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' के दृष्टिकोण को साकार करने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की फरवरी 2025 में अमेरिका यात्रा के बाद से भारत और अमेरिका एक संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते को संपन्न करने के उद्देश्य से नियमित रूप से चर्चा करते रहे हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए, दोनों पक्षों के वार्ताकारों ने पिछले एक वर्ष में विभिन्न स्तरों पर गहन बातचीत की है। दोनों पक्षों के महत्वपूर्ण और विविध हितों को देखते हुए यह स्वाभाविक है कि दोनों पक्ष अपनी-अपनी अर्थव्यवस्थाओं के महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा करते हुए सर्वोत्तम संभव परिणाम सुनिश्चित करना चाहेंगे। श्री गोयल ने कहा कि इन वार्ताओं के दौरान लगभग एक वर्ष तक चले कई दौर के विचार-विमर्श के बाद, दोनों वार्ताकार दल द्विपक्षीय व्यापार समझौते के कई क्षेत्रों को अंतिम रूप देने में सफल रहे हैं। दो फरवरी 2026 को श्री मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द्विपक्षीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के कई मुद्दों पर फोन पर चर्चा की। इसके बाद श्री ट्रम्प ने ● शेष पेज 11 पर

**बांदा जेल से गैंगस्टर की रिहाई का मामला**

## अधीक्षक-जेलर समेत अज्ञात पर केस, एसआईटी जांच में जुटी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ/बांदा। उत्तर प्रदेश के बांदा ज़िला जेल से कुख्यात स्क्रैप माफिया व गैंगस्टर रविन्द्र सिंह (रवि काना) की संदिग्ध रिहाई ने बड़ा बवाल खड़ा कर दिया है। मामले में जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर कोतवाली नगर थाने में जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य अज्ञात कर्मचारियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 260ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह धारा आरोपी की हिरासत में जानबूझकर की गई लापरवाही से संबंधित है।

वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित की है। मंगलवार को टीम ने बांदा मंडल जेल में करीब 5ऽ6 घंटे तक दस्तावेज़, रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की गहन पड़ताल की। पुलिस के मुताबिक, रवि काना कई गंभीर मामलों में वांछित है, जिनमें नोएडा के सेक्टर-63 थाने में दर्ज उगाही का केस भी शामिल है। वह वर्ष 2024 से अन्य मामलों में बांदा मंडल जेल में बंद था। उगाही प्रकरण में बी-वारंट के जरिए उसे कोर्ट में तलब किया गया था। जांच अधिकारी की रिमांड अर्जी पर 29 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई, लेकिन उसी शाम उसकी रिहाई हो गई, यही बिंदु अब जांच का केंद्र बना हुआ है। घटना के बाद गौतम बुद्ध नगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने महानिदेशक कारागार और जेल अधीक्षक से स्पष्टीकरण मांगा। इसके बाद डीजी (कारागार) ● शेष पेज 11 पर

# चुनाव आयोग नहीं, 'व्हाट्सएप आयोग' बन गया है'

### मतदाता सूची विवाद : सुप्रीम कोर्ट में ममता बनर्जी का तीखा हमला, अगली सुनवाई 9 फरवरी को निर्धारित

एजेंसी

**एसआईआर**

❑ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं सुप्रीम कोर्ट में उपस्थित रहीं

❑ चुनाव आयोग पर पक्षपात और अनदेखी का आरोप

❑ मतदाता सूची से बड़े पैमाने पर नाम हटाने का दावा

❑ महिलाओं और प्रवासी श्रमिकों के नाम कटने का मुद्दा



नई दिल्ली। पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची को लेकर चल रहा विवाद अब देश की सर्वोच्च अदालत तक पहुंच गया है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई, जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्वयं उपस्थित रहीं और चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं और यह पूरी प्रक्रिया लोकतंत्र के मूल ढांचे पर हमला है।

सुनवाई के दौरान ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप लगाते हुए उसे 'चुनाव आयोग' की जगह 'व्हाट्सऐप आयोग' तक कह दिया। उनका कहना था कि बिना ज़मीनी सत्यापन और बिना लोगों को सुनने का मौका दिए, केवल डिजिटल निर्देशों के आधार पर नाम काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है, जबकि अन्य राज्यों में ऐसी सख्ती नहीं दिखाई जा रही।

मुख्यमंत्री ने अदालत को बताया कि वह किसी राजनीतिक दल के लिए नहीं, बल्कि एक सामान्य नागरिक के अधिकारों के लिए लड़ रही हैं। उन्होंने कहा, ‟मैं कोई विशेष व्यक्ति नहीं हूं। मैं एक बंधुआ मजदूर की तरह काम कर रही हूं। मैं यहां न्याय मांगने आई हूं। ममता बनर्जी ने यह भी कहा कि उन्होंने चुनाव आयोग को इस विषय में छह पत्र लिखे, लेकिन एक भी पत्र का उत्तर नहीं मिला। ममता बनर्जी ने विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया (एसआईआर) पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह प्रक्रिया केवल नाम जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि नाम काटने के लिए चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि शादी के बाद नाम बदलने वाली महिलाओं, काम के सिलसिले में बाहर गए मजदूरों, और अस्थायी रूप से राज्य से बाहर रह रहे लोगों के नाम 'असंगति' बताकर सूची से हटाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने उदाहरण देते हुए कहा कि कई मामलों में केवल नाम की वर्तनी में मामूली अंतर, उम्र में एक-दो साल का फर्क या पते में बदलाव को आधार बनाकर मतदाता सूची से नाम हटा दिए गए। उन्होंने इसे 'असंगति नहीं, बल्कि असंगति का नक्शा' करार दिया। महिलाओं के मुद्दे को उठाते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि बड़ी संख्या में महिलाओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, जो पूरी तरह से महिला-विरोधी कदम है। उन्होंने दावा किया कि पहले चरण में ही लाखों नाम 'मृत' घोषित कर हटा दिए गए, जबकि उनमें से कई लोग जीवित हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि इतनी बड़ी संख्या में गलतियां कैसे हो सकती हैं। ममता बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि मतदाता सूची से नाम हटाने की शक्तियां स्थानीय निर्वाचन अधिकारियों से छीन ली गई हैं और बाहरी राज्यों से लाए गए माइक्रो-ऑब्जर्वर कार्यालयों में बैठकर फैसले कर रहे हैं। उनका कहना था कि ये अधिकारी बंगाल की भाषा, संस्कृति और स्थानीय परिस्थितियों को समझे बिना निर्णय ले रहे हैं। सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं। अदालत ने यह टिप्पणी भी की कि यदि भाषा और वर्तनी से जुड़े मुद्दे हैं, तो राज्य सरकार स्थानीय भाषा विशेषज्ञों की मदद क्यों नहीं लेती। ● शेष पेज 11 पर

# चौहत्तरवां संविधान संशोधन पूर्णतः व प्रभावी ढंग से लागू हो : उज्जवल

❒ लोक सभा में 74वां संशोधन की मांग उठी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। प्रयागराज सांसद उज्जवल रमण सिंह ने लोकसभा में 377 नियम के अंतर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 368 के अंतर्गत संविधान चौहत्तरवां संशोधन अधिनियम 1992 की धारा 2 द्वारा भाग 9- क - अनुच्छेद 243 त से 243 ह , सन 1992 में भारत देश के नगरों में लोकतांत्रिक प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए 74 वां संविधान संशोधन का प्रस्ताव की मांग लोक सभा में उठाया।

सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा ने बताया कि सांसद उज्जवल रमण सिंह ने मांग किया कि जैसे दिल्ली, हरियाणा पंजाब, राजस्थान,केरल, बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु, आंध्र, विहार, आदि विभिन्न प्रांतों में 74 वां संविधान संशोधन पूर्णतः व प्रभावी ढंग से लागू है। किंतु उत्तर प्रदेश में तत्कालीन? उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1995 में आंशिक रूप से 74 वां संविधान संशोधन लागू किया गया , 74 वां संविधान संशोधन लागू करने के बहाने कुछ महत्वपूर्ण अधिकार जो नगर निगम सदन व कार्यकारिणी समिति को प्राप्त था उसे जनप्रतिनिधियों से छीनकर अधिकारियों को शिफ्ट कर दिया गया है, जिससे लोकतांत्रिक प्रणाली पहले से ज्यादा कमजोर हो गई है। उस समय केवल नाम बदला गया था जैसे नगर महापालिका के जगह पर नगर निगम,मेयर के जगह पर महापौर, सभासद के जगह पर पार्षद, मुख्य नगर अधिकारी के जगह पर नगर आयुक्त,अपर मुख्य नगर अधिकारी के जगह पर अपर नगर आयुक्त आदि।सर्वदलीय पार्षदगण प्रयागराज अध्यक्ष शिवसेवक सिंह ने लोकसभा में सांसद उज्जवल रमण सिंह द्वारा 74वां संविधान संशोधन की मांग उठाई उनका आभार उन्होंने बताया कि भारत देश के जिन प्रदेशों में 74 वां संविधान संशोधन पूर्णतः व प्रभावी ढंग से लागू है, 74 वां संविधान संशोधन द्वारा संविधान में भाग - 9 जोड़ा गया है जिसमें कुल 18 अनुच्छेद हैं और नई अनुसूची बारहवीं जोड़ी गई है जिनमें उन विषयों को जोड़ा गया है जिनपर नगर पालिकाऐं कानून बनाकर अपने महानगरों का समग्रता में विकास , स्वच्छ, सुंदर तथा नागरिकों के जीवन को सुखी बना सकती है।वहां लोकतांत्रिक प्रणाली बहुत मजबूत हुई है , आय के बहुत स्रोत बढ़ गई, नागरिकों की भागीदारी बढ़ गई, नगर निकायों के महापौरों , पार्षदों आदि जनप्रतिनिधियों को जनप्रतिनिधि का दर्ज़ा प्राप्त है, वेतन, यात्रा भत्ता मिलता है जबकि उत्तर प्रदेश में 74 वां संविधान संशोधन लागू होने के उपरांत लोकतांत्रिक प्रणाली कमजोर हुई , नगर निकायों के महापौर/ अध्यक्षों , पार्षदों /सभासदों आदि जनप्रतिनिधियों को जनप्रतिनिधि का दर्ज़ा नहीं प्राप्त है, वेतन यात्रा भत्ता भी नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के नगर निकायों में भी 74 वां संविधान संशोधन लागू हो जैसे देश के अन्य प्रदेश में उन राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश के नगर निकायों को मजबूत व सुदृढ़ बनाने के लिए 74 वां संविधान संशोधन पूर्णतः व प्रभावी ढंग से लागू हो।

# मेजा ऊर्ज़ा निगम एवं एएलआईएमसीओ के बीच दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एमवोयू पर हस्ताक्षर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ यह हस्ताक्षर समारोह मेजा ऊर्ज़ा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिवास राव की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया

कोरावं, प्रयागराज। बुधवार को मेजा ऊर्ज़ा निगम प्रा. लि. (MUNPL) ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व (CSR) के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारत सरकार के उपक्रम ALIMCO (Artificial Limbs Manufacturing Corporation of India) के साथ एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के अंतर्गत परियोजना प्रभावित एवं आसपास के क्षेत्रों में निवासरत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों की पहचान कर उन्हें कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण एवं अन्य आवश्यक सहायक साधन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनकी दैनिक जीवन-शैली में सुधार हो सके तथा वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। यह हस्ताक्षर समारोह मेजा ऊर्ज़ा निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीनिवास राव की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। निगम की ओर से विवेक चंद्रा, अपर महाप्रबंधक (मा.स.), अजय सिंह, उप महाप्रबंधक (मा.स.), डॉ. अरविन्द सिंह, चिकित्सा अधिकारी (अस्पताल) तथा ALIMCO की ओर से ऋषि राज, सहायक प्रबंधक (एलिम्को) ने ख्रधठ पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री निवास राव ने कहा कि मेजा ऊर्ज़ा निगम समाज के वंचित एवं विशेष आवश्यकता वाले वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ALIMCO के साथ यह साझेदारी दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उनके आत्मसम्मान, गतिशीलता एवं जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगी। यह पहल मेजा ऊर्ज़ा निगम की "Health for All" तथा समावेशी विकास की प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करती है और एट्टट के माध्यम से सामाजिक सरोकारों के प्रति निगम की संवेदनशीलता को दर्शाती है। इस अवसर पर नरेंद्र नाथ सिन्हा (महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण), अशोक कुमार सामल (महाप्रबंधक, अनुरक्षण), ए के चौधरी (मुख्य चिकित्सा अधिकारी), विवेक चन्द्र (अपर महाप्रबंधक, मानव संसाधन), सहित ALIMCO की ओर से अधिकृत प्रतिनिधियों उपस्थित रहे।

## पुलिस मुठभेड़ में घायल लुटेरे की हार्ट अटैक से मौत

प्रयागराज। प्रयागराज में पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक लुटेरे की उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मुठभेड़ में घायल होने के बाद आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी। एक दिन पहले ही डॉक्टरों द्वारा उसका ऑपरेशन किया गया था।इलाज के दौरान अचानक आरोपी की तबीयत बिगड़ गई और उसे दिल का दौरा पड़ा। चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। अस्पताल प्रशासन ने प्राथमिक तौर पर मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक लूट की वारदात में वांछित था और पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल हुआ था। मामले में सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

## कोरांव में दर्जनों इफको केंद्र फिर भी यूरिया के लाले

**कोरांव प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जमुनापार के विकास खंड कोरांव में दर्जनों इफको सेंटर पर यूरिया खाद नदारद है वहीं दूसरी तरफ छोटे – छोटे सेंटरों को पर्याप्त मात्रा में स्टॉक उपलब्ध हो जा रहा है जबकि छोटे सेंटरों पर स्टॉक रखने का गोदाम तक नहीं है लेकिन इसके बावजूद उनको पर्याप्त यूरिया खाद उपलब्ध कराया जा रहा जिसका कारण मार्केट में जरूरतमंद किसान खाद के लिए दर – दर भटक रहा है जबकि किसान को अंतिम खाद की सख्त जरूरत है लेकिन इस मामले में जिले के जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे बैठे है कोरांव विकास खंड में लगभग दर्जनों इफको केंद्र है लेकिन इनके सेंटरों पर यूरिया उपलब्ध न होने से किसान सेंटर से निराश लौट रहे वही छोटे – छोटे दुकानदारों के यहां यूरिया खाद मिल जा रही लेकिन किसान को खाद के लिए लंबी दूरी तय करना पड़ रहा अब देखना है कि जिम्मेदारी अधिकारी इस मामले को संज्ञान लेते है या नहीं फिलहाल क्षेत्रीय किसान जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कमीशनखोरी में भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध जांच कार्यवाही की माग किए है। जिला कृषि अधिकारी प्रयागराज ने बताया कि के के सिंह बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर कापरेटिव को यूरिया खाद उपलब्ध कराया जा रहा है इफको केंद्र पर यूरिया इफको द्वारा भेजा जाता है फिर भी यदि किसी केंद्र के पास नहीं है किसान ज्यादा संख्या में यूरिया लेने आ रहे हो तो भेजा जाएगा।

## करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग प्रोग्राम का आयोजन

**प्रयागराज,कैनविज टाइम्स संवादाता ।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए प्रयागराज स्थित जगत तरन गोल्डन जुबली स्कूल के ऑडिटोरियम में कक्षा ऋ्र से ङ्ग्रक्र्र तक के विद्यार्थियों के लिए एक करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग प्रोग्राम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक और करियर संबंधी महत्वपूर्ण निर्णयों में मार्गदर्शन प्रदान करना था।यह कार्यक्रम सिलेक्शन सेंटर ईस्ट, भारतीय सेना तथा रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत पब्लिक रिलेशन्स ऑफिस, प्रयागराज की संयुक्त आउटरीच पहल के रूप में आयोजित किया गया, जिसका संचालन यूफोरियल यूथ सोसाइटी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कक्षा ङ्ग के बाद विषय चयन, उच्च शिक्षा के अवसरों, करियर योजना तथा आवश्यक जीवन कौशल के विकास पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेजर जनरल धर्म राज राय ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नेतृत्व, उद्देश्य की स्पष्टता और मानसिक दृढ़ता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, ईमानदारी व जिम्मेदारी जैसे मूल्यों को अपनाने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति योगदान देने के लिए प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में एउट्टव, ऋएट्टव एवं उत्तर प्रदेश बोर्ड से संबद्ध विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और शिक्षकगण उपस्थित रहे। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती सुष्मिता कानूनगो ने कार्यक्रम की सराहना की।यह पहल युवाओं को आत्मविश्वास, स्पष्ट दिशा और दीर्घकालिक करियर योजना के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

## अफजाल अंसारी की पत्नी की याचिका पर हाईकोर्ट सख्त, डीएम गाजीपुर को 5 हफ्ते में आदेश पारित करने के निर्देश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मुख्तार अंसारी के भाई और पूर्व सांसद अफजाल अंसारी से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अफजाल अंसारी की पत्नी फरहत अंसारी द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने जिलाधिकारी गाजीपुर को निर्देश दिया है कि वे मामले में पांच सप्ताह के भीतर सकारण आदेश पारित करें।याचिका में कहा गया था कि गैंगस्टर एक्ट के तहत लखनऊ स्थित आवासीय मकान को कुर्क किया गया था। बाद में गैंगस्टर कोर्ट ने उक्त आवास को कुर्की से मुक्त करने का स्पष्ट आदेश पारित किया, इसके बावजूद संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अब तक मकान को मुक्त नहीं किया गया, जो न्यायालय के आदेश की अवहेलना है।फरहत अंसारी की ओर से यह भी दलील दी गई कि अदालत के स्पष्ट आदेश के बावजूद संपत्ति न खोले जाने से उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। इसी को चुनौती देते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया था।मामले की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि जब किसी सक्षम न्यायालय द्वारा कुर्की हटाने का आदेश पारित किया जा चुका है, तो प्रशासन की जिम्मेदारी है कि उसका समयबद्ध और विधिसम्मत पालन किया जाए। कोर्ट ने जिलाधिकारी गाजीपुर को निर्देशित किया कि वे पूरे मामले पर विचार करते हुए कारण सहित आदेश पारित करें।हाईकोर्ट के इस आदेश को प्रशासनिक कार्रवाई और न्यायिक आदेशों के पालन के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब सभी की निगाहें जिलाधिकारी गाजीपुर के आगामी निर्णय पर टिकी हैं।

थाना मेजा पुलिस ने 4 किलो 84 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तारप्रयागराज। यमुनानगर क्षेत्र के थाना मेजा पुलिस टीम ने बुधवार को मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 किलो 84 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की गई।पुलिस के अनुसार, अभियुक्त अमर बहादुर उर्फ बबुन्दर पुत्र दशरथ, निवासी कपुरी, थाना मेजा, जनपद प्रयागराज को ग्राम नेवढिया स्थित पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चार पैकेटों में रखा गया कुल 4 किलो 84 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।बरामदगी के आधार पर थाना मेजा पर मु0अ0सं0 55/2026, धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई।पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह यह गांजा पुलिस से बचाकर मिर्ज़ापुर से सस्ते दामों में लाता था और प्रयागराज क्षेत्र में महंगे दामों पर बेचकर अपना भरण–पोषण करता था। घटना के दिन भी वह गांजा बेचने के लिए जा रहा था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अभियुक्त का पूर्व आपराधिक इतिहास भी दर्ज है। उसके विरुद्ध वर्ष 2023 में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत हो चुका है।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह कुशवाहा, हेड कांस्टेबल रामजीत यादव, कांस्टेबल सौरभ यादव, अंगद यादव और धनंजय वर्मा शामिल रहे।पुलिस ने बताया कि मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## पुलिस ने किया हत्याकांड का खुलासा

**गोसाईगंज, लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशांत गोल्फ सिटी थाने की पुलिस ने युवक की हत्याकांड का खुलासा करते हुए, दो आरोपियो को गिरफ्तार कर लिया है।विगत 3 फरवरी 2026 को सुबह लगभग 8:27 बजे थाना सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सड़क किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा होने का मामला सामने आया । जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँच गई । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक की पहचान संतराम (35) पुत्र दुलारे के रूप की गई।इस मामले में मृतक के भाई मस्तराम की तहरीर के आधार पर थाना सुशांत गोल्फ सिटी में मुकदमा पंजीकृत किया गया।पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। टेक्निकल और मैनुअल साक्ष्यों के अलावा मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर बुद्धू खेड़ा में दीपक के घर दबिश दी गई और घर के बाहर दो रहे अभियुक्तों सुशील पुत्र स्वर्गीय जगदेव निवासी कटरा बक्कास और दीपक कुमार पुत्र राम अधार निवासी बुद्धू खेड़ा को हिरासत में ले लिया गया।मामले का खुलासा घटना में प्रयुक्त स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (यू पी 32 पी आर 5066) के संबंध में जानकारी मिलने पर हुआ।

# प्रयागराज में स्टेडियम और स्पोर्ट्स ग्राउंड बनाए जा रहे हैं दिव्यांग फ्रेंडली

❒ योगी सरकार ने जारी किया 4 करोड़ का बजट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। दिव्यांग खिलाड़ियों की पहुंच और सहभागिता सुनिश्चित कराने के लिए प्रदेश की योगी सरकार सतत प्रयास कर रही है। इसके लिए प्रदेश ने प्रमुख खेल परिसरों पूरी तरह दिव्यांग फ्रेंडली बनाया जा रहा है। यहां विश्वस्तरीय सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने के लिए लगातार प्रदेश की योगी सरकार सतत कार्य कर रही है। इसी क्रम में सरकार ने खेलकूद के मैदानों को भी दिव्यांगजन फ्रेंडली बना रही है । प्रयागराज के जिला दिव्यागजन कल्याण अधिकारी अशोक कुमार गौतम का कहना है कि प्रयागराज के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम और अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को दिव्यांगजन हितैषी बनाया जा रहा है। इसके लिए शासन से 4.1 करोड़ का बजट जारी किया गया है। सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत यह कार्य किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मदन मोहन मालवीय स्टेडियम पर 1.98 करोड़ रुपये, जबकि अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पर 2.14 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। यह योजना दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित की जा रही है, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए बाधा-मुक्त वातावरण तैयार करना है।

### दिव्यांग खिलाड़ियों को मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाएं

अपनी समावेशी विचार के साथ सरकार दिव्यांग जन को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। प्रयागराज के जिला दिव्यागजन कल्याण अधिकारी अशोक कुमार गौतम का कहना है कि जनपद में 30 हजार से अधिक दिव्यांग जन हैं। इनमें कई खेल प्रतिभाएं भी हैं जिन्हें निखारने के लिए शहर के स्टेडियम और स्पोर्ट्स परिसर में विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित करने के लिए दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग के बजट से कार्य किए जा रहे हैं। यूपी राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड इसकी कार्यदाई संस्था है। इसी क्रम में परिसर और स्टेडियम में दिव्यांग खिलाड़ियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्हीलचेयर अनुकूल रैंप और लिफ्ट का निर्माण किया जायेगा। दृष्टिबाधित खिलाड़ियों के लिए टैक्टाइल टाइल्स का विकास होगा। विशेष प्रकार से डिजाइन किए गए अत्याधुनिक पाथवे, गलियारे और हैंड रेल विकसित किए जाएंगे। दृष्टि बाधित दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए ऑडियो-विजुअल साइनज लगाए जाएंगे । इसी तरह दिव्यांग फ्रेंडली टॉयलेट और पार्किंग का भी निर्माण इसमें होगा। इस नई पहल से दिव्यांगजनों की जिंदगी में न केवल सकारात्मक बदलाव आएगा बल्कि समाज में उनके लिए बराबरी का वातावरण भी सृजित होगा।

# ढाई करोड़ की सरकारी जमीन हेराफ़ेरी पर डीएम का सख्त एक्शन, कानूनगो डिमोट होकर बने लेखपाल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। प्रयागराज के गंगापार क्षेत्र स्थित सोरांव तहसील में सरकारी जमीन की हेराफ़ेरी के मामले में जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई की है। फाफामऊ क्षेत्र में बंजर व परती भूमि को निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कराने के आरोप में राजस्व निरीक्षक (कानूनगो) दूध-नाथ को डिमोशन करते हुए लेखपाल बना दिया गया है। साथ ही उन्हें निलंबित भी कर दिया गया है।आरोप है कि कानूनगो दूधनाथ ने पैसे लेकर सरकारी परती भूमि को अपने करीबियों के नाम दर्ज करा दिया। इस संबंध में शिकायत शासन और जिला प्रशासन तक पहुंची थी, जिसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर एसडीएम सोरांव के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई। जांच टीम में दो नायब तहसीलदार, एक कानूनगो और एक लेखपाल शामिल थे।लगभग चार महीने तक चली जांच में तहसील व जिला अभिलेखागार के दस्तावेजों की गहन जांच की गई। जांच रिपोर्ट में सामने आया कि कानूनगो ने अभिलेखों में छेड़छाड़ कर करीब ढाई करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी भूमि को लगभग 20 लाख रुपये लेकर तीन निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कराया था।जांच रिपोर्ट मिलने के बाद जिलाधिकारी ने आरोपी के खिलाफ डिमोशन व निलंबन की कार्रवाई के साथ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश भी दिए हैं। तहसील रिकॉर्ड में जमीन को पुनः परती श्रेणी में दर्ज कर दिया गया है। एसडीएम ज्ञानेंद्र नाथ ने बताया कि जांच अभी जारी है और अन्य दोषियों पर भी कार्रवाई की जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ०रे०–मण्डल–वाणिज्य/उ०रे० |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14216-SLR-F2-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 11:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14210-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 11:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 24204-SLR-R1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 11:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14216-SLR-R1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 12231-SLR-R1-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:20 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 14216-SLR-F1-LKO-PYGS-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 19402-SLR-F1-LKO-SBIB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 24204-SLR-F1-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं०/लॉट सं० | 24204-SLR-F2-LKO-BSB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 31.01.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 13:00 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No.: C/SLR Leasing contract-2019/KS Date:- 03.02.2026 376/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/ Northern Railway |
| नीलामी सूची सं. | Ctg020226 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02.02.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 17.02.2026 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 17.02.2026 at 11:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned as under:-

| Station | Lot No. | Stall ID | Close Date/ Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|
| Gauriganj | Catg-LKO-GNG-GMU 71-24-1 | GNG/ PF-1/ 18/ADDL | 17.02.2026 at 11:30 hrs. | GMU | WOMEN |
| Dariyabad | Catg-LKO-DYD-SMU 5-24-2 | DYD/ PF-1/13 | 17.02.2026 at 11:40 hrs. | SMU | ST |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 379/2026


# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ सुभाष चौराहा पर वकीलों का प्रदर्शन

❒

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज। निजी स्कूलों द्वारा हर वर्ष की जा रही अत्यधिक फीस वृद्धि और मनमानी वसूली के विरोध में बुधवार को सुभाष चौराहा प्रयागराज में वकीलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने सरकार से निजी स्कूलों की फीस पर नियंत्रण लगाने और अभिभावकों को राहत देने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान वकीलों ने कहा कि प्राइवेट स्कूल मनमाने ढंग से फीस, एडमिशन शुल्क, डेवलपमेंट फीस और अन्य मदों में अभिभावकों से भारी रकम वसूल रहे हैं, जिससे मध्यम और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर गंभीर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल प्रशासन बिना किसी ठोस कारण के हर वर्ष फीस में वृद्धि कर रहे हैं।वकीलों ने अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सरकार के नाम सौंपते हुए निजी स्कूलों की फीस निर्धारण के लिए स्पष्ट और सख्त नियम बनाने की मांग की। ज्ञापन में फीस वृद्धि पर नियंत्रण, पारदर्शी अकाउंटिंग सिस्टम, अभिभावकों की शिकायतों के लिए प्रभावी तंत्र तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग शामिल रही।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।यह प्रदर्शन निजी स्कूलों की बढ़ती फीस को लेकर समाज में बढ़ते असंतोष को दर्शाता है और सरकार के लिए एक स्पष्ट संदेश माना जा रहा है।

# माघ मेला क्षेत्र में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन, श्रद्धालुओं को दी गई कानूनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज। माघ मेला 2026 के दौरान श्रद्धालुओं को विधिक अधिकारों एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को मेला क्षेत्र में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन जनपद न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज सत्य प्रकाश त्रिपाठी के निर्देशानुसार किया गया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव शशि कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर में मेला क्षेत्र में आए श्रद्धालुओं को निःशुल्क विधिक सहायता, कानूनी अधिकारों तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।इस अवसर पर शंभू नाथ विधि कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर क्राइम जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी आदि के बारे में जागरूक किया गया तथा उनसे बचाव के उपायों और आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई।इसके साथ ही माघ मेला क्षेत्र में उपस्थित जनमानस को आगामी लोक अदालत (दिनांक 14 मार्च 2025) के संबंध में जानकारी देते हुए अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण हेतु प्रचार-प्रसार किया गया।कार्यक्रम के दौरान दिनांक 22 फरवरी 2026 को नवाबगंज तहसील, सोरांव में आयोजित होने वाले मेगा/वृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा सहायता शिविर के बारे में भी आमजन को जागरूक किया गया। इस शिविर में सरकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु पंजीकरण कराने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।इस मौके पर शंभूनाथ विधि विद्यालय की ओर से जीवेश दुबे, सतपाल, श्वेता राय, अनुकृति पाण्डेय सहित पैरा लीगल वालंटियर्स उपस्थित रहे।उक्त जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज के सचिव शशि कुमार द्वारा दी गई।

# कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ट्रस्ट के मुद्दे पर राष्ट्रीय हित की जगह वोट बैंक की राजनीति कर रही है: डॉ राजेश्वर सिंह

❒ एसआईआर पर वोट-बैंक की राजनीति राष्ट्रहित से सीधा विश्वासघात है: डॉ. राजेश्वर सिंह

❒ अवैध घुसपैठियों को मतदाता बनाने की साज़िश बेनकाब—कांग्रेस और सपा पर डॉ. राजेश्वर सिंह का तीखा प्रहार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लोकतंत्र की जड़ों पर जब भी प्रहार होता है, तब-तब राष्ट्र को सच के साथ खड़े नेतृत्व की आवश्यकता होती है। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी द्वारा विशेष सघन पुनरीक्षण (ट्रस्ट) जैसे संवैधानिक विषय पर अपनाया गया रुख एक बार फिर उजागर करता है कि इन दलों के लिए राष्ट्रहित नहीं, बल्कि संकीर्ण वोट-बैंक की राजनीति सर्वोपरि है।बुधवार को सोशल मीडिया के माध्यम से तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों के मुद्दे पर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की चुप्पी—और कई मामलों में परोक्ष समर्थन—को किसी भी दृष्टि से अनजाने में की गई भूल नहीं कहा जा सकता। यह एक सोची-समझी रणनीति है, जिसका उद्देश्य अवैध घुसपैठियों को मतदाता में परिवर्तित कर सत्ता की राजनीति को साधना है। किसी भी संप्रभु, लोकतांत्रिक और आत्मसम्मान से भरे राष्ट्र के लिए यह रवैया पूरी तरह अस्वीकार्य और खतरनाक है।डॉ. सिंह ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची लोकतंत्र की पवित्र आधारशिला है, कोई राजनीतिक हथियार नहीं। विशेष सघन पुनरीक्षण (ट्रस्ट) एक संवैधानिक, आवश्यक और अनिवार्य प्रक्रिया है, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि केवल वास्तविक और प्रमाणिक भारतीय नागरिक ही देश के भविष्य का निर्धारण करें—अवैध घुसपैठिये नहीं। प्रत्येक राष्ट्रवादी नागरिक का यह नैतिक और संवैधानिक दायित्व है कि वह लोकतंत्र की इस पवित्र प्रक्रिया की रक्षा करे।उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक संतुलन और जनसांख्यिकीय अखंडता जैसे गंभीर विषयों पर स्पष्ट और साहसिक रुख अपनाने के बजाय कंाग्रेस और समाजवादी पार्टी तुष्टिकरण की अंधी दौड़ में शामिल हैं। मज़ारों और दरगाहों पर राजनीतिक उपस्थिति दर्ज कराई जाती है, लेकिन राम मंदिर—जो भारत की सभ्यतागत चेतना, लोकतांत्रिक संघर्ष और संवैधानिक समाधान का प्रतीक है—वहाँ न समय है, न सम्मान और न ही इच्छाशक्ति।यह धर्मनिरपेक्षता नहीं है। यह सुनियोजित, अवसरवादी और आपराधिक तुष्टिकरण है। अपनी बात को और आगे बढ़ाते हुए विधायक ने कहा कि आज देश को ऐसी राजनीति की आवश्यकता है जो राष्ट्रवाद, संविधान और राष्ट्रीय सुरक्षा के मूल्यों पर आधारित हो—न कि ऐसी राजनीति जो क्षणिक चुनावी लाभ के लिए लोकतंत्र की पवित्रता, सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय हित को गिरवी रख दे।देश के सामने विकल्प अब पूरी तरह स्पष्ट है। राष्ट्र पहले, या अवैध वोट-बैंक पहले।

# एलडीए जोन 7 में खुला अवैध निर्माण का खेल लगातार जारी

❒ जेई व एई की मिलीभगत से नियमों की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ विकास प्राधिकरण में अवर अभियंता और सहायक अभियंता की लापरवाही एक बार फिर सवालों के घेरे में है। ज़ोन 7 के कई इलाकों में धड़ल्ले से अवैध निर्माण जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं।

सूत्रों के अनुसार अवैध निर्माणकर्ताओं से कथित ल्लनज़रानाङ्क मिलने के बाद संबंधित अवर अभियंता व सहायक अभियंता कार्रवाई से बचते नज़र आ रहे हैं। यही वजह है कि बिना किसी डर के नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य चल रहा है। ज़ोन 7 के एक सहायक अभियंता पर पहले भी अवैध निर्माण को संरक्षण देने के आरोप लग चुके हैं, जिसके चलते उनका ट्रांसफर किया गया था। लेकिन शासन में कथित पकड़ के दम पर वे दोबारा लखनऊ विकास प्राधिकरण में अपने मनचाहे विभाग में तैनात हो गए। मनमानी तैनाती के बाद क्षेत्र में अवैध निर्माण को फिर से हवा दी जा रही है। ताज़ा मामला थाना सआदतगंज क्षेत्र के यासीनगंज का है, जहां असलम कबाड़ी के निकट बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण खुलेआम जारी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत के बिना इस तरह का निर्माण संभव ही नहीं है। एलडीए के नियम-कानून सिर्फ कागज़ों तक सीमित रह गए हैं, जबकि ज़मीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या एलडीए के उच्च अधिकारी और शासन इस पूरे मामले पर संज्ञान लेंगे? या फिर ज़ोन 7 में अवैध निर्माण का यह खेल यूं ही चलता रहेगा।

# भरोसेमंद लोगों को आगे कर कैंसर के खिलाफ अभियान चलाए सरकार : अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ बोले, 54 प्रतिशत कैंसर का कारण नशा है तो हर नशे के खिलाफ सरकार को अभियान चलाना चाहिए

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तरप्रदेश में पुरुषों में होने वाले लगभग 54 प्रतिशत कैंसर का कारण नशा है तो हर नशे के खिलाफ सरकार को अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे अभियानों की अगुवाई उन भरोसेमंद लोगों से कराई जानी चाहिए, जो न केवल सार्वजनिक रूप से बल्कि निजी जीवन में भी किसी भी तरह के नशे से दूर रहकर ईमानदारी से सफल हुए हों और जिनके परिवार खुशहाल हों। ऐसे वास्तविक उदाहरण समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे और युवा पीढ़ी नशे से दूर रहने का संकल्प लेगी।

बुधवार को विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य में सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने जोर देते हुए कहा कि कैंसर से लड़ने से बेहतर है उससे बचाव किया जाए। समय रहते जांच और इलाज से कैंसर को हराया जा सकता है। जिन कैंसरों के लिए चिकित्सकीय रूप से सिद्ध टीकाकरण उपलब्ध है, उसे अपनाया जाना चाहिए और सरकार को यह टीकाकरण मुफ्त उपलब्ध कराना चाहिए। उन्होंने तम्बाकू को कैंसर का सबसे बड़ा कारण बताते हुए इससे पूरी तरह दूरी बनाने की अपील की।

सपा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि जो लोग कैंसर से जंग जीतकर आज स्वस्थ जीवन जी रहे हैं, ऐसे कैंसर सर्वाइवर्स को अस्पतालों में मरीजों से मिलवाया जाए, ताकि उनमें जीवन के प्रति आशा और सकारात्मकता बढ़े। साथ ही, मेडिसिनल बताकर बेचे जा रहे नशीले उत्पादों के भ्रम से लोगों को सतर्क किया जाए, क्योंकि नशा किसी भी रूप में नुकसानदेह ही होता है।

उन्होंने मांग की कि कैंसर की दवाइयों को पूरी तरह टैक्स-मुक्त किया जाए और गरीब मरीजों के लिए इन्हें मुफ्त उपलब्ध कराया जाए। प्रदेश में स्थापित कैंसर संस्थानों के बेहतर रखरखाव के साथ मंडलीय स्तर पर नए कैंसर इंस्टीट्यूट खोलने को प्राथमिकता दी जाए।

अखिलेश यादव ने सभी से आह्वान किया कि मिलकर तम्बाकू से तौबा और नशे का नाश जैसे अभियान चलाए जाएँ।

# फार्मासिस्ट सर्वेश के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। सफलता पूर्वक जीवन के साठ बसंत पूरे करने पर शहीदों की ऐतिहासिक धरती काकोरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात फार्मासिस्ट सर्वेश कुमार पटेल उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत हो गए।इस अवसर पर उनके सम्मान में अधीक्षक डॉ केडी मिश्रा एवं थाना सीएचसी स्टाफ द्वारा सम्मान विदाई समारोह का आयोजन सीएचसी परिषर में किया गया।

इस अवसर पर अपर जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि सर्वेश की निष्ठा,समर्पण और उत्कृष्ट कार्यशैली ने न केवल सीएचसी काकोरी,बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ी है।अस्पताल आय मरीजों को इलाज दिलाने और समाज में विभाग का विश्वास स्थापित करने में आपका योगदान अविस्मरणीय रहा है।आपकी विदाई के इस भावपूर्ण क्षण में हम सभी आपके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना करते हैं।आप जहां भी रहें,आपका मार्गदर्शन और प्रेरणा हमेशा हम सबके साथ रहेगा।सादर विदाई और अनंत शुभकामनाए।इस अवसर पर मुख्य रूप से सीएचसी अधीक्षक डॉ केडी मिश्रा,डॉ पवन सिंह,डॉ अरविंद,डॉ अंशुल,डॉ स्मिता निगम,डॉ किरन रावत,डॉ सोमा जैन,राजेश कुमार सिंह,रवि कुमार,एएनएम एवं सलोन से भाजपा विधायक की पत्नी ममता,गुलजेहरा,विजय मौर्य,करना,प्रमिला,प्रियंका पटेल,ग्रामीण पत्रकार कल्याण समिति उत्तर प्रदेश चेयरमैन एवं सहकारी संघ सभापति केशरी राव धारा सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में सीएचसी स्टाफ एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।फार्मासिस्ट सर्वेश कुमार पटेल ने लगभग 22 वर्ष तक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर अपनी सेवाएं दी हैं।

## सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां क्षेत्र के कांटा गांव में दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना दिवस के अवसर पर श्रद्धा और सेवा भाव के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे और प्रसाद ग्रहण किया।यह आयोजन आयोजक सर्वेश शुक्ला द्वारा अपने स्वर्गीय पिता राजा राम शुक्ला की स्मृति में कराया गया। आयोजक ने बताया कि 4 फरवरी 2022 को उनकी धर्मपत्नी विमला शुक्ला द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना कराई गई थी, तभी से हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है।कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना, हवन-यज्ञ से हुई। इसके बाद कन्या भोज कराया गया और फिर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा आयोजित हुआ। इस मौके पर अवधेश कुमार शुक्ला और कमलेश कुमार शुक्ला समेत कई लोग मौजूद रहे।

## भाकियू लोकशक्ति ने हरदोइया बाजार कार्यालय पर बैठक कर गरीब किसानों को बांटे कंबल

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भीषण ठंड को देखते हुए बुधवार को हरदोइया बाजार स्थित भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश प्रमुख महासचिव देवेंद्र पासी उर्फ बब्लू व लखनऊ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा ने कार्यकर्ताओं व गरीब किसानों को कंबल वितरित किए। इस दौरान पदाधिकारियों ने किसानों को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक रहने और संगठन को मजबूत करने की अपील की। साथ ही आगामी 17 फरवरी 2026 को लखनऊ में होने वाली महापंचायत में अधिक से अधिक किसानों से शामिल होने का आग्रह किया गया।कार्यक्रम में जिला प्रभारी रामपाल रावत, जिला प्रमुख महासचिव हरिश्चंद्र वर्मा, जिला संरक्षक रज्जन लाल वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष रमाशंकर सहित सैकड़ों किसान व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लाठी-डंडों से दुकानदार पर जानलेवा हमला

**लखनऊ।** चिनहट थाना क्षेत्र के नौबस्ता कला में गुरुवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब बेखौफ बदमाशों ने दिनदहाड़े एक दुकानदार पर जानलेवा हमला कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। लाठी-डंडों और ईंटों से किए गए हमले में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि हमलावर सोने की चेन और नकदी लेकर मौके से फरार हो गए।पीड़ित अमन वर्मा ने पुलिस को बताया कि 29 जनवरी की दोपहर करीब ढाई बजे वह अपनी दुकान 'विनायक इंटरप्राइजेज' के बाहर बैठा था। इसी दौरान पीछे से आए चार अज्ञात युवकों ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। लाठी-डंडों और ईंटों की ताबड़तोड़ मार से वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद हमलावरों ने उसकी जेब से 10 हजार रुपये नकद और गले से सोने की चेन छीन ली और मौके से फरार हो गए।घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल दुकानदार को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को चार अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी।

## संविदा कर्मी पर लगा महिला से 5 हजार रुपए मांगने का आरोप

**गोसाईगंज/लखनऊ।** गोसाईगंज क्षेत्र के कस्बा अमेठी स्थित विधुत उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी ने बिजली कनेक्शन के मामले में पांच हजार रुपए मांग रहा है।इस बात की शिकायत अमेठी कस्बा के मदरसा वार्ड निवासी रुखसाना खातून की ओर से ऊर्ज़ा मंत्री से की गई है। शिकायत पत्र के अनुसार स्थानीय उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी कन्हैयालाल ने रुखसाना से 9 अक्टूबर 2025 को घर पर बिजली कनेक्शन के नाम पर आठ हज़ार रुपये नगद और दो हज़ार रुपये ऑन लाइन ले लिए थे फिर भी उसका काम नहीं हो पाया था। महिला के अनुसार उसने काफ़ी प्रयास के बाद अपना बिजली कनेक्शन करा लिया । अब फिर लाइन मैंन उससे पाँच हज़ार रुपये देने का दबाव बना रहा है।पीड़ित महिला ने इस बात की शिकायत उत्तर प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री से की है।

## संविदा कर्मी पर लगा महिला से 5 हजार रुपए मांगने का आरोप

गोसाईगंज/लखनऊ। गोसाईगंज क्षेत्र के कस्बा अमेठी स्थित विधुत उपकेंद्र पर तैनात संविदाकर्मी ने बिजली कनेक्शन के मामले में पांच हजार रुपए मांग रहा है।इस बात की शिकायत अमेठी कस्बा के मदरसा वार्ड निवासी रुखसाना खातून की ओर से ऊर्ज़ा मंत्री से की गई है। शिकायत पत्र के अनुसार स्थानीय उपकेंद्र पर तैनात संविदा कर्मी कन्हैयालाल ने रुखसाना से 9 अक्टूबर 2025 को घर पर बिजली कनेक्शन के नाम पर आठ हज़ार रुपये नगद और दो हज़ार रुपये ऑन लाइन ले लिए थे फिर भी उसका काम नहीं हो पाया था। महिला के अनुसार उसने काफ़ी प्रयास के बाद अपना बिजली कनेक्शन करा लिया । अब फिर लाइन मैंन उससे पाँच हज़ार रुपये देने का दबाव बना रहा है।पीड़ित महिला ने इस बात की शिकायत उत्तर प्रदेश के ऊर्ज़ा मंत्री से की है।

# मेट्रो स्टेशन पर सुरक्षा जांच के दौरान यात्री के बैग से अवैध तमंचा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । राजधानी लखनऊ के थाना हजरतगंज क्षेत्र स्थित केडी सिंह बाबू मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के बैग से अवैध हथियार बरामद किया गया।

मेट्रो स्टेशन पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने सतर्कता दिखाते हुए समय रहते युवक को पकड़ लिया जिससे किसी बड़ी घटना की आशंका टल गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03 फरवरी 2026 को केडी सिंह बाबू मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 पर स्कैनर मशीन के पास यात्रियों की नियमित जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक युवक के बैग की तलाशी ली गई जिसमें 315 बोर का एक देसी तमंचा पाया गया। हथियार मिलते ही मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी।युवक की पहचान अक्षत कनौजिया (उम्र लगभग 20 वर्ष) पुत्र दिलीप कुमार कनौजिया निवासी वृंदावन कॉलोनी लखनऊ के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हजरतगंज विक्रम सिंह के नेतृत्व में चौकी इंचार्ज केडी सिंह बाबू स्टेडियम उपनिरीक्षक विशाल पांडेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक को हिरासत में ले लिया।स्टेशन कंट्रोलर के अनुसार यह बरामदगी नियमित सुरक्षा जांच के दौरान हुई है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक अवैध हथियार कहां से लाया और इसके पीछे क्या मंशा थी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# लखनऊ पटरी दुकानदारों के पक्ष में हाईकोर्ट से आया ऐतिहासिक फैसला

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी के अरविंदो पार्क पथ विक्रेता समिति याचिका पर अरविंदो पार्क इंदिरा नगर में उच्च न्यायालय द्वारा लखनऊ के पटरी दुकानदारों के पक्ष में आए ऐतिहासिक फैसले पर खुशी मनाते हुए एक दूसरे को मिठाई खिलाई गई। इस मौके पर उच्च न्यायालय अधिवक्ता शशि सौरभ तिवारी ने बताया की उच्च न्यायालय ने अमीनाबाद के पथ विक्रेताओ द्वारा योजित रीट याचिका के संबंध में 29 जनवरी को लखनऊ नगर निगम को आदेशित किया कि तीन माह के अंदर धारा 21 पथ विक्रेता अधिनियम के तहत वेंडिंग प्लान बनाए और उसे राज्य सरकार से स्वीकृत कराकर तत्काल लागू करे। तब तक वेंडिंग एवं नो वेंडिंग जोन का निर्धारण नहीं हो सकता। साथ ही न्यायालय ने आदेश किया, शहर के सभी पथ विक्रेताओ को पथ विक्रेता अधिनियम 3(3) का लाभ देते हुए किसी भी पथ विक्रेता को बेदखल नहीं कर सकता जब तक वेंडिंग प्लान स्वीकृत न हो जाए।

उच्च न्यायालय ने अधिनियम को लागू होने के 11 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात भी आज तक उसका अनुपालन नहीं किए जाने पर नगर निगम को फटकार भी लगाया। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पूर्व जिलाअध्यक्ष और अरविंदो पार्क पथ विक्रेता समिति के अध्यक्ष शंभूनाथ गुप्ता ने न्यायालय का धन्यवाद देते हुए कहा की नगर निगम के कर्मचारी आए दिन दुकानदारों को परेशान करते थे, न्यायालय ने उन पर अंकुश लगाया है। उम्मीद है आप सभी पटरी दुकानदारों को इस आदेश से राहत मिलेगा इसीलिए लोगों ने खुशी का इजहार किया है। समिति महामंत्री मोहम्मद बिलाल, उपाध्यक्ष हसन रजा उर्फ गुड्डू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अहमद रजा, कोषाध्यक्ष मोहम्मद कैफ, संगठन मंत्री मोहम्मद अमीर, मुकेश गुप्ता, राशिद, जाहिद सहित सैकड़ों लोगों ने न्यायालय आदेश की सराहना की है।

# नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से हो यूपी बोर्ड की परीक्षाएं

## एसटीएफ-एलआईयू के माध्यम से संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की हो विशेष निगरानी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मुख्य सचिव श्री एस.पी.गोयल की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं का आयोजन पूर्णतः नकलविहीन, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च के मध्य प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती घटनाओं के दृष्टिगत प्रदेश के 18 जनपदों आगरा, मथुरा, अलीगढ़, हाथरस, एटा, कासगंज, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, हरदोई, कन्नौज, आजमगढ़, बलिया, मऊ, जौनपुर, गाजीपुर, देवरिया एवं गोण्डा को संवेदनशील घोषित किया गया है तथा इन जनपदों में विशेष सतर्कता बरती जाए। अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों का प्रतिदिन दो बार निरीक्षण कराया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि सभी परीक्षा कक्षों एवं परिसरों में सीसीटीवी युक्त वॉयस रिकॉर्डर पूर्णतः क्रियाशील अवस्था में हों। राज्य स्तर एवं प्रत्येक जनपद स्तर पर कंट्रोल एवं मॉनीटरिंग सेंटर स्थापित हो जाएं। कंट्रोल रूम के लिए उपयुक्त एवं जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कार्मिकों का प्रशिक्षण समयबद्ध रूप से पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि एसटीएफ एवं एलआईयू के माध्यम से संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की विशेष निगरानी रखी जाए। परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र खोलने की समस्त कार्यवाही सीसीटीवी निगरानी में की जाए तथा यह विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए कि स्ट्रांग रूम से केवल सही प्रश्नपत्र की ही निकासी हो। स्ट्रांग रूम की रात्रिकालीन रैंडम चेकिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए। बाह्य नकल की रोकथाम के लिए संबंधित क्षेत्राधिकारी एवं थानाध्यक्ष द्वारा नियमित पेट्रोलिंग की जाए।

उन्होंने परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा समयानुसार बसों के नियमित संचालन एवं यथासंभव निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जाए तथा अनुचित मुद्रण, अफवाह फैलाने एवं परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्य सचिव ने बताया कि ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए दिनांक 01 फरवरी से 15 फरवरी तक प्रदेश के समस्त जनपदों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत लंबित चालान वाले वाहनों, ओवरलोड वाहनों तथा फर्जी, धुंधली अथवा गलत नंबर प्लेट लगाकर खनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उपखनिजों का परिवहन करने वाले सभी वाहनों पर जीपीएस डिवाइस अनिवार्य रूप से लगवाया जाए तथा संबंधित डिवाइस का विभागीय पोर्टल पर इंटीग्रेशन कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विभिन्न माध्यमों से प्राप्त होने वाली जनशिकायतों का स्थानीय स्तर पर त्वरित, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उच्च अधिकारियों के कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

# प्रदूषण नियंत्रण के लिए एआई का उपयोग करेगा यूपीपीसीबी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ यूपीपीसीबी व आईआईआईटी लखनऊ के बीच एमओयू

लखनऊ। यूपी में प्रदूषण नियंत्रण को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने आर्टिफिशल इंटेलीजेंस के उपयोग का निर्णय लिया है। यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस संकल्प के अनुरूप है, जिसके तहत शासन के प्रत्येक क्षेत्र में इक्रके सकारात्मक और प्रभावी उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

इस उद्देश्य से मंगलवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, लखनऊ के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत आईआईआईटी लखनऊ द्वारा एआई आधारित मॉनिटरिंग एवं एनालिटिक्स टूल विकसित किए जाएंगे। ये टूल वेब एवं पीटीजेड कैमरों की लाइव फीड, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट तथा उद्योगों से प्राप्त ऑनलाइन कंटीन्यूअस एमिशन/एफ्लुएंट मॉनिटरिंग सिस्टम के डेटा के साथ-साथ बायो-मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन से संबंधित सूचनाओं का विश्लेषण करेंगे। यह परियोजना तीन चरणों—परामर्श, कार्यान्वयन तथा कार्यान्वयन के बाद निगरानी में क्रियानवित की जाएगी। इससे प्रदूषण स्रोतों की रियल-टाइम निगरानी, नियमों के अनुपालन की जांच तथा त्वरित कार्रवाई को संभव बनाया जा सकेगा। एमओयू पर हस्ताक्षर यूपीपीसीबी के अध्यक्ष डॉ. आरपी सिंह व आईआईआईटी लखनऊ के निदेशक डॉ. अरुण मोहन शैरी की उपस्थिति में यूपीपीसीबी के सदस्य सचिव संजीव कुमार सिंह और आईआईआईटी लखनऊ के डॉ. दीपक कुमार सिंह द्वारा किए गए।

# वृद्धावस्था पेंशन घोटाला के सरगना बर्खास्त जिला समाज कल्याण अधिकारी की संपत्ति होगी कुर्क

❐ मार्च 2023 में जिला समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था पेंशन घोटाला उजागर हुआ था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। बुजुर्गों की पेंशन हड़पने वाले गिरोह के सरगना बर्खास्त जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार की संपत्ति कुर्क होगी। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने राजेश कुमार के साथ ही उसके बेटे और पत्नी के नाम दर्ज संपत्तियों को भी कुर्क करने का आदेश दिया है। संपत्ति की कुल कीमत चार करोड़ 49 लाख 24 हजार 948 रुपये है।

दरअसल, मार्च 2023 में जिला समाज कल्याण विभाग में वृद्धावस्था पेंशन घोटाला उजागर हुआ था। खाते बदलकर 2390 बुजुर्गों की पेंशन दूसरे खातों में भेज दी गई थी। दो करोड़ 52 लाख रुपये का घोटाला हुआ था। तत्कालीन जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश कुमार समेत नौ लोगों के खिलाफ थाना सदर बाजार में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसके बाद एक जून 2024 को थाना सदर बाजार पुलिस ने गिरोह के सरगना राजेश कुमार समेत सभी आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की थी। आज डीएम ने सरगना राजेश कुमार की चल-अचल संपत्तियों को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत कुर्क किए जाने का आदेश पारित किया है। कुर्क की गई संपत्तियों में एक महिंद्रा एसयूवी कार, एक महिंद्रा बोलेरो कार, बेटे के नाम दर्ज होंडा कार इलीवेट जेडएक्स है। इसके अलावा अचल संपत्ति में सीतापुर की तहसील सिधौली के गांव अटरिया में स्थित कृषि भूमि, उसकी पत्नी मंगीता सिंह के नाम लखनऊ के ग्राम पारा रिंग रोड स्थित एक 120.817 वर्गमीटर में निर्मित भवन और लखनऊ के काकोरी में गांव सरोसा भरोसा स्थित एक गेस्ट हाउस को कुर्क किया जाएगा। नौ नवंबर 2025 को राजेश कुमार को बर्खास्त कर दिया गया था। डीएम ने बताया कि जल्द कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

# एल्पिस ग्लोबल स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न

❐ मुख्यातिथि विद्यालय प्रबंधन निशित नारायण गोयल, मुदित सिंघल, अनुज सिंघल एवं उमंग राजवंशी नें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर। एल्पिस ग्लोबल स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव के समापन दिवस कार्यक्रम अत्यंत धूमधाम के साथ मनाया गया । तृतीय दिवसीय वार्षिकोत्सव में कक्षा 7 से 11 कक्षा के विद्यार्थियों नें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में पधारे समस्त लोगों का मन मोह लिया। तृतीय दिवसीय कार्यक्रम में मुख्यातिथि विद्यालय प्रबंधन निशित नारायण गोयल, मुदित सिंघल, अनुज सिंघल एवं उमंग राजवंशी नें दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शैक्षिक व व्यावहारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु अम्बरीन अफसर, अनस जमीर, बुशरा खान ( को -आर्डिनेटर ) ,अंकित मिश्र, , विशाल मिश्र, श्रीमती सुषमा गुप्ता, पंकज शुक्ल सौरभ यादव , राजवीर सिंह चौहान, शिम्मी खान, अर्शी खान जुनैद मुशीर, इकरा खान, राजेश कुमार द्विवेदी, विशाल कश्यप, शशांक यादव, सुजीत कुमार (हेड मेंटर्स) को सम्मानित किया गया तथा आवर्ष शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्रों को एवं कक्षा दसवीं, बारहवीं मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 21000,11000 रु की चेक देकर सम्मानित किया गया। 21000 रुपए के चेक प्राप्त करने वाले मेधावियों में अमरदीप, अनुभूति, अनुप्रेक्षा श्रीवास्तव, निशिता पांडेय, शौर्य मिश्रा एवं 11000 रु का चेक प्राप्त करने वालों में आकाश सिंह, दिव्यांश, अर्शदीप, शगुन, प्राची, रमशा, कज़ल, प्रतिष्ठा, इब्रा, वैष्णवी, नमीरह, पीयूष, जय, आशुतोष, माधुरी, शाद, अर्श, शांभवी, कुशाग्र, काशिफ, बेबी, आकृति, क्षितिज, शौर्य, आयुष, चक्रवर्ती, रोशन, आयशा, एशा, अपूर्वा प्रमुख रहे, इस क्रम में कुल 39 छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया मुख्यातिथि नें अत्यन्त प्रमुदित मन अपने वक्तव्य में कहा एल्पिस ग्लोबल विद्यालय छात्रों के सर्वांगीण विकास को लेकर सतत उन्नति की तरफ अग्रसर है। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी, श्री मुदित सिंघल व अनुज सिंघल नें किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा नें सभी विद्यार्थियों के प्रतिभा प्रर्दशन की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए उपस्थित सभी शिक्षकों ,अभिभावकों ,पत्रकार बंधुओं एवं कर्मचारियों को कार्यक्रम की सफलता हेतु आभार व्यक्त किया।

# 50 वर्ष पूर्ण होने पर रामचन्द्र मिशन में होगा कार्यक्रम

❐ डीएम ने लिया तेयारियों का जायजा, दिये आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। रामचंद्र मिशन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 फरवरी से 02 मार्च तक आश्रम में कार्यक्रम होगा। जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रामचन्द्र मिशन आश्रम का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड एवं डिवाइडर का कार्य कराया जाए। फायर सेफ्टी एवं विद्युत सेफ्टी की जांच कराई जाए। आरसी मिशन में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। आरओ टैंक के पानी की जांच कराई जाए। ट्रैफिक यातायात व्यवस्था के लिए अच्छे से प्लान तैयार करें। कहा कि रामवन्द्र मिशन में 10 फरवरी से 05 मार्च तक समारोह के समय 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें। समस्त व्यवस्थाएं 10 फरवरी तक पूर्ण ली कर जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने रोजा मंडी रोड स्थित अहमदपुर रेती में साफ- सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि रोड के पास का कीचड़ हटाकर साफ- सफाई कराई जाए तथा साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डॉ विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजन

रायबरेली। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मऊ शर्की के मतदेय बूथ 325, 326, 327, 328, 329 समेत पांच बूथों पर उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने मतदाताओं के दावे व आपत्तियों की सुनवाई की। अभियान के दौरान अनमैपिंग मतदाता सूची से संबंधित नोटिसों पर सुनवाई के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण बूथ पर पहुंचे। शाम चार बजे तक एसडीएम ने कुल 110 मतदाताओं के दावों और आपत्तियों की सुनवाई की। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। एसडीएम गौतम सिंह ने बताया 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाता प्रारुप 6 भरकर नाम जुड़वा लें। मृतक या पलायन कर चुके मतदाताओं के नाम कटवाने के लिए प्ररुप 7 व नाम/पता संशोधन, स्थानांतरण या दिव्यांग श्रेणी के चिन्हांकन के लिए प्रारुप 8 पर आवेदन करें। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि ''लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना अनिवार्य है।

# एसपी ने थाना मदनापुर में शिशु गृह व बाल मित्र केन्द्र का किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने थाना मदनापुर का वार्षिक निरीक्षण कर शिशु गृह एवं बाल मित्र केन्द्र का विधिवत शुभारम्भ किया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय की कार्यप्रणाली, अपराध व सामान्य अभिलेखों की अद्यावधिक स्थिति, लंबित एवं प्रचलित विवेचनाओं की प्रगति, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा प्रबंध, बैरक, मेस, आवासीय परिसर तथा जनसुनवाई व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की और महिला एवं बाल अपराध से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण, शिकायतों की समयबद्ध सुनवाई तथा पीड़ितों के प्रति संवेदनशील व्यवहार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने संबंधित को अनुशासन, समयपालन एवं कार्यकुशलता बनाए रखने के निर्देश देते हुए कहा कि थाना स्तर पर अभिलेखों का सही रखरखाव करें, विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण करें तथा आमजन के साथ शालीन एवं सहयोगात्मक व्यवहार करें। यही पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, नियमित गश्त, प्रभावी जनसंपर्क एवं अपराध नियंत्रण हेतु सतर्क दृष्टि बनाए रखने के निर्देश भी दिए। इसके बाद एसपी ने थाना परिसर में स्थापित शिशु गृह एवं बाल मित्र केन्द्र का शुभारम्भ किया और कहा कि बाल मित्र केन्द्र का उद्देश्य ड्यूटीरत महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों तथा थाने में आने वाले बच्चों को भयमुक्त, सुरक्षित, सहयोगी एवं सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने केन्द्र पर मौजूद छोटे बच्चों को चॉकलेट वितरित की। इस दौरान एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार, सीओ सदर प्रियांक जैन सहित थाना मदनापुर का स्टाफ मौजूद रहा।

# घटिया निर्माण पर जीरो टॉलरेंस, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कसी नकेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जिले में अब घटिया सड़कों का निर्माण करने वालों की खैर नहीं। नगर निकायों द्वारा कराए जा रहे सड़क, नाली और नाला निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ा प्रशासनिक निर्णय लिया है। लगातार मिल रही जनशिकायतों और मीडिया रिपोर्ट्स को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने सभी नगरीय निकायों में सतत और प्रभावी निगरानी व्यवस्था लागू कर दी है।

डीएम के निर्देश पर जिले की नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में कराए जाने वाले हॉट मिक्स प्लांट से डामरीकरण, सीसी सड़क निर्माण सहित सभी सिविल कार्यों की निगरानी के लिए प्रत्येक नगर निकाय में एक-एक सहायक अभियंता नामित किया जाएगा। यह अभियंता निर्माण कार्य शुरू होने से लेकर अंतिम परत बिछाने तक पूरे कार्य की स्थल पर मौजूद रहकर निगरानी करेंगे।विशेष रूप से हॉटमिक्स प्लांट से निकलने वाले डामर/बिटुमिन, सीसी सड़कों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता, मानकों का पालन और सड़क बिछाने की पूरी प्रक्रिया पर सहायक अभियंता की सीधी नजर रहेगी। सामग्री तैयार होने के स्थल से लेकर कार्यस्थल तक हर चरण की जांच अनिवार्य की गई है। किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता या मानकों की अनदेखी पाए जाने पर तत्काल और कठोर कार्रवाई की जाएगी।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट कहा है कि जनसामान्य के आवागमन को सुगम बनाने वाले विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। लापरवाही, मनमानी या ठेकेदारों से मिलीभगत सामने आने पर संबंधित अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के खिलाफ कड़ी विभागीय और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंताओं (निर्माण खंड-1, निर्माण खंड-3 एवं प्रांतीय खंड) को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों के सभी नगरीय निकायों के लिए नामित सहायक अभियंताओं की जानकारी तत्काल उपलब्ध कराएं, जिससे नई निगरानी व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू हो सके।इस सख्त फैसले के बाद जिले में घटिया निर्माण कार्यों पर लगाम लगने और आम जनता को बेहतर व टिकाऊ सड़कें मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# सड़क हादसे में युवक की मौत महिला समेत दो गंभीर घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। जनपद के थाना मैलानी क्षेत्र अंतर्गत संसारपुर चौकी के पास मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-730 (खुटार रोड) पर संसारपुर और नौवाखेड़ा के बीच कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार युवक और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसे में मृतक की पहचान विवेक के रूप में हुई है। वहीं उसका साथी राहुल और साथ मौजूद महिला गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। तीनों ग्राम सिंहपुर, थाना खुटार, जनपद शाहजहांपुर के निवासी बताए गए हैं।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे के बाद कार सवार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया।सूचना मिलते ही संसारपुर चौकी पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को एंबुलेंस द्वारा नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं मृतक विवेक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया है और फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। मामले में तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है, वहीं हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित रहा।

## ग्राम पंचायत केसरा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का खण्ड विकास अधिकारी ने किया उद्घाटन



**मछरेहटा, सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद सीतापुर के मछरेहटा विकास खंड अंतर्गत केसरा ग्राम पंचायत में नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) मछरेहटा राजेश तिवारी जी के करकमलों द्वारा किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर, सीडीपीओ, प्रधान प्रतिनिधि सहित विद्यालय के बच्चे व ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।इस अवसर पर बीडीओ राजेश तिवारी जी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास की नींव रखते हैं। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक बच्चे और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बेहतर पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाएं मिलें। नवनिर्मित भवन से अब बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण में शिक्षा व पोषण की सुविधा उपलब्ध होगी।उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने दायित्वों का ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करें तथा सरकार की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाएं।कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और आंगनबाड़ी केंद्र के सुचारु संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## मेडिकल कालेज की छत से गिरकर मरीज की संदिग्ध मौत

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजकीय मेडिकल कॉलेज की दूसरी मंजिल से गिरकर एक मरीज की संदिग्ध मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार, जनपद सीतापुर के थाना महोली क्षेत्र के रहने वाले 25 वर्षीय अनुज कुमार टीबी के मरीज थे। करीब 10 दिन पहले तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। यहां टीबी वार्ड में उसका इलाज चल रहा था। परिजनों ने बताया कि रात करीब 11:30 बजे अनुज सबकी नजर बचाकर वार्ड से बाहर निकला और दूसरी मंजिल से नीचे छलांग लगा दी। आवाज सुनकर लोगों ने देखा कि अनुज शव पड़ा था। उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस के अनुसार, अनुज ने बीमारी से तंग आकर आत्मघाती कदम उठाया है। सीसीटीवी फुटेज भी देखी है। जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अनुज की मौत पर उसके परिजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

# विश्व कैंसर दिवस पर सीएचसी पलिया में जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 फरवरी 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया में कैंसर रोगों से बचाव एवं जागरूकता को लेकर एक विशाल गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक करना एवं समय पर जांच व उपचार के महत्व को समझाना रहा।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रख्यात चिकित्सक डॉ. अजीत सिंह (एम.डी.) ने कहा कि कैंसर से डरने की आवश्यकता नहीं है। यदि समय-समय पर जांच कराई जाए तो कैंसर की पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो सकती है और इलाज संभव है। उन्होंने कहा कि जागरूकता और संयमित जीवनशैली अपनाकर कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव किया जा सकता है।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भरत सिंह ने कैंसर के प्रमुख कारणों पर प्रकाश डालते हुए तंबाकू, गुटखा, खैनी, पान मसाला, धूम्रपान और शराब से दूर रहने की अपील की। साथ ही उन्होंने मुंह की साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। यौन संचारित कैंसर रोगों से बचाव के लिए उन्होंने एक से अधिक यौन साथियों से दूरी बनाए रखने को आवश्यक बताया।गोष्ठी के दौरान बच्चों एवं बड़ों को मुंह का कैंसर, गुप्तांगों से संबंधित कैंसर, मुंह खोलने में कठिनाई, बच्चेदानी का कैंसर तथा पुरुषों व महिलाओं से जुड़े विभिन्न कैंसर रोगों के लक्षण, बचाव और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र सिंह, डॉ. मोहित तिवारी, डॉ. सुभाष राणा, डॉ. सरताज, डीपीएम पंकज अस्थाना, वरिष्ठ लेखाकार गुलशीद खान सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विकास के नाम पर अरबों की योजनाओं का गायब खेल, जिम्मेदार मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। लखीमपुर खीरी के ब्लॉक रमियाबेहड़ अंतर्गत स्थित ऐतिहासिक गांव लखाही आज केवल बदहाली की नहीं, बल्कि व्यवस्थित भ्रष्टाचार की जीती-जागती मिसाल बन चुका है।

यह गांव सरकार के विकास दावों पर सीधा तमाचा है और जिम्मेदार महकमों के लिए शर्मनाक चार्जशीट।हैरान करने वाली हकीकत यह है कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी गांव में जल निकासी के लिए एक भी पक्की नाली मौजूद नहीं है, जबकि हर पंचवर्षीय योजना, हर वित्तीय वर्ष में नाली, सड़क और स्वच्छता के नाम पर भारी भरकम बजट पास किया जाता रहा है। सवाल सीधा है– अगर काम नहीं हुआ, तो पैसा गया कहां?बरसात के दिनों में पूरा गांव गंदे पानी और कीचड़ में डूब जाता है, संक्रामक बीमारियों का खतरा बना रहता है, लेकिन स्वास्थ्य, पंचायती राज और विकास विभाग तीनों की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।गांव की सड़कें नहीं बल्कि घोटालों से भरे गड्ढों की फ़ेहरिस्त हैं। कई रास्ते बरसात में तालाब का रूप ले लेते हैं, जिनकी दशकों से न मरम्मत हुई, न दोबारा निर्माण। बावजूद इसके हर साल फाइलों में सड़कें ्रपूर्णङ्क दिखाई जाती हैं। क्या यह फर्जी रिपोर्टिंग नहीं?क्या यह सरकारी धन की खुली लूट नहीं?ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने ब्लॉक, तहसील और जिला स्तर तक अनगिनत शिकायतें कीं, लेकिन हर बार शिकायतें या तो दबा दी गईं या ठंडे बस्ते में डाल दी गईं। न कोई स्थलीय निरीक्षण, न कोई जांच–सिर्फ कागजों में विकास और ज़मीनी स्तर पर शून्य काम।यह स्थिति अब महज़ लापरवाही नहीं कही जा सकती। यह पूर्व नियोजित भ्रष्टाचार, मिलीभगत और सत्ता के संरक्षण में चल रहे खेल की ओर इशारा करती है। सवाल यह भी है कि क्या बिना उच्चस्तरीय संरक्षण के यह सब संभव है? क्या ब्लॉक से लेकर जिला स्तर तक पूरा सिस्टम इसमें शामिल है?अब यह मामला केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि जांच एजेंसियों की साख का भी है। क्या विजिलेंस और आर्थिक अपराध शाखा इस पूरे प्रकरण की स्वतंत्र जांच करेगी? क्या पिछले 20S25 वर्षों की विकास योजनाओं का सोशल ऑडिट और फॉरेंसिक ऑडिट होगा? क्या दोषी अधिकारियों, ठेकेदारों और जनप्रतिनिधियों पर एफआईआर दर्ज होगी?अगर अब भी जांच नहीं हुई, तो यह मान लिया जाएगा कि भ्रष्टाचार सिर्फ गांव में नहीं, बल्कि सिस्टम की जड़ों में बैठ चुका है–और लखाही उसका सबसे बड़ा सबूत है।ग्रामीणों की चेतावनी साफ है–अब विकास नहीं, जवाब चाहिए।अब वादे नहीं, कार्रवाई चाहिए।

## जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं हेल्थवेलनेस सेंटर, वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज स्वास्थ्य उपकेन्द्र एवं हेल्थवेलनेस सेंटर ग्राम गुरईपुर, विकास खण्ड परसेण्डी में संचालित वी0एच0एस0एन0डी0 सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के जिलाधिकारी ने सी0एच0ओ0 अर्चना से वार्ता करते हुये जानकारी प्राप्त की। ए0एन0एम0 अनुपमा ससमय अनुपस्थित मिलने पर 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। ए0एन0एम0 की वैक्सीनेशन किट, ड्यू रजिस्टर, एच0आर0पी0 रजिस्टर, हीमोग्लोबिन मीटर को देखा। जिलाधिकारी ने मरीजों के रजिस्टर का भी अवलोकन किया एवं दूरभाष के माध्यम से मरीज का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने समस्त व्यवस्थाएं सही न मिलने पर सी0एच0ओ0 की 05 प्रतिशत की वेतन कटौती एवं बी0सी0पी0एम0 पूनम वर्मा का 15 दिन का वेतन काटने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। आशा बबली एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री राजलली देवी के समय से उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की एवं गर्भवती महिलाओं के रजिस्टर का भी गहनतापूर्वक अवलोकन किया। सी0डी0पी0ओ0 से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये अव्यवस्थाओं के दृष्टिगत कड़ी फटकार जिलाधिकारी ने लगायी। आशा की अपडेट ड्यू लिस्ट का अवलोकन करने के साथ ही जिलाधिकारी ने गर्भवती महिला से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करते हुये फीडबैक गलत मिलने पर आशा दीदी को कड़ी फटकार लगाते हुये संबंधित को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एम्स रायबरेली में 'विश्व कैंसर दिवस' पर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विश्व कैंसर दिवसङ्क के अवसर पर एम्स रायबरेली के रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग द्वारा आम लोगों में कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक ्रकैंसर जागरूकता कार्यक्रमङ्क आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कैंसर के मरीज़ और उनके तीमारदार शामिल हुए। उन्हें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा कैंसर के सामान्य लक्षणों के बारे में जागरूक किया गया। भाग लेने वाले विशेषज्ञ पैनल में डॉ. दीपक राजपूत, एडिशनल प्रोफ़ेसर, जनरल सर्जरी विभाग, डॉ. वंदना वर्मा, एडिशनल प्रोफ़ेसर, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग, डॉ. अनन्या सोनी, एडिशनल प्रोफ़ेसर, नाक कान एवं कला विभाग, डॉ. सुयश सिंह, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, और हेड न्यूरोसर्जरी, डॉ. गौरव त्रिवेदी, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी, डीएमएस – डॉ. केडी सिंह, और डॉ. अरुणप्रीत कौर, और डॉ. मिलनदीप, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर इमरजेंसी विभाग ने सहभागिता की।

# महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनीं शिकायतें

महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने के लिए दिये निर्देश




कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। उप्र राज्य महिला आयोग की सदस्य पुनम द्विवेदी ने आज जिला पंचायत सभागार में महिला उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की।

बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार आदि संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। महिला जन सुनवाई के दौरान 13 शिकायत प्राप्त हुई जिन्हें शीघ्र निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क विधिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। महिला आयोग सदस्य ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करना राज्य महिला आयोग की प्राथमिकता है और किसी भी पीड़िता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत महिला आयोग सदस्य द्वारा उपस्थित लोगों को ''बाल विवाह मुक्त भारत'' अभियान की शपथ दिलाई गई तथा महिला कल्याण विभाग से हब फॉर इंपॉवरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है यदि ऐसा आपके आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर एवं महिलाओं से सम्बन्धित पति की मृत्यु निराश्रित महिला पेंशन योजना, 181-महिला हेल्पलाईन, उप्र रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबेर्दुरहमान, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महिमा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अधिकारियों सहित हब फार इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन टीम से जिला मिशन समन्वयक शेफाली सिंह, जेन्डर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्मैक के साथ बरेली के चार मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार




कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में थाना जैतीपुर पुलिस ने गश्त के दौरान फतेहगंज पूर्वी से दातागंज जाने वाले रास्ते पर ग्राम मरुआझाला मन्दिर के पास स्कूटी और बाइक सवार चार मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया।

जिनके कब्जे से पुलिस टीम ने करीब 100 ग्राम स्मैक बरामद की। पकड़े गए तस्कर जनपद बरेली के थाना प्रेमनगर क्षेत्र के ब्रह्मपुरा निवासी अशगर अली पुत्र अकबर अली, इसी थाना क्षेत्र के मोहल्ला शाहबाद निवासी उमर पुत्र अनीश, अलतमश पुत्र शहीद अहमद और थाना बारादरी के पुराना शहर निवासी महफूज उर्फ अयान पुत्र मसूद अहमद हैं। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वो लोग कई दिनों से मादक पदार्थों की तस्करी करते हैं। बरामद स्मैक वो लोग बरेली जिले के थाना हाफिजगंज क्षेत्र के लभेड़ा निवासी सद्दाम और सोहेल उर्फ गंठा तथा शाहजहांपुर के थाना कटरा क्षेत्र के मोहल्ला बंगशान निवासी हनीफ से लेकर आए थे। इस स्मैक को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने पर उन्हें रूपया मिलता। जिससे वो लोग अपने घर का खर्चा चलाते। बताया कि इससे पहले भी वो इन्हीं लोगों से मादक पदार्थ लेकर बिक्री कर चुके हैं। फिलहाल, पुलिस ने चारों अभियुक्तों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना जैतीपुर के उपनिरीक्षक इतेश तोमर के साथ हेड कांस्टेवल अजय राना और तैय्यब अली आदि मौजूद रहे।

# खानकाह शमसिया ने दिव्यांगों को बांटे वस्त्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलहर/शाहजहांपुर। शबे-बरात के मुकद्दस अवसर पर खानकाह शमसिया तिलहर की ओर से इंसानियत और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश की गई। इस मौके पर खानकाह शमसिया के तत्वावधान में दो दर्जन से अधिक दिव्यांगजनों को वस्त्र वितरित किए गए। खास बात यह रही कि यह सहायता सभी धर्मों के दिव्यांग जरूरतमंदों को दी गई, जिससे गंगा-जमुनी तहजीब और सामाजिक समरसता का सुंदर संदेश मिला। कार्यक्रम के दौरान खानकाह शमसिया के इकबाल हुसैन उर्फ फूलमियां ने कहा कि शबे-बरात केवल इबादत और दुआ का ही नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद और इंसानियत की खिदमत का भी पैगाम देती है। इसी भावना के तहत दिव्यांगजनों को सम्मानपूर्वक वस्त्र प्रदान किए गए। वस्त्र वितरण कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने खानकाह शमसिया की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं और जरूरतमंदों को सहारा देते हैं। वस्त्र पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस मौके पर चांद साबरी, वकार, शहर इमाम शद्दन मियां, शौकत अली, व्यापारी नेता सौरभ गुप्ता रवि, मोहम्मद आसिफ फरीदी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सैकड़ों मरीज निशुल्क थेरेपी से हुए पूर्ण स्वस्थ: सर्वेश तिवारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं के बीच सेराजेम स्वास्थ्य केंद्र आमजन के लिए एक वरदान साबित हो रहा है। यहां अत्याधुनिक मशीनों के माध्यम से लोगों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की जा रही है।

सेराजेम के प्रबंध निदेशक सर्वेश तिवारी ने बताया कि संस्था का उद्देश्य समाज के हर वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। सर्वेश तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सेराजेम में ऐसी आधुनिक मशीनें स्थापित की गई हैं, जिनके माध्यम से ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन, बॉडी फैट, मसल मास, हड्डियों की स्थिति सहित शरीर से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त की जाती हैं। इन जांचों के आधार पर व्यक्ति अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य को लेकर सही निर्णय ले सकता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं, जिसका परिणाम गंभीर बीमारियों के रूप में सामने आता है। सेराजेम में की जाने वाली नियमित जांच से बीमारियों की प्रारंभिक अवस्था में पहचान संभव है, जिससे समय रहते उपचार किया जा सके। प्रबंध निदेशक ने आमजन से अपील की कि वे सेराजेम पहुंचकर इन निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि सेराजेम भविष्य में और अधिक स्वास्थ्य सेवाएं जोड़ने की दिशा में कार्य कर रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके।

## वंशीधर मेमोरियल अकादमी में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

बदायूँ । उझानी क्षेत्र के पंडित वंशीधर मेमोरियल अकादमी में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा नगराध्यक्ष सचिन अग्रवाल (बंटी) ने रिबन काटकर किया। प्रथम दिन गोला फेंक एवं चक्का फेंक प्रतियोगिताएंआयोजित हुईं, जिनमें कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं में गुलसबा, अक्षरा, महक, अमन, कृष्ण गोपाल, कनक व अंशी शर्मा सहित कई छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत बालिकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**सम्भल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी के दिशानिर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत आज दिनांक 4.2.2026 को ग्राम आटा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कस्तूरबा बालिका विद्यालय सरथल खेड़ा, विनोबा भावे विद्यालय की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे कि वह विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें, प्रशिक्षक सुरेश कुमार, पूर्वी व संतराम, ब्रजेश व रितेश ने छात्राओं व लेग राइज, फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, साइड किक, साइड ब्लॉक्स व पंच आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राएं सेल्फ डिफेंस सीखने के लिए काफी उत्साहित हैं, तथा रोजाना अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो रही हैं आत्मरक्षा के प्रशिक्षण से छात्राओं ने बताया कि अब वो खुद को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत महसूस कर रही हैं।जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है द्य छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं यथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया, जिससे बालिकाओं/ महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिण अनुकृति शर्मा क्षेत्रधिकारी डॉ प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक चंदौसी परामर्श केंद्र प्रभारी डाध रुकम पाल सिंह की देखरेख में गौशाला रोड पिंक चौकी चंदौसी में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ रूकम पाल सिंह के द्वारा काउंसलरों के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास काउंसलरद्वारा किया गया जहां कुल 16पत्रावली सुनकर 8पत्रावली का निस्तारण किया गया 4 परिवार को मिलाया गया और 2 पत्रावली पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारणबंद की गई दो पत्रावली पर विधिक कार्रवाई की संतति की गई इस अवसर पर काउंसलर श्वेता गुप्ता पूनम अरोरा सब इंस्पेक्टर महेश गंगवार हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## संयुक्त कृषि निदेशक का पुस्तक एवं अंग वस्त्र से देकर स्वागत

**संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मंडल मुरादाबाद द्वारा जनपद संभल में भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा सर द्वारा संयुक्त कृषि निदेशक का पुस्तक एवं अंग वस्त्र से स्वागत किया गया संयुक्त कृषि निदेशक द्वारा राजकीय केंद्रीय कृषि रक्षा भंडार का निरीक्षण किया गया तथा कृषि रक्षा इकाई बहजोई में किसानों को लाइट ट्रैप का वितरण किया गया बहजोई गांव के श्री रामकृष्ण पाल, लक्ष्मी नारायण, कृष्ण सिंह, जसपाल तथा अन्य कृषक के गेहूं सामान्य बीज वितरण तथा सरसों प्रदर्शन का प्रक्षेत्र भ्रमण किया गया तथा किसानों से फसल एवं योजना के बारे में के बारे में जानकारी ली गई तथा कार्मिकों को निर्देशित किया गया ग्राम धनारी पट्टी में खेत तालाब का भी निरीक्षण किया गया।

## विद्यालय में एकदिवसीय वार्षिक अवलोकन संपन्न

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उझानी क्षेत्र के संतोष कुमारी श्रवण कुमार अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में प्रान्तीय योजना के तहत एकदिवसीय वार्षिक अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रान्तीय पर्यवेक्षक अनुज कुमार सक्सेना एवं विकास कुमार शर्मा ने विद्यालय का समग्र निरीक्षण किया। पर्यवेक्षकों ने कक्षा शिक्षण व्यवस्था, प्रयोगशालाओं, विद्यालय प्रांगण एवं कार्यालय आदि का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वंदना सत्र में प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया, वहीं प्रबंधक रतन कुमार जिंदल ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान अनुज कुमार सक्सेना ने विद्यालय की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं की सराहना की तथा छात्रों को अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में 427 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**उझानी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में नगर के 427 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में योगदान देने वाले विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। भौतिकवाद के युग में संस्कृति से जोड़ने पर जोर कार्यक्रम में संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि आज के भौतिकवादी दौर में बच्चों को अपनी संस्कृति, परंपराओं और नैतिक मूल्यों से जोड़ना बेहद जरूरी है। इस अवसर पर कई शिक्षकों व गायत्री परिजनों की मौजूदगी रही।

## पूर्व छात्र आफाक अंसारी का बीएसएफ में चयन, विद्यालय में हुआ सम्मान

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता** । उझानी क्षेत्र के ग्राम बसौमा स्थित रजत विद्या मंदिर बसौमा के पूर्व छात्र आफाक अंसारी के बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) में चयन होने पर विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। आफाक अंसारी पुत्र अली मुहम्मद, कोतवाली क्षेत्र के गांव गठोना के निवासी हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आफाक को आमंत्रित कर फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शिवकुमार गुप्ता एवं निदेशक इंजीनियर रजत गुप्ता मौजूद रहे।
निदेशकइंजीनियर रजत गुप्ता ने कहा कि आफाक प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से न केवल उनके माता- पिता बल्कि पूरा विद्यालय परिवार गौरवान्वित है। समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन की ओर से आफाक अंसारी को स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं।

## राजकीय कॉलेज में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न

**बदायूँ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, चौडेरा बदायूँ में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम चौडेरा की प्रधान श्रीमती सुधा देवी एवं स्थानीय युवा नेता श्री मनोज जी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री के. पी. सिंह, पूर्व प्राचार्य राजकीय उच्च विद्यालय कादरबारी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री नमो नारायण शंखधार द्वारा माँ सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं तथा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर उत्सवमय वातावरण से सराबोर रहा।

# भाकियू भानु का धरना-प्रदर्शन, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बदायूं स्थित मालवीय आवास गृह पर धरना-प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कुड़ा नरसिंहपुर ग्राम के पास हाईवे पर बने गड्ढों की समस्या तथा दातागंज तहसील में किसानों के शोषण के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष अतुल तोमर ने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने तीन दिन के भीतर दोनों समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया, जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने धरना समाप्त कर दिया। धरना-प्रदर्शन में जिला संगठन मंत्री अनिल ठाकुर, जिला महासचिव विकेश ठाकुर, सुरजीत तोमर, गौरव तोमर, हंसराज, भूरे अहमद, मोमिन, श्रीपाल यादव, हार्नेस यादव, नेत्रपाल यादव, राजीव शर्मा, संदीप यादव, रामस्वरूप राणा, सचिन, कमरुद्दीन, मनोज सोलंकी, अमर सिंह, प्रमोद कुमार, राघवेंद्र, बालजीत सहित अन्य पदाधिकारी एवं किसान मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर 22वें विशाल भंडारे का आयोजन 13 से 15 फरवरी तक होगा

बदायूँ। बिल्सी नगर के मोहल्ला नंबर 6 स्थित श्री संकट मोचन दरबार के तत्वाधान में महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिव भक्त कांवड़ियों की सेवा हेतु 22वें विशाल कांवड़ सेवार्थ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन 13 फरवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 प्रातः तक संपन्न होगा। आयोजन को लेकर दरबार की ओर से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। बालाजी दरबार के महंत राजेश शंकर जाजू ने बताया कि कार्यक्रम बाईपास स्थित रंजना प्रयाग, प्रेम कुंज के निकट आयोजित किया जाएगा। आयोजन स्थल पर कांवड़ लेकर आने वाले शिव भक्तों के लिए कांवड़ जल अर्पण, रात्रि विश्राम तथा अल्पाहार की समुचित व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थल को आकर्षक झांकियों और रंग-बिरंगी लाइटिंग से सजाया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक एवं दिव्य वातावरण का अनुभव हो सके। साथ ही नगर एवं क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने सूनीं महिलाओं की शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। आज सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग अवनी सिंह का जनपद सम्भल भ्रमण कार्यक्रम हुआ। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह जी की अध्यक्षता में जनपद सम्भल में महिला उत्पीड़न की रोकथाम,एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं जनसुनवाई पूर्वाहन 11 बजे पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस सम्भल में की गयी।

सदस्य द्वारा जमीनी विवाद, आवास, पेंशन आदि से संबंधित समस्याओं को सुना तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मा. सदस्य ने कहा कि आजकल महिलाएं घर एवं बाहर दोनों जगह जिम्मेदारी से अपनी भूमिका का निर्वाहन कर रही हैं। बाल विवाह न हो उस पर विशेष ध्यान रखा जाए। कम उम्र में शादी होने पर बच्चा एवं महिला के स्वास्थ्य पर गलत असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान देना चाहिए अगर लड़की शिक्षित होगी तो वह शादी के बाद अपने बच्चों को पढा सकती है तथा वह आत्मनिर्भर भी बन सकती है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री अच्छा कार्य कर रही हैं आगे भी सक्रियता के साथ कार्य करें। आंगनबाड़ी कार्यकत्री की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर होने वाले कार्यों तथा योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी। आईसीडीएस विभाग के अन्तर्गत माननीय सदस्य द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा बच्चों को अन्न प्राशन कराया गया। इस अवसर पर डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार,सीडीपीओ रचना यादव, एवं महिला थानाध्यक्ष रेनू सिंह एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चंदापुर में नवनिर्मित 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार से ओपीडी सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। क्षेत्र के चंदापुर और आसपास के दर्जनों गांवों के निवासियों के लिए राहत भरी खबर है। चंदापुर में नवनिर्मित 30 बेड वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार से ओपीडी सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। महराजगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय ने विधि-विधान से हवन-पूजन कर स्वास्थ्य सेवाओं की शुरुआत की।अस्पताल खुलने के पहले दिन चंदापुर के बृजलाल उपचार कराने वाले पहले मरीज बने। उद्घाटन के दिन कुल 30 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाएं वितरित की गई। चंदापुर में लंबे समय से साप्ताहिक बाजार लगती है, जहां दो दर्जन से अधिक गांवों के लोग आते हैं। अस्पताल शुरू होने पर स्थानीय नागरिक सुरेंद्र शर्मा, अशोक सिंह और उपेंद्र ने खुशी जताते हुए कहा कि अब उन्हें छोटे-मोटे इलाज के लिए महराजगंज भागना नहीं पड़ेगा। इससे न केवल समय बचेगा बल्कि आपातकालीन स्थिति में मरीजों को तुरंत राहत मिल सकेगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पांडेय ने बताया कि सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा के निर्देशों के क्रम में सेवाएं बहाल की गई हैं। अस्पताल के संचालन के लिए स्टाफ की तैनाती भी कर दी गई है। फार्मासिस्ट हरिश्चंद्र तिवारी, वार्ड ब्वॉय सुमित कुमार और चौकीदार राम सुमिरन की परमानेंट ड्यूटी लगाई गई है। जब तक नए डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं हो जाती, तब तक महराजगंज सीएचसी के डॉक्टर रोटेशन के आधार पर सेवाएं देंगे। जिसके लिए। डॉ.पीयूष, डॉ. संजय राय और डॉ. कुशा मलिक को सप्ताह में एक-एक दिन ओपीडी चलाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को लेकर माहौल गर्म

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रायबरेली। भले ही सरकार द्वारा अभी ग्राम पंचायत चुनावों की तिथियों की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में चुनाव को लेकर माहौल गर्म होता जा रहा है। गांव-गांव में संभावित प्रत्याशियों और उनके समर्थकों द्वारा जनसंपर्क व विकास से जुड़ी गतिविधियां तेज कर दी गई हैं।

इसी क्रम में महराजगंज क्षेत्र के सिकंदरपुर ग्राम सभा में भी चुनावी सरगर्मियां स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही हैं। आपको बता दें कि, बीते सोमवार को सिकंदरपुर ग्राम सभा में ग्रामीणों को डिजिटल सुविधा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। गांव में जियो एयर फाइबर के माध्यम से हाई-स्पीड वाई-फाई इंटरनेट सेवा की शुरुआत की गई, जिससे युवाओं और स्कूली बच्चों को सीधा लाभ मिल रहा है। विशेष रूप से ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे छात्रों के लिए यह सुविधा काफी उपयोगी साबित हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि, अब बच्चों को पढ़ाई के लिए दूर जाने या नेटवर्क की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। इस अवसर पर बाबा राम केवल अनशनकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, सिकंदरपुर गांव में एक एयर फाइबर कनेक्शन स्थापित किया गया है, जबकि महाबलगंज गांव में दो, सुख्खा का पूरवा और समरहा गांव में एक-एक एयर फाइबर कनेक्शन लगाए जाने की योजना है। इसके लिए संबंधित कंपनी से बातचीत पूरी हो चुकी है और जल्द ही सभी चिन्हित गांवों में हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि, गांवों को इंटरनेट से जोड़ने का मुख्य उद्देश्य डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देना है, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी शहरी छात्रों की तरह ऑनलाइन शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और डिजिटल संसाधनों का लाभ उठा सकें। इसके साथ ही युवाओं को ऑनलाइन सेवाओं, सरकारी पोर्टलों और रोजगार से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने में भी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों का कहना है कि, इस तरह की पहल से गांव में विकास की गति तेज होगी और डिजिटल इंडिया अभियान को भी मजबूती मिलेगी।

# पुलिस की बिगड़ी छवि और जनता में डर

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। अंग्रेजो के जमाने में किशोर, युवा यानी आजादी के बाद के अधेड़ बुजुर्गों का अनुभव सिद्ध कथन अकसर बातों में आ जाता है कि अंग्रेजों के शासन में एक कांस्टेबल से पूरा गांव डरता था,लेकिन आज आजादी के बाद भी पूरी पुलिस फोर्स को एक मोहल्ला पानी पिला देता है। इसकी वजहों में प्रमुख रूप से भ्रष्टाचार है जो कि ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर तक सभी विभागों में फैला है।इसी कारण अपराध बढ़ते जा रहे हैं। इन अपराधों को बढ़ावा देने के जिम्मेदार अपरोक्ष रूप से खादी के सफ़ेद पोश

और खुद पुलिस भी जिम्मेदार है। इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं कि जिले में जितने थाने पुलिस उससे दोगुना अपराध हों रहा है। पहले जिन मोहल्लों में अपराध नहीं होते थे, कम होते थे वहां अगर कोई पुलिस चौकी या थाना स्था पित हुआ कि अपराधों के प्रतिशत में भी इजा फा होने लगा है। पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए होती है।लेकिन जो पुलिस खुद ही असुर क्षित हो वो जनता की सुरक्षा कैसे कर सकती है। क्योंकि पुलिस की असुरक्षा का सबसे बड़ा कारण भी भ्रष्टाचार है।भ्रष्टाचार की बदौलत ही आज अपराधी पुलिस से नहीं डरते और भ्रष्टा चार की बदौलत ही पुलिस बेगुनाहों को फंसाती है,बेरोजगारी



दिन-ब-दिन सुरसा की मानिंद है। ऐसे में किसी सरकारी विभाग में चपरासी की नौकरी भी कम से कम दो लाख से पांच लाख तक में मिलती है। फिर पुलिस विभाग की बात अलग है। कई पुलिस कर्मी ऐसे होंगे जिन्होंने अपना मकान,खेत,जमा पूंजी तक गिरवी या बेचकर नौकरी पाई होगी। अब इस पूंजी की वापसी के लिए उन्हें सफ़ेद पोश

खादी और अपराधियों से तो मिलकर चलना होगा।किसी न किसी तरह से ऊपरी कमाई तो करना होगी। अपराध भले ही होते रहें, जेब तो गरम करना होगी,आपने तो एक इंडियन फिल्म देखी होगी,इंडियन फिल्म में सन्नी देओल ने ए क जगह पुलिस की मीटिंग वाले दृश्य में कहा है कि जनता पुलिस से क्यों डरती है।सही कहा है और पुलिस वाले भी ये फिल्म देखते होंगे तो पता नहीं क्या सोचते होंगे।

### वसूली का धंधा

गुंडे बदमाशों द्वारा की जाने वाली वसूली का धंधा आजकल पुलिस वाले करने लगे हैं, ऐसा जनता का मानना है। ये वसूली डायरेक्ट नहीं की जाती है।मोहल्ले में अपराधियों को पकड़ाने का कहा जाता है। एक मोहल्ले में दो अपराधी हैं तो दोनों एक-दूसरे को पकड़ाने की फिराक में रहते हैं और दोनों से फायदा पुलिस उठाती है।

### त्योहारी तैयारी होली

होली का त्योहार आने वाला है अन्य सरकारी विभागों की भांति पुलिस विभाग में भी त्योहारी तैयारी होगी।किस धारा में कितनों को धरना है।कितनी ऊपरी कमाई करना है,अपरोक्ष टार गेट ऊपर से नीचे तक आ जाएगा।दादा-पहलवानों, दो नंबर वालों आदि को पहले ही सूचित कर दिया जाएगा भेंट-पूजा के लिए।

### नकली गवाह और सबूत

अगर किसी को तगड़ा ही फंसाना है तो पुलिस के पास गवाह और सबूत ऑलरेडी तैयार रहते हैं।ये नकली गवाह और सबूत कोर्ट में पेश कर दिए जाते हैं।चूंकि कानून की आंख में पट्टी होने से इन झूठे गवाह, सबूतों की बदौलत कभी-क भी छोटा अपराधी भी बड़ी तगड़ी का शिकार हो जाता है,अगर कोई आम नागरिक सब्जी का काटने का चाकू भी बाजार से खरीदकर घर ले जाए तो उसे दस बार सोचना पड़ेगा।लेकिन गुंडे बदमाशों के पास चाकू छोड़िए रिवाल्वर या कट्टे तक आराम से रखे रहते हैं और ये भाई लोग भी पुलिस वालों के साथ हथियार लिए हुए चाय-नाश्ता करते हैं, जनता का ऐसा मानना है।

### जनता में डर और आक्रोश

जनता में पुलिस के प्रति इतना आक्रोश और डर इसलिए है कि पुलिस वाले अपराधियों के साथ गलबहिया में रहते हैं। निरपराधियों या छोटे-मोटे अपराधियों को फांसते हैं। क्योंकि बड़े तो उनके बाप होते हैं। बड़े गुंडे बदमाशों की नेताओं से पहचान रिश्तेदारी पुलिस वालों को ईमानदारी से काम कैसे करने दे..? ट्रांसफर या सीआर बिगड़ने का डर और फिर भेंट पूजा देकर पाई पुलिस की नौकरी केवल सरकारी तनख्वाह के लिए क्यों करें....? इस नौकरी के लिए तो घर, खेत,कुआं सब बेच दिया।अब जन ता की सेवा करेंगे तो सरकारी तनख्वाह में तो एक मकान भी ढंग से नहीं बन सकता।पुलिस वाले भी ऊपरी कमाई के लिए मजबूर हैं।चूंकि जनता इन सब बातों से अनुभूत है।इन सब बा तों का जनता को कड़वा अनुभव है,इसलिए इस सच को स्वीकारने में कोई कोताही नहीं होनी चाहिए।

# जमीनी विवाद में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




गोंडा । जिले के करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र में बीस साल पुराने जमीनी विवाद को लेकर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है। यह घटना नारायणपुर माझा ग्राम पंचायत के दुल्हिन पुरवा गांव में हुई है।मृतक की पहचान 32 वर्षीय शिव शंकर दुबे उर्फ लल्ला दुबे के रू प में हुई है।देर रात विवादित खेत में सिंचाई के दौरान छत्तर बली दुबे अपने चार बेटों सुनील दु बे,विनोद दुबे, धर्मेंद्र दुबे और रविंद्र दुबे के साथ मौके पर पहुंचे थे।वहाँ पर आपसी कहासुनी के बाद पिता-पुत्रों ने मिलकर लल्ला दुबे पर चाकू से कई वार किए,जिससे मौके पर ही एक भाई की मौत हो गई है।अपने भाई लल्ला दूबे को ब चाने दौड़े तो उनके भाई अमरनाथ पर भी हम लावरों ने चाकू से हमला कर दिया था।हमले में अमरनाथ गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें गोंडा के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।वही मृतक शिव शंकर दुबे के तीन बच्चे हैं,जिनमें बारह वर्षीय सौरभ दुबे,दस वर्षीय शि वांश दुबे और आठ वर्षीय लक्ष्मी दुबे शामिल हैं करनैलगंज कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि यह विवाद बीस साल पुराना है और सभी पक्ष आपस में पट्टीदार हैं।पुलिस ने छत्तर बली दुबे और उनके चार बेटों सुनील दुबे,विनोद दुबे, धर्मेंद्र दुबे और रविंद्र दुबे के खिलाफ हत्या और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने देर रात घटनास्थल का निरीक्ष ण किया है। जांच के लिए डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया था। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है और परिजनों से भी पूछताछ की जा रही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमों को ल गाया है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# सुबह - शाम जाम से परेशान शहर वासी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा । शहर में जाम लगना तो आम बात हों गया है,लेकिन एक दिन में तीन-चार बार जाम के झा म में फंसना शहरवासियों के लिए परेशानी बन ती जा रही है।सुबह, दोपहर या फिर शाम लोगों को जाम में घंटों फंसना अब मामूली बात है या तायात व्यवस्था दुरुस्त न होना भी लोगों के लि ए मुसीबत बन गई है। शहर में यातायात व्यव स्था दुरुस्त न होने के कारण नो इंट्री के बाव जूद भी बड़े वाहन शहर में प्रवेश कर जाते है। बड़े वाहनों के शहर के प्रवेश करते ही अग्रसेन चौराहे से लेकर स्टेशन रोड पर वाहनों की लंबी कतारे लग जाती है। जिससे लोगों को घंटों तक जाम से जूझना पड़ता है जाम के झाम में फसे

लोगो की ट्रेन तक छूट जाती है यहीं नहीं नो इं ट्री का कोई महत्व न होने के



कारण कई लोग अपनी जानें तक गंवा चुके हैं।जिस व्यक्ति का जहां पर मन हुआ वह वहीं पर अपनी बाइक व कार खड़ी करने के बाद सामान खरीदने लगता है।फिर चाहे इस वाहन के पीछे कितना ही जा म क्यों न लगे। जब लोग घंटों परेशान हो जाते हैं तो मजबूरी में किसी दूसरे रास्ते से निकलकर अपनी जान बचा पाते हैं।अभी गर्मी कुछ खास नहीं पड़ रही है,फिर भी शहरवासी सुबह में अ गर ऑफिस जाने के लिए निकलते हैं तो ठंडक में भी उनका पसीना बहना तय है।क्योंकि शहर के प्रमुख चौराहों पर नियम-कायदे न होने के कारण लोगों को घंटों जाम से जूझ कर अपना पसीना बहाना पड़ता है।

# ट्रेन पर पथराव करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

गोंडा। रेल यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वालों पर गोंडा आरपीएफ और जीआरपी ने क ड़ा शिकंजा कस दिया है, बहराइच से गोरखपुर जा रही बहराइचऽगोरखपुर स्पेशल ट्रेन के इंज न पर पथराव करने वाले आरोपी ललित पास वान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई के बाद रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को लेक र एक सख़्त संदेश भी गया है रेलवे सुरक्षा बल के द्वारा बताया जा रहा है कि दो फरवरी की रा त में ट्रेन संख्या 05132 बहराइच से चलकर गोरखपुर की ओर जा रही थी इसी दौरान इटि याथोक और सुभागपुर रेलवे स्टेशन के बीच किसी ने चलती ट्रेन के इंजन के अगले शीशे पर आरोपी ने पथराव कर दिया था पथराव से इंजन का लुकिंग ग्लास टूट गया,जिससे ट्रेन संचालन में खतरा उत्पन्न हो गया था।घटना के तुरंत बाद लोको पायलट ने क्षतिग्रस्त इंजन का वीडियो बनाया और गोंडा



जीआरपी थाने में त हरीर देकर मामला दर्ज कराया।इसके बाद आर पीएफ और जीआरपी पुलिस ने संयुक्त जांच करते हुए आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया है।इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय ने बताया कि लो को पायलट की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।जांच के दौरान पथराव करने वा ले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया, आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराते हुए उसके खिला फ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। वही रेलवे पुलिस का कहना है कि चलती ट्रेनों पर पथराव जैसी घटनाएं यात्रियों और रेलवे कर्म चारियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं,ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# बहराइच में परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर का लक्ष्य पूरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

## सीएचसी रिसिया में अंतिम एफपीसीसी का हुआ उद्घाटन, जिले में अब सक्रिय केन्द्रों की संख्या हुई 20

बहराइच । जिले में परिवार नियोजन सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ा लक्ष्य हासिल कर लिया है। सोमवार को नॉन-उम्मीद ब्लॉक स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रिसिया में परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर (एफपीसीसी) का उद्घाटन किया गया। इसके साथ ही जनपद में निर्धारित 20 एफपीसीसी स्थापित करने का लक्ष्य पूरा हो गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने सीएचसी रिसिया में एफपीसीसी का शुभारंभ करते हुए कहा कि परिवार नियोजन केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य, सुरक्षित गर्भधारण और स्वस्थ परिवार की नींव है। एफपीसीसी के माध्यम से योग्य दंपतियों को गर्भनिरोधक विकल्पों, प्रजनन स्वास्थ्य और सुरक्षित मातृत्व से जुड़ी सही जानकारी एक ही स्थान पर मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई लोग भ्रांतियों और झिझक के कारण परिवार नियोजन सेवाओं से दूर रहते हैं। प्रशिक्षित काउंसलरों की मदद से अब दंपतियों को उनके नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर ही परामर्श मिलेगा, जिससे वे सोच-समझकर निर्णय ले सकेंगे। सीएचसी रिसिया में आयोजित कार्यक्रम में 52 आशा कार्यकर्ता, 15 एएनएम, 5 मेडिकल ऑफिसर, आईसीटीसी काउंसलर, लेबर रूम स्टाफ नर्स सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। सीएमओ ने काउंसलरों को निर्देश दिया कि वे प्रभावी काउंसलिंग करें और परिवार नियोजन सेवाओं की स्वीकार्यता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दें। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि राम बरन यादव ने बताया कि जिले में स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया और मोबियस फाउंडेशन के वित्तीय सहयोग से उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है, जिसके तहत उम्मीद ब्लॉकों में 15 और नॉन-उम्मीद ब्लॉकों में 5 एफपीसीसी स्थापित किए गए हैं। इस प्रकार जनपद बहराइच में कुल 20 परिवार नियोजन काउंसलिंग कॉर्नर सक्रिय हो चुके हैं, जिससे सेवाओं की पहुँच ब्लॉक से लेकर समुदाय स्तर तक मजबूत हुई है।

रिसिया सीएचसी अधीक्षक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि एफपीसीसी स्थापित होने से 15 से 49 वर्ष आयु वर्ग के योग्य दंपतियों को सुरक्षित गर्भनिरोधक विकल्प, व्यक्तिगत परामर्श और आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। इससे अनियोजित गर्भधारण में कमी आएगी और मातृ-शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार होगा।

# उर्द एवं मूंग की अन्त:फसली खेती कर मुफ्त बीज वितरण योजना का लङ्गभ उठाएं गन्ना कृषक: डीसीओ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा बसन्तकालीन गन्ने के साथ उर्द एवं मूंग की अन्तःफसली खेती हेतु गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रति हेक्टेयर 20 कि.ग्रा. की दर से निःशुल्क बीज उपलब्ध कराये जाने का प्राविधान किया गया है। यह बीज कृषि विभाग के ब्लाक स्तर पर स्थित राजकीय कृषि बीज भण्डारों से पी.ओ.एस. के माध्यम से वितरित किया जायेगा।

जिला गन्ना अधिकारी ने जनपद के गन्ना कृषकों का आहवान किया है कि बसन्तकालीन गन्ने के साथ उर्द एवं मूंग की अन्तः फसली खेती करने के इच्छुक गन्ना कृषक योजना का लाभ प्राप्त करें एवं जनपद में गन्ने के साथ दलहन की अन्तः फसल को अपनाकर अधिक गुनाफा प्राप्त करें। दलहनी अन्तः फसल से जहाँ मृदा की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है वहीं गन्ने की लागत अन्तः फसल से प्राप्त हो जाती है। श्री शुक्ल ने गन्ना कृषकों को सुझाव दिया है कि बसन्तकालीन गन्ने की फसल के साथ उर्द एवं मूंग की अन्तः फसली खेती अवश्य करें तथा सरकार की मुफ्त बीज वितरण योजना का लाभ उठायें।

# यूनाइटेड फॉर यूनीक की थीम पर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

## गोष्ठी, स्क्रीनिंग शिविर के साथ संचालित हुआ हस्ताक्षर अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बहराइच । विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय सभागार में यूनाइटेड फॉर यूनीक की थीम पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में गोष्ठी, स्क्रीनिंग शिविर तथा हस्ताक्षर अभियान संचालित किया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए सीएकओ डॉ. कुमार ने कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम, समय पर पहचान, सही इलाज और इससे जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने के उद्देश्य से ही यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कैंसर से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और मादक पदार्थों की रोकथाम बहुत ज़रूरी है ताकि इस बीमारी से होने वाली मौतों को कम किया जा सके और जीवन बचाया जा सके।




सीएमओ ने कहा कि शरीर में कोशिकाओं के समूह की अनियंत्रित वृद्धि कैंसर है। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। कैंसर किसी भी उम्र में हो सकता है। लेकिन यदि कैंसर का सही समय पर पता ना लगाया गया और उसका उपचार ना हो तो इससे मौत का जोखिम बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसे रोग के प्रति लोगों में जनजागरूकता के उद्देश्य से समस्त स्वास्थ्य इकाइयों पर विश्व कैंसर दिवस से सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं साथ ही जिला चिकित्सालय सहित सभी पीएचसी/सीएचसी पर निशुल्क स्क्रीनिंग शिविर भी लगाए गए हैं।

एनसीडी कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने कहा कि आजकल फल और सब्जियों में बेतहाशा पेस्टिसाइड का इस्तेमाल हो रहा है। पीने का पानी भी पूरी तरह शुद्ध नहीं है। जिसका सीधा असर शरीर पर पड़ रहा है। पहले कैंसर बुजुर्गों की बीमारी मानी जाती थी, लेकिन अब युवा और मध्यम आयु वर्ग तेजी से इसकी चपेट में आ रहा है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल ने कहा कि हम सभी जानते ही हैं कि हमारे शरीर में कई प्रकार की कोशिकाएं होती है लेकिन जब ये कोशिकाएं बढ़ जाती हैं और अनियन्त्रित हो जाती हैं एवं शरीर के हिस्सों को काम करने में दिक्कत देती है और उन हिस्सों पर कोशिकाओं का गुच्छा सौम्य गाँठ या ट्यूमर बन जाता है और बढ़ता रहता है इस अवस्था को ही कैन्सर कहते हैं और यह शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकता है।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे कैंसर विभाग के नोडल अधिकारी डॉ. परितोष तिवारी ने कहा कि लोगों को कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी के बारें में अवगत कराने के लिए विश्व कैन्सर दिवस हर वर्ष 4 फरवरी को मनाया जाता है। ताकि लोगों को कैंसर के होने वाले नुकसान के बारे में बताया जा सकें और लोगों को अधिक से अधिक जागरूक किया जा सकें। उन्होंने कहा कि कैंसर के सौ से भी अधिक रूप है। जैसे- स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्रेन कैंसर, बोन कैंसर, ब्लैडर कैंसर, पेंक्रियाटिक कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, गर्भाशय कैंसर, किडनी कैंसर, लंग कैंसर, त्वचा कैंसर, स्टमक कैंसर, थायरॉड कैंसर, मुंह का कैंसर, गले का कैंसर इत्यादि।

एनसीडी क्लीनिक के फिजिशियन डॉ. अंशुमान सिंह श्रीनेत्र ने बताया कि कैंसर सेल्स सबसे पहले शरीर को संक्रमण से बचाने वाले हिस्से में फलती है और उसके बाद खून के रास्ते शरीर के अलग अलग हिस्सों में जाती है और उन्हें संक्रमित करती है। कैंसर जैसी बीमारी से हमें बचने के लिए सबसे पहले सावधान होकर बचाव रखना चाहिए और लोगों को इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। जिला स्वास्थ्य शिक्षा सूचनाधिकारी बृजेश सिंह ने कहा कि यदि आप कैंसर से बचना चाहते हैं तो आपको अपनी जीवनशैली नियंत्रित करनी होगी और अपने खानपान पर विशेष ध्यान देना होगा।

इस अवसर पर उपभोक्ता फोरम के न्यायाधीश सुरेश चन्द्र भारती, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष राना कुमार, उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अनुराग वर्मा, डॉ. ए. श्रीवास्तव, डॉ. निर्मेष, डॉ. रियाजुल हक, डॉ. एस.जे. हुसैन, डॉ. एम.एम. जाफरी, डॉ. एस.के. तिवारी, डॉ. आकिब, एफएलसी विवेक श्रीवास्तव, एम. एंड ई. मुकेश कुमार हंस, डीईओ मोहम्मद हारून व शरद श्रीवास्तव सहित एनसीडी क्लीनिक से जिला सलाहकार पुनीत शर्मा, लैब टेक्नीशियन सन्तोष सिंह, स्टाफ नर्स बृज प्रकाश व स्वाती श्रीवास्तव, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम से सोशल वर्कर हरीश कुमार, कम्युनिटी नर्स सीमा कुमारी, अजय प्रताप सिंह, मनीष कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# असम, मुंबई और बंगाल से जुड़े साइबर ठग गिरफ्तार, 85 लाख की ठगी का खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुल्तानपुर। जनपद में साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए साइबर क्राइम पुलिस ने असम, मुंबई और पश्चिम बंगाल से जुड़े सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने एक ही मोडस ऑपरेंडी अपनाकर अलग-अलग राज्यों में लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की। मामले का खुलासा पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने किया।प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह (साइबर टीम) ने बताया कि विवेचना के दौरान जानकारी हुई कि इसी तरीके से अमेठी निवासी अभिषेक सिंह से करीब 85 लाख रुपये की ठगी की गई थी। इस संबंध में थाना साइबर क्राइम, अमेठी में मुकदमा दर्ज है। वहीं, लखनऊ निवासी अवनीश सिंह से लगभग 1 करोड़ 85 लाख रुपये की ठगी किए जाने का भी मामला सामने आया,जिसका मुकदमा लखनऊ कमिश्नरेट के साइबर क्राइम थाने में पंजीकृत है।

जांच में यह भी पाया गया कि पीड़ित भास्कर पाण्डेय के खाते से 4.92 लाख रुपये एक निजी बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे।केवाईसी जांच में यह खाता असम के हाजो थाना क्षेत्र से जुड़े दो व्यक्तियों के नाम पर पाया गया।पुलिस टीम ने 28 जनवरी को असम जाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।पूछताछ में उन्होंने स्वीकार किया कि पैसों के लालच में उन्होंने अपने बैंक खाते ठगी गिरोह को उपलब्ध कराए थे।आगे की जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह क्लोनिंग एप के जरिए फर्जी निवेश कंपनी बनाकर लोगों को मुनाफ़े का लालच देता था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित टीम ने मुंबई से तीन अन्य अभियुक्तों को पूछताछ के लिए सुल्तानपुर लाया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गिरोह के सरगनाओं को बैंक खाते, चेकबुक, एटीएम कार्ड और सिम उपलब्ध कराते थे, बदले में उन्हें कमीशन दिया जाता था। एसपी ने बताया कि आरोपियों के बैंक खातों की जांच में करोड़ों रुपये के लेन-देन का पता चला है।कार्रवाई के दौरान कई मोबाइल फोन,चेकबुक और एटीएम कार्ड के साथ-साथ 333 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले ऑनलाइन खाते फ्रीज किए गए हैं। इसके अलावा करोड़ों रुपये मूल्य की क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े खाते भी सामने आए हैं। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है और मामले में आगे की कार्रवाई प्रचलित है। साइबर क्राइम और एसओजी टीम की संयुक्त कार्रवाई को पुलिस विभाग ने बड़ी सफलता बताया है।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में खेल और संस्कृति का संगम, बच्चों को मिला प्रोत्साहन का पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता के निर्देशन में पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान खेल के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रतिभाओं को भी मंच मिला। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा परिषद की शिक्षिका एवं हैंडबाल नेशनल कोच अनुपम शुक्ला ने प्राथमिक विद्यालय सिपाह के बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति देने पर प्रोत्साहन स्वरूप प्रति बच्चे 500-500 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया।

बच्चों ने पारंपरिक गीत-नृत्य और समूह प्रस्तुति के माध्यम से दर्शकों का दिल जीत लिया। पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उनका उत्साह दोगुना हो गया। कार्यक्रम स्थल पर मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों ने भी बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।



इस अवसर पर अनुपम शुक्ला ने कहा कि खेल और संस्कृति दोनों बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। ऐसे मंच बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। प्रतियोगिता में खेल भावना और सांस्कृतिक चेतना का यह संगम आयोजन को और भी यादगार बना गया।

# फूला में हुई चोरी के जेवरातों के साथ चार युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**मोहनगंज पुलिस ने बारह लाख रुपये के जेवरात के साथ इकतालिस हजार रुपया किया बरामद**

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने गांव फूला में हुई चोरी का खुलासा करते हुये चोरी के जेवरात व चोरी के इकतालिस हजार रुपये के साथ चार लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिसकी अनुमानित कीमत बारह लाख रुपया बताई जाती है। पुलिस ने पकड़े गये युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव फूला निवासिनी सेमऊ पत्नी रमेश के घर से अज्ञात चोरों द्वारा अलमारी व बक्से में रखे जेवरात और नकदी पार कर दिया था वह छत्तीसगढ़ के दामा खेड़ा में आयोजित सत्संग में गई थी।उक्त सूचना पर थाना मोहनगंज पुलिस ने मुक़दमा दर्जकर छानबीन में जुटी रही।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सूरज पुत्र बैजनाथ, राज कुमार पुत्र श्रीनाथ,अर्जुन पुत्र केदारनाथ व दीपक सिंह पुत्र संत बक्श सिंह निवासीगण ग्राम फूला थाना मोहनगंज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में सूरज के कब्जे से एक चैन,एक अंगूठी,एक हार पीली धातु,दो जोड़ी बिछिया, एक जोड़ी पायजेब सफ़ेद धातु तथा दस हजार रुपया नकद बरामद हुआ।राजकुमार के कब्जे से दो नाक की कील,एक मंगलसूत्र पीली धातु, दो जोड़ी बिछिया, एक सिक्का सफ़ेद धातु तथा ग्यारह हजार रुपये नगद बरामद हुये। अर्जुन के कब्जे से एक मांग टीका, एक जोड़ी कान का झाला पीली धातु, एक जोड़ी हाथफूल, चार जोड़ी बिछिया सफ़ेद धातु तथा दस हजार रुपये नगद बरामद हुये एवं दीपक के कब्जे से एक नाक की नथुनी पीली धातु, एक हाफ पेटी,दो जोड़ी बिछिया, एक बिस्किट सफ़ेद धातु तथा दस हजार रुपये नगद बरामद हुये। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में सूरज ने बताया कि रमेश उसके पारिवारिक चाचा हैं जिनकी पत्नी सेमऊ गांव में ही रहती है। वह अपनी पुत्री के साथ बीस जनवरी को दामा खेड़ा छत्तीसगढ़ सत्संग में गयी थीं एवं उनके घर पर कोई नहीं था तो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी किये थे। आज वह सभी चोरी किये गये सामान का बंटवारा करने के लिए एकत्र हुये थे। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धाराओं की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है।

# मनुष्य को भव से पार उतरने के लिये सत्संग करना चाहिये : डॉ. नरेन्द्र पाण्डेय जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई के कस्बा सेमरौता में चल रही श्रीमद भागवत कथा में मध्य प्रदेश के अमर कंटक से पधारे कथा व्यास डॉ नरेंद्र पाण्डेय जी महाराज ने कहा है भगवान को पाने की तीन सीढ़ियां है श्रद्धा, विश्वास और समर्पण। इसी प्रकार मनुष्य के बिगड़ने के चार साधन है पहला सुंदर रूप का होना, दूसरा युवावस्था का होना, तीसरा ज्यादा संपत्ति का होना और चौथा ऊंचा पद मिल जाना। इन चारों चीजों के साथ यदि विवेक नहीं है तो निश्चित रूप से वह व्यक्ति अनर्थ किये बिना नहीं रह सकता,यदि विवेक है तो यह चारों चीजें भी व्यक्ति का कुछ नहीं बिगाड़ सकती।उन्होंने कहा कि जो विवेक है वह सत्संग से प्राप्त होता है




इसलिये व्यक्ति को संतो का संग करना चाहिये। कलयुग में भव से पार उतरने के लिये सत्संग करना जरूरी है।सत्संग का मतलब ढोलक चिमटा बजाना नही है।सत्संग का मतलब सत्य पर चलना सत्य का साथ देना और पूरे परिवार को जोड़ कर रखना है। कथा व्यास डॉ नरेंद्र पाण्डेय जी महाराज ने कहा कि हर रोज अपने परिवार के साथ के साथ सत्संग करना चाहिये पूरे परिवार को एकत्रित करके विचार करना चाहिये आज दिन में हमने क्या गलती की और उन गलतियों को अगले दिन सुधारना चाहिये इसी का नाम सत्संग है।भक्त प्रहलाद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और भक्तों को बताया कि अपने जीवन में प्रहलाद की तरह भक्ति करनी चाहिये। श्रीमद भागवत कथा के यजमान सुरेश कुमार अग्निहोत्री एवं मनोज कुमारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कर कथा व्यास का फूल मालाओं से स्वागत किया।इस मौके पर जगदीशपुर के पूर्व विधायक राधेश्याम धोबी, राम लखन शुक्ला, हनुमंत सिंह, ब्रज बिहारी अवस्थी, कन्हैया लाल त्रिपाठी,शिव बिहारी अवस्थी, नागेस्वर तिवारी, सुनील शुक्ला, अनिल शुक्ला, जगदीश त्रिवेदी, अभिषेक अग्निहोत्री, अनुराग अग्निहोत्री सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# शब-ए-बारात पर भव्य जलसा, इबादत और दुआओं में डूबा इलाका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। जनपद के बल्दीराय क्षेत्र अंतर्गत चक्कारी भीट में शब-ए-बारात की पवित्र रात के अवसर पर एक भव्य जलसा-ए-शब-ए-बारात का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और रूहानियत के साथ किया गया। यह कार्यक्रम 3 फरवरी 2026, मंगलवार को नमाज़-ए-इशा के बाद शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय मुस्लिम भाई-बहनों ने शिरकत की, शब-ए-बारात, जिसे मगफिरत और अल्लाह की रहमत की रात के रूप में जाना जाता है, इस्लामी कैलेंडर के शाबान महीने की 15 वीं रात को मनाई जाती है। वर्ष 2026 में यह मुबारक रात 3 फरवरी की शाम से शुरू होकर 4 फरवरी तक रही। इस मौके पर देशभर की तरह चक्कारी भीट में भी लोगों ने नमाज़, तौबा, दुआ और कुरआन की तिलावत के जरिए पूरी रात इबादत में गुज़ारी, जलसे में मुख्य खिताब मुफ्ती मुहिब्बुद्दीन साहब (सुल्तानपुर) ने फरमाया। उन्होंने शब-ए-बारात की फजीलत, गुनाहों की माफी और अल्लाह



तआला की बेशुमार रहमत पर विस्तार से रोशनी डाली। उनका प्रभावशाली पैगाम सुनकर मौजूद लोग भावविभोर हो उठे और तौबा व नेक अमल का संकल्प लिया।कार्यक्रम का सुंदर संचालन (निजामत) मौलाना गुलाम मुस्तफा कुड़वार और मौलाना शरीफ नवाज कादरी साहब (इसौली) ने किया। वहीं, हाफिज व कारी मोहम्मद फैजान रज़ा साहब (बिहार) की दिल को छू लेने वाली तिलावत-ए-कुरआन से पूरा माहौल रूहानी हो गया। नातख्वानी और शायरी के दौर में शायर-ए-इस्लाम कारी रियाज़ सुल्तानपुरी, शहीदों कौसर (रसूलाबाद, अमेठी), लारेब अख्तर एवं सबरेज़ अख्तर (इसौली) ने बेहतरीन नातें और नज्में पेश कीं, जिनसे श्रोताओं को गहरा रूहानी सुकून मिला। कार्यक्रम की व्यवस्था और निगरानी में गुलफाम अहमद (पत्रकार) सहित गुड्डू, अमरील, अफसार, मंजूर, रिजवान, अरबाज, महफूज, आशिक, मुस्ताक, आमिर, शाहबाज, राशिद, जीशान, अमरोज, बबलू, दानिश, जबी उल्ला, शान उल्ला, मोहम्मद अहमद, पप्पू, इकरार प्रधान, आदिल, निजाम, सद्दाम, भाई और अमान उल्ला का विशेष योगदान रहा। यह जलसा न केवल शब-ए-बारात की अहमियत को उजागर करने वाला रहा, बल्कि समाज में भाईचारे, एकता और इबादत की भावना को भी मजबूत करने वाला साबित हुआ। अंत में आयोजकों ने सभी शिरकत करने वालों का आभार जताया और आगामी रमजान माह की तैयारी के लिए दुआएं की गईं। अल्लाह तआला इस मुबारक रात के सदके सबकी दुआएं कबूल फरमाए और हमें मगफिरत व रहमत से नवाजे।

## कोतवाली गेट पर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

पूरनपुर। महिला सुरक्षा, सम्मान और जागरूकता को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बुधवार दोपहर 12 बजे पूरनपुर कोतवाली गेट पर पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने राहगीर महिलाओं और युवतियों को पंपलेट वितरित कर मिशन शक्ति से जुड़ी जानकारी दी। पुलिस ने महिलाओं को आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 सहित अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं की जानकारी दी और किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों,साइबर अपराध से बचाव तथा घरेलू हिंसा से संबंधित कानूनों के बारे में भी बताया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य महिलाओं को निर्भीक बनाना और समाज में सुरक्षित माहौल तैयार करना है। इस पहल की महिलाओं ने सराहना की और पुलिस का सहयोग करने का भरोसा जताया।

## बसपा कार्यकर्ता के रूप में पार्टी को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा हूं : सुंदर लाल आर्य



पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ता सुंदरलाल आर्य लगातार बहुजन समाज पार्टी को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने लगातार बहुजन समाज पार्टी का सच्चा सिपाही बनकर लगातार पार्टी का प्रचार किया है।विरोधी उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों से बौखला गए हैं।इसलिए पार्टी के नेताओं को मेरे कार्यों को गलत बता कर गुमराह कर रहे हैं। बसपा नेता ने कहा कि में पार्टी को आगे बढ़ने का कार्य निरन्तर जारी रखूंगा और आने वाले विधानसभा चुनाव में बहन मायावती को फिर से एक बार प्रदेश की कमान सौंपने का कार्य करूंगा मैंने पार्टी विरोधी गतिविधियों का कोई कार्य नहीं किया है।मैं लगातार बसपा कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं और लगातार कार्यकर्ता के रूप में कार्य करता रहूंगा। मैं दशकों से बहुजन समाज पार्टी का प्रचार सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत स्कूली छात्राओं को किया गया जागरुक

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला थाना पुलिस द्वारा छात्राओं को जागरूक करते हुये संदिग्धों की चेकिंग की जा रही है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,नारी स्वावलंबन हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उददेश्य से महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा थाना क्षेत्र गौरीगंज के मनीषी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं को 1090–वीमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइऩ, 102 स्वास्थ्य सेवा आदि विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित शासन की विभिन्न योजनाओं आदि के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।इसी क्रम में जनपदीय पुलिस की एण्टीरोमियो टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर मनचलो, शोहदों द्वारा छेड़छाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत सतत निगरानी करते हुये अभियान चलाया गया तथा संदिग्धों की चेकिंग की गयी।

## अखबार विक्रेता राजकुमार का निधन

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला मुख्यालय स्थित दरियापुर तिराहा निवासी समाचारपत्र विक्रेता राजकुमार (50)पुत्र मोहन सिंह का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे करीब माह भर से बीमार चल रहे थे। राजकुमार ने अपने बड़े भाई स्व.रामसिंह के साथ दशकों पूर्व समाचारपत्र वितरण का कार्य शुरू किया था और बीमारी की परवाह किये बगैर जीवनपर्यंत दायित्व निर्वहन में लगे रहे। परिवार में पत्नी के साथ पांच बेटियां व दो अवयस्क बेटे हैं। गुरुवार को उनका हथियानाला स्थित स्थानीय श्मशानघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## ऑल इंडिया हजरत उवैस करनी कॉन्फ्रेंस का हुआ आयोजन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के मोहल्ला करीमगंज में मंगलवार की रात ऑल इंडिया हजरत उवैस करनी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रात करीब 9 बजे शुरू हुआ और मंगलवार वुधवार की मध्यरात्रि लगभग 3 बजे तक चला। कॉन्फ्रेंस में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लेकर धार्मिक तकरीरें सुनीं और दुआ में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान इस्लामी शिक्षाओं, समाज में भाईचारे, अमन–चैन और आपसी सद्भाव पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उलमाओं ने युवाओं से शिक्षा के साथ–साथ अच्छे आचरण और सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने की अपील की। कॉन्फ्रेंस में हाफिज अशफाक, हाफिज नसीम, मौलाना आमिर रजा, मौलाना नूर मोहम्मद सहित अन्य उलमा–ए–कराम मौजूद रहे। सभी ने अपने संबोधन में हजरत उवैस करनी रहमतुल्लाह अलैह की शिक्षाओं पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर देश–की तरक्की, अमन और खुशहाली के लिए विशेष दुआ मांगी गई। आयोजन को लेकर मोहल्ले में धार्मिक और सौहार्दपूर्ण माहौल बना रहा।

## अलग–अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र में अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पहले हादसे में माधोटांडा नौगवा निवासी गीता देवी पत्नी विपिन सिंह किसी काम से मंगलवार दोपहर लगभग 12 बजे बाइक से जा रही थीं।

# डीएम ने कलैक्टेट कार्यालय के पटलों का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने आज कलेक्टेझट के कार्यालयों के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फौजदारी अभिलेखागार, राजस्व सहायक पटल, सामान्य अभिलेखागार, डी0एल0आर0सी, न्याय सहायक, वेतन लिपिक अनुभाग के पटलों से संबंधित पत्रावलियों की जांच की। निरीक्षण के दौरान राजस्व पटल में गार्ड पत्रावली, देय रजिस्टर, तैनाती अभिलेख सहित आदि प्रमुख पत्रावलियों की जांच की गई। न्याय सहायक पटल के निरीक्षण के दौरान आकास्मिक रजिस्टर, चरित्र हैसियत एवं व्यक्तिगत पत्रावलियां को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये। सामान्य लिपिक पटल के निरीक्षण के दौरान रूटेशन रजिस्टर, विभागीय कार्यवाही रजिस्टर, एसीपी वेतन वृद्धि रजिस्टर को देखा। सामान्य अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान सत्यापन रजिस्टर, डाकबही का अवलोकन किया। राजस्व अभिलेखागार के दौरान निरीक्षण पंजिका, नकल रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों को देखा।शस्त्र कार्यालय के निरीक्षण के दौरान लाइसेंस सूची, गार्ड पत्रावली, डाकबही, निरीक्षण पंजिका, विरासत रजिस्टर का अवलोकन कर सम्बन्धित पटल सहायक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।उन्होंने निर्देश देते हुये कहा कि पत्रावलियों के साथ साथ उनसे सम्बन्धित प्रत्येक रजिस्टर नियमित अपडेट करना सुनिश्चित किया जाये। कोई पत्रावली, दाखिल चरित्र लम्बित न रहें समय से निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाये व समस्त पटल सहायकों को नेम प्लेट, अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने तथा साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक,नगर मजिस्टेट, उप जिलाधिकारी न्यायिक सहित सम्बन्धित पटल सहायक उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक पीतमराम की चौथी पुण्यतिथि पर सयुस राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार "राजू" के आवास पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, उमड़ा जन सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पूर्व विधायक श्रद्धेय स्व. पीतमराम की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनके भांजे समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार ''राजू'' जी के आवास पर विनम्र श्रद्धांजलि सभा, तहरी भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धा और सेवा भाव के साथ सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राजनीतिक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे और दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस अवसर पर पूर्व विधान परिषद सदस्य अमित यादव ने पूर्व विधायक श्रद्धेय स्व. पीतमराम जी की चौथी पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्व. पीतमराम जी जनसेवा, सादगी और सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक थे। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह 'जग्गा' ने कहा कि स्व. पीतमराम का जीवन जनकल्याण को समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा संगठन और जनता के हित में कार्य किया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।पूर्व विधायक अरशद खान ने कहा कि स्व. पीतमराम जी ने अपने जीवन में हमेशा




समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की चिंता की और उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे ऐसे जननेता विरले ही होते हैं।पूर्व जिलाध्यक्ष उमाशंकर यादव ने कहा कि स्व. पीतमराम जी का व्यक्तित्व सरल, सहज और संघर्षशील था। वे हर वर्ग के लोगों के बीच समान रूप से लोकप्रिय थे।जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र 'कट्टर' ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. पीतमराम जी ने राजनीतिक जीवन में ईमानदारी और निष्ठा की मिसाल कायम की।प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी ने कहा कि स्व. पीतमराम जी सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने सभी समुदायों को साथ लेकर चलने का कार्य किया। अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष रियाज खान ने कहा कि स्व. पीतमराम जी का योगदान क्षेत्र के विकास और सामाजिक समरसता के लिए अविस्मरणीय रहेगा।कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता कौशल वाजपेयी एवं राजाराम शर्मा,जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,जिला उपाध्यक्ष कशीराम सरोज,ओम शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए श्रद्धेय स्व. पीतमराम जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर आयोजक राज कुमार 'राजू' ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्व. पीतमराम जी की स्मृति में आयोजित तहरी भोज एवं जरूरतमंदों को कंबल वितरण उनके सेवा भाव को सच्ची श्रद्धांजलि है कार्यक्रम के उपरांत सभी ने तहरी भोज में सहभागिता की इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन प्रदीप जायसवाल,व्यापर मंडल के प्रदीप शुक्ला,जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव,मास्टर गुरूदयाल सिंह,पूर्व प्रधान विपिन सिंह,प्रधाम मिलाप सिंह,महेंद्र सिंह,संजय खान,मो.सरताज,साजिद अली रजवी,उस्मान शाह,खुर्शीद अहमद,नवीन अग्रवाल,बसंत भारती,तौफीक खान,अहीद खान,मीता सिंह,मीनू शर्मा,नाबीर अली मंसूरी,भगवान दीन वर्मा आदि हजारों क्षेत्रवासी प्रमुख रूप से उपस्तिथ रहें।

## सम्पादकीय

# भारत ने फिर दिखाया सामर्थ्य

भारत और अमेरिका के मध्य अप्रैल 2025 से प्रारंभ हुआ टैरिफ वॉर अब समझौते के साथ समापन की ओर अग्रसर हो रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से भारत पर टैरिफ घटाने के ऐलान के साथ ही शेयर बाजार में उछल आया और निवेशकों के चेहरे खिल उठे। डॉलर के मुकाबले रुपए में भी मजबूती दिखी। यूरोपियन यूनियन के 27 सदस्य देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते के बाद से अनुमान लगाया जा रहा था कि अमेरिका दबाव में आ गया है और उसे भारत की व्यापार चिंताओं का सम्मान करना ही पड़ेगा और अंततः ऐसा हुआ भी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि यह उनके लिए सम्मान की बात है कि प्रधानमंत्री मोदी ने उनसे बात की। वह सबसे अच्छे दोस्तों में से एक हैं और अपने देश के शक्तिशाली नेता हैं। हमने एक नहीं कई मुद्दों पर बात की जिसमें व्यापार और रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करना भी शामिल था। मोदी के लिए दोस्ती और उनके सम्मान के चलते और उनकी मांग पर तत्काल प्रभाव से हम अमेरिका और भारत के बीच एक व्यापार समझौते पर सहमत हुए हैं, जिसमें अमेरिका भारत पर लगाए गए टैरिफ को 25 से घटाकर 18 प्रतिशत कर रहा है। जैसे ही सोशल मीडिया पर अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान आया, वैसे ही भारत में भी हलचल तीव्र हो गई। एनडीए संसदीय दल की बैठक में अमेरिका के साथ हो रहे समझौते पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमने बहुत समय तक धैर्य रखा, जिसका परिणाम हम सभी के सामने है। अमेरिका की ओर से की गई इस घोषणा से दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच व्यापारिक तनाव को कम करने में सहायता मिलेगी। भारत सर्वाधिक लाभ में: भारत और अमेरिका के बीच जो व्यापार समझौता हुआ है उसका सर्वाधिक लाभ भारत को मिलने जा रहा है।टैरिफ को लेकर ट्रंप की घोषणा के बाद भारत इस मामले में पड़ोसी अर्थव्यवस्थाओं के मुकाबले अधिक लाभ में आ गया है। चीन और पाकिस्तान की तुलना में भारत पर अब कम टैरिफ है। इंडोनेशिया, बांग्लादेश और वियतनाम भारत से अधिक टैरिफ वाले देश बन चुके हैं। वर्तमान समय में बांग्लादेश और वियतनाम पर 20, मलेशिया, कंबोडिया, थाईलैंड और पाकिस्तान पर 19 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ लगा हुआ है। समाचार यह भी है कि अब भारत भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ और गैर टैरिफ बाधाओं को कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। कहा जा रहा है कि इसे संभावित रूप से शून्य तक ले जाया जा सकता है। यह भारत की वर्तमान व्यापार नीति में बाजार पहुंच के सबसे बड़े बदलावों में से एक है। जैसे ही भारत अमेरिकी उत्पादों के लिए अपने बाजार खोलेगा कई अमेरिकी वस्तुएं भारतीय उपभोक्ताओं के लिए काफी सस्ती हो जाएंगी। भारतीय बाजार में लैपटॉप, गैजेट्स और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की कीमतें कम हो सकती हैं। घरेलू उपकरणों की पहुंच आसान हो जाएगी।निर्यात के मोर्चे पर भी भारत को बहुत लाभ होने जा रहा है। अमेरिका से टैरिफ कम हो जाने के बाद हमारे टैक्स्टाइल, आभूषण और रत्न निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इन सेक्टर्स के अलावा भारत का चमड़ा और फुटवियर उद्योग अमेरिका को हर वर्ष 1.18 अरब, केमिकल उद्योग 2.34 अरब और इलेक्ट्रिक और मशीनरी उद्योग 9 अरब डॉलर का निर्यात करता है। विश्लेषकों का अनुमान है कि भारत और अमेरिका के मध्य द्विपक्षीय व्यापार अगले कुछ वर्षों में 500 अरब डॉलर की ओर 5 गुना गति से बढ़ेगा और नए व्यापार समझौते से भारी आर्थिक लाभ प्राप्त होंगे। अमेरिका के साथ डील फाइनल हो जाने के कारण अब एक नई सप्लाई चेन मिल गई है जिसका लाभ भी भारत को मिलेगा। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के बाद भारत की जीडीपी वृद्धि बढ़कर 6.9 प्रतिशत हो सकती है। टैरिफ कटौती से भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश, वातावरण और वाह्य संतुलन को समर्थन मिलेगा।

# वैश्विक स्थिति को कैसे बदल रहे हैं व्यापार समझौते

**भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रति दृष्टिकोण वैश्विक व्यापार माहौल के साथ बदल रहा है क्योंकि रुझान बताते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों में संरक्षणवादी नीतियां ज़्यादा आम हो रही हैं और एशिया-प्रशांत में वाणिज्य ज़्यादा क्षेत्रीय हो रहा है। मोदी सरकार की नई रणनीति में अपने मौजूदा आर्थिक ढांचे को फिर से व्यवस्थित करना और उसका इस्तेमाल करना दोनों शामिल हैं। मोदी सरकार की तरफ से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में मैन्युफैक्चरिंग का देश की जीडीपी में 20% से भी कम योगदान था, जबकि सेवाओं का 50% से ज़्यादा था। इसलिए, भारत की रणनीति घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और मैन्युफैक्चरिंग में निर्यात की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना है, साथ ही भारतीय सेवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था में इंटीग्रेट करने को ऑप्टिमाइज़ करना है। मोदी सरकार के तहत भारत ने कई महत्वपूर्ण पॉलिसी बदलाव किए हैं जो पिछले कुछ सालों में देश की अर्थव्यवस्था की दिशा को प्रभावित कर रहे हैं, ताकि अंदरूनी समस्याओं को सुलझाया जा सके और बाहरी माहौल में होने वाले बदलावों के हिसाब से खुद को ढाला जा सके।**

भारतीय उत्पादन और सेवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था में ज़्यादा से ज़्यादा इंटीग्रेट करने और निवेश अवसरों को बढ़ावा देकर घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित करने के लिए भारत की नई अंतरराष्ट्रीय व्यापार रणनीति देश के मौजूदा और नए विकसित आर्थिक ढांचे का इस्तेमाल करना चाहती है, साथ ही मौजूदा और भविष्य की ज़रूरतों के हिसाब से इसे रीडिज़ाइन भी कर रही है। सप्लाई चेन में रुकावटें, बढ़ते व्यापार प्रतिबंध, फिर से उभरते टैरिफ के खतरे और भू-राजनीतिक तनाव- ये सभी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहे हैं। इसे देखते हुए भारत को भरोसेमंद, लंबे समय के सहयोगी के तौर पर देखा जा रहा है।

भारत का अंतरराष्ट्रीय व्यापार के प्रति दृष्टिकोण वैश्विक व्यापार माहौल के साथ बदल रहा है क्योंकि रुझान बताते हैं कि विभिन्न क्षेत्रों में संरक्षणवादी नीतियां ज़्यादा आम हो रही हैं और एशिया-प्रशांत में वाणिज्य ज़्यादा क्षेत्रीय हो रहा है।

मोदी सरकार की नई रणनीति में अपने मौजूदा आर्थिक ढांचे को फिर से व्यवस्थित करना और उसका इस्तेमाल करना दोनों शामिल हैं। मोदी सरकार की तरफ से बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 में मैन्युफैक्चरिंग का देश की जीडीपी में 20% से भी कम योगदान था, जबकि सेवाओं का 50% से ज़्यादा था। इसलिए, भारत की रणनीति घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और मैन्युफैक्चरिंग में निर्यात की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना है, साथ ही भारतीय सेवाओं को वैश्विक अर्थव्यवस्था में इंटीग्रेट करने को ऑप्टिमाइज़ करना है। मोदी सरकार के तहत भारत ने कई महत्वपूर्ण पॉलिसी बदलाव किए हैं जो पिछले कुछ सालों में देश की अर्थव्यवस्था की दिशा को प्रभावित कर रहे हैं, ताकि अंदरूनी समस्याओं को सुलझाया जा सके और बाहरी माहौल में होने वाले बदलावों के हिसाब से खुद को ढाला जा सके।

मेक इन इंडिया 2.0 पहल के ट्रेड रिफॉर्म्स का मकसद 27 अलग-अलग इंडस्ट्रीज़ को मज़बूत करना और देश को दुनिया के लिए एक भरोसेमंद एक्सपोर्टर के तौर पर स्थापित करना है। लंबे समय तक चलने वाले विदेशी निवेश को आकर्षित करना और ''मेक इन इंडिया'' कार्यक्रम को आगे बढ़ाना इस कोशिश के दो मुख्य लक्ष्य हैं। अंतरराष्ट्रीय निवेश, विकास और स्थिरता के लिए बेहतरीन जगह के तौर पर देश की प्रतिष्ठा को बेहतर बनाने के लिए, सरकार रेगुलेटरी रिफॉर्म्स को बढ़ावा दे रही है, खास इंसेंटिव दे रही है और फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का विस्तार कर रही है।

साल 2030 तक अपने एक्सपोर्ट को त्त2 ट्रिलियन तक बढ़ाने के लक्ष्य के साथ भारत ने साल 2023 में अपनी विदेश व्यापार नीति ो फिर से डिज़ाइन किया। क्क्ष्ठ एक लचीली और गतिशील रणनीति है जो एक ऐसा ढांचा तैयार करती है जो व्यापार करने में आसानी (क्धक्ब्) को बढ़ावा देता है, प्रक्रियात्मक बाधाओं को कम करता है, व्यापार के डिजिटलीकरण को सक्षम बनाता है और भारतीय व्यवसायों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाता है। इसका मकसद एक ऐसा रिस्पॉन्सिव और अनुकूलनीय ढांचा बनाना है जिसे तय पॉलिसी चक्रों का इंतजार किए बिना बदला जा सके। इस व्यापार रणनीति के अनुरूप, मोदी सरकार के 2026 के केंद्रीय बजट में भारत को एक वैश्विक उत्पादन और सोर्सिंग बेस के रूप में स्थापित करने के लिए नई पहलें शामिल थीं, जो मुख्य रूप से रक्षात्मक व्यापार रुख से हटकर अधिक आक्रामक, दूरदर्शी दृष्टिकोण की ओर बढ़ रही हैं।

भारत की बदलती व्यापार नीतियों का लक्ष्य सिर्फ एक्सपोर्ट और निवेश पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय अर्थव्यवस्था को वैश्विक नेतृत्व के लिए फिर से स्थापित करना है। व्यापक मुक्त व्यापार समझौतों और सरल टैरिफ प्रणालियों के साथ उत्पादों और सेवाओं के उद्योग में भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। भारत हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग, श्रम-गहन एक्सपोर्ट, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और मजबूत मुक्त व्यापार समझौतों पर ध्यान केंद्रित करके साल 2032 तक त्त10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनने की नींव रख रहा है। इन सुधारों का मकसद लंबे समय में प्रति व्यक्ति आय बढ़ाना और नौकरियां पैदा करना भी है, खासकर भारत के युवाओं के लिए। ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष महामहिम उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने 16वें भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में ऐतिहासिक उपलब्धि की घोषणा की। यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, जिसका वैश्विक जीडीपी में 25% हिस्सा है, और भारत की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, एक भरोसेमंद साझेदारी और अभूतपूर्व बाजार पहुंच स्थापित कर रही हैं। 99 प्रतिशत से अधिक भारतीय निर्यात को यूरोपीय संघ में तरजीही प्रवेश दिया गया है, जिससे विकास की अपार संभावनाएं खुल रही हैं। भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते का मूल लक्ष्य भारत और 27 यूरोपीय संघ के सदस्यों के बीच व्यापार की पूर्वानुमेयता, सामर्थ्य और सुगमता में सुधार करना है। कपड़ा, चमड़ा, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-गहन उद्योगों में 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर के निर्यात को क्क्ष्इ के तहत तरजीही पहुंच से बहुत फायदा होगा, क्क्ष्इ ख्र्ट्टख्र्क्प के लिए नए अवसर खोलेगा और महिलाओं, कारीगरों, युवाओं और पेशेवरों के लिए रोजगार पैदा करेगा। इसके अतिरिक्त, पारस्परिक बाजार पहुंच के साथ क्क्ष्इ का सावधानीपूर्वक कैलिब्रेटेड ऑटो उदारीकरण भारत के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य निर्यात के लिए दरवाजे खोलेगा और संवेदनशील कृषि उत्पादों और डेयरी क्षेत्र को बिना किसी बाजार पहुंच के सुरक्षित रखेगा। यूरोपीय संघ भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक भागीदारों में से एक है, जिसमें उत्पादों और सेवाओं में द्विपक्षीय वाणिज्य समय के साथ धीरे-धीरे बढ़ रहा है। 6.4 लाख करोड़ रुपये (75.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के निर्यात और 5.1 लाख करोड़ रुपये (60.68 बिलियन अमेरिकी डॉलर) के आयात के साथ 2024-2025 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का द्विपक्षीय व्यापार कुल 11.5 लाख करोड़ रुपये (136.54 बिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा। साल 2024 में भारत और यूरोपीय संघ के बीच सेवाओं में व्यापार कुल 7.2 लाख करोड़ रुपये (83.10 बिलियन अमेरिकी डॉलर) रहा। दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक और युवा, जोशीली कामकाजी आबादी के साथ भारत इस फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का फायदा उठाकर रोज़गार बढ़ाने, इनोवेशन को बढ़ावा देने, कई तरह के उद्योगों में मौके खोलने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी कॉम्पिटिटिवनेस को बेहतर बनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। कमोडिटी और सेवाओं में ट्रेड, ट्रेड रेमेडीज़, कस्टम्स और ट्रेड फैसिलिटेशन जैसे पारंपरिक सेक्टर के अलावा, भारत-क्ठ ट्रेड पैक्ट में ट्ख्व्क्प और डिजिटल ट्रेड जैसे नए क्षेत्र भी शामिल हैं। इसके अलावा, क्ठ सदस्य देशों में जहां पारंपरिक मेडिकल तरीकों को रेगुलेट नहीं किया जाता है, वहां भारत ने भारतीय पारंपरिक चिकित्सा के प्रैक्टिशनर्स को अपने टाइटल के तहत काम करने का अधिकार हासिल कर लिया है।



कुल मिलाकर, भारत की व्यापार नीति अभी भी बदल रही है, जो बढ़ती अर्थव्यवस्था की ज़रूरतों और अंतर्राष्ट्रीय एकीकरण के महत्व के बीच संतुलन बना रही है। वैश्विकरण अपनाने से भारत जैसी अर्थव्यवस्थाओं को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के फायदों से आर्थिक विकास बढ़ाकर और जीवन स्तर को ऊपर उठाकर काफी बढ़ावा मिल सकता है। इसके अलावा, यह रेगुलेटरी और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार को बढ़ावा दे सकता है, जिससे कुल मिलाकर प्रभावशीलता और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी।

डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

# संसद में अनछपी किताब

**ऋतुपर्ण दवे**

लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होनी थी। परंपरा रही है कि राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में सरकार की जिन नीतियों, कार्यक्रमों और प्राथमिकताओं का उल्लेख किया है, सांसद उन पर चर्चा करते हैं। आलोचना भी करते हैं। विपक्ष का एजेंडा कुछ अलग भी हो सकता है। याद करें, जब केंद्र में कांग्रेस की पीवी नरसिम्हा राव सरकार थी और अटल बिहारी वाजपेयी नेता प्रतिपक्ष थे। तब अटल जी ने राष्ट्रपति अभिभाषण के संदर्भ में ही, बहस के दौरान, चीन का मुद्दा आक्रामक अंदाज में उठाया था और सरकार की भत्र्सना तक की थी। जब प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस और यूपीए सरकार थी, तब लालकृष्ण आडवाणी नेता प्रतिपक्ष थे। उन्होंने भी चीन के साथ सीमा-विवाद, सुरक्षा-विवाद और सैन्य तनावों का जिक्र करते हुए मनमोहन सरकार की तीखी आलोचना की थी। भारत-चीन संबंधों, टकरावों और विवादों पर संसद में बोलना 'वर्जित' नहीं है। यह सांसदों की संवैधानिक आजादी है कि वे कौनसा मुद्दा उठाते हैं। हालांकि संसद के दोनों सदन-लोकसभा और राज्यसभा-निश्चित नियमों में बंधे हैं। लोकसभा के नियम 349 (1) के तहत सांसद किसी भी किताब, पत्रिका, अखबार को उद्धृत नहीं कर सकते, जब तक वे उद्धरणों को सत्यापित नहीं करते। नियम 353 के तहत, यदि सांसद को इसी आधार पर अपनी बात कहनी है, तो वह स्पीकर और संबद्ध मंत्री को पहले नोटिस देगा। स्पीकर ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उद्धरणों के संदर्भ में इन नियमों का बार-बार हवाला दिया।

स्पीकर ने नियमानुसार अपनी व्यवस्था भी दे दी, लेकिन नेता प्रतिपक्ष जिद पर अड़े रहे। सवाल करते रहे कि आखिर सरकार डरी हुई क्यों है? सरकार उनके वक्तव्य से असहज क्यों है? दरअसल नेता प्रतिपक्ष पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे द्वारा लिखित, लेकिन अभी तक अप्रकाशित किताब के कुछ अंश संसद में पढक़र प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृहमंत्री अमित शाह को बेनकाब करना चाहते थे। राहुल गांधी जो वाक्य बोल पाए, उनमें डोकलाम टकराव का जिक्र सुनाई दिया, जबकि चीनी सेना के साथ तनाव, टकराव और युद्ध जैसे हालात पूर्वी लद्दाख में पैदा हुए थे। जून, 2020 को जो 'गलवान संघर्ष' हुआ और हमारे 20 जांबाज सैनिक 'शहीद' हुए, वह भी लद्दाख में हुआ था। जनरल नरवणे तब सेना प्रमुख थे और वह अप्रैल, 2022 तक इस पद पर रहे। गौरतलब है कि जनरल नरवणे की कथित आत्मकथा 'फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी' अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन उसका हार्डकवर अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन शॉपिंग साइट्स पर उपलब्ध है। किताब के प्रकाशन की अनुमति देना सरकार का विशेषाधिकार है, क्योंकि पूर्व सेना प्रमुख की किताब राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारी युद्ध रणनीति से भी जुड़ी है। हमारा दुश्मन देश उन जानकारियों का नाजायज फायदा उठा सकता है। लिहाजा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की संसद में आपत्ति और हस्तक्षेप तार्किक था। उन्होंने स्पीकर से आग्रह किया कि नेता प्रतिपक्ष को इस विषय पर न बोलने दिया जाए, क्योंकि वह देश को गुमराह कर रहे हैं। राहुल गांधी के हाथ में दिल्ली प्रेस की पत्रिका 'कारवां' की फोटोप्रति थी, जिसमें कुछ अंश छपे हैं। इससे पहले करीब दो साल पहले कुछ अंश 'द प्रिंट' पत्रिका में छप चुके हैं। समाचार एजेंसी 'पीटीआई' ने कुछ अंश दिसंबर, 2023 में प्रकाशित किए थे। जाहिर है कि जनरल नरवणे की किताब के कई अंश तो सार्वजनिक हो चुके हैं। सदन में रक्षा मंत्री, गृहमंत्री और संसदीय कार्य मंत्री की जबरदस्त आपत्तियां इसलिए थीं, ताकि राहुल गांधी के जरिए कुछ विवादास्पद जानकारियां लोकसभा के रिकॉर्ड में दर्ज न हो सकें और इस तरह विकृत इतिहास न बन सके। दरअसल चीन का मुद्दा जनरल नरवणे के खुलासों तक ही सीमित नहीं है। मौजूदा संदर्भ ने सेना के पूर्व जनरलों और कर्नल सरीखे विशेषज्ञों के विरोधाभास भी बेपर्दा कर दिए। कुछ पूर्व जनरल उन भारत-चीन समझौतों पर ही सवाल उठा रहे हैं, जो 1993, 1997, 2005 से लेकर 2013 तक किए गए थे। गलवान इसीलिए संभव हो सका, क्योंकि हमारे सैनिक हथियार नहीं उठा सकते थे, गोली नहीं चला सकते थे, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौते हुए थे। संसद की कार्यवाही सोमवार को भी नहीं हो सकी, अब भी हंगामा जारी रहेगा, क्योंकि चीन का मुद्दा बेहद संवेदनशील है।

## सेहत मंत्र

# स्मोकिंग छोड़ने में मदद करेगी काली मिर्च

धूम्रपान करना सेहत के लिए बिल्कुल भी अच्छा नहीं माना जाता है। लगातार स्मोकिंग करने से व्यक्ति कई तरह की गंभीर बीमारियों से घिर जाता है। इसलिए यह कहा जाता है कि व्यक्ति को इस लत से दूर रहना चाहिए। अगर वह स्मोकिंग करता भी है तो उसे जल्द से जल्दी छोड़ने के उपाय करने चाहिए। ऐसे में काली मिर्च का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, काली मिर्च में कई औषधीय गुण पाए जाते हैं, जो आपको कई लाभ पहुंचाते हैं। आप काली मिर्च को कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल कर सकते हैं और धूम्रपान की अपनी इस लत से पूरी तरह निजात पा सकते हैं। काली मिर्च को इस्तेमाल करने से आपको कई मायनों में लाभ मिलता है। सबसे पहले तो यह आपको स्मोकिंग की तलब को कम करता है। इसके अलावा, जब आप स्मोकिंग नहीं करते हैं तो ऐसे में उसके कारण होने वाली एंग्जाइटी भी इसकी वजह से कम होती है। इस तरह आपको लिए सिगरेट छोड़ पाना अधिक आसान हो जाता है। काली मिर्च में मौजूद एंटी-ऑक्सिडेंट उन लोगों में निकोटीन की क्रेविंग को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी का उपयोग किए बिना सिगरेट छोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। काली मिर्च एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल किया जाता है तो यह एक बेहतरीन डिटॉक्सिफाइंग एजेंट के रूप में काम करता है। जिसका अर्थ है कि यह सिगरेट की तलब को कम करने के लिए शरीर से विषाक्त पदार्थों और निकोटीन अवशेषों को साफ करने में मदद कर सकता है। जिससे आपके लिए स्मोकिंग से निजात पाना काफी आसान हो जाता है। काली मिर्च सिगरेट की तलब को कम कर सकता है। यहां तक कि एक स्टडी में भी यह बात सामने आ चुकी है। जब आप काली मिर्च एसेंशियल ऑयल को इनहेल करते हैं तो इससे आपको सिगरेट स्मोकिंग की तलब कम होती है। इसके इस्तेमाल के लिए आप एक टिश्यू पर काली मिर्च के तेल की एक बूंद को डालें और फिर उसे इनहेल करें। इससे यकीनन आपको बेहद मदद मिलेगी। इसके अलावा, अगर आप चाहें तो पानी को गर्म करके उसमें काली मिर्च के तेल को डालकर उससे भी भाप ले सकते हैं। यह आपको कई मायनों में फादा पहुंचाएगा।

## धर्म मंत्र

# कामरूप कामाख्या देवी मंदिरः जहां काले जादू के प्रभाव को दूर किया जाता है

हिन्दू मान्यता के अनुसार माता सती के शरीर के टुकड़े जिन स्थानों पर गिरे उनकी पूजा शक्ति पीठ के रूप में की जाती हैं। यहां माता सती की योनि वाला हिस्सा गिरा था अतः यहां माता की आराधना योनि के रूप में ही की जाती है। यह मंदिर तंत्र क्रियाओं के लिए भी जाना जाता है। कामाख्या मंदिर नीलांचल पर्वत पर स्थित है, मान्यता है माता की योनि यहां पर विग्रह के रूप में परिवर्तित हो गयी थी यह विग्रह आज भी रजस्वला होती है। लोग यहां काले जादू का प्रभाव दूर करने के लिए आतें हैं। माता के मंदिर में किसी तरह का जादू टोना या वशीकरण किया जाता है तो ऐसा नहीं है। मंदिर में केवल टोने-टोटके और काला जादू के प्रभाव को दूर किया जाता है। साल में एक बार यहां बहुत विशाल मेला लगता है जहां लाखों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। मंदिर में रज धर्म के दौरान जो कपड़ा प्रयोग किया जाता है प्रसाद के रूप में वितरित होता है। मंदिर परिसर में अघोरी और साधु मौजूद होते है जो दस विद्या के ज्ञाता होते हैं मान्यता है इन्हे सिद्धियां और शक्तियां प्राप्त होती हैं यह अघोरी लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए अनुष्ठान करते है। जून में 22 से 24 मंदिर जून तक मंदिर के कपाट बंद रहते हैं मान्यता है इन दिनों देवी रजस्वला होती हैं। इस अवधि के दौरान ब्रह्मपुत्र नदी का पानी भी लाल हो जाता है। मंदिर के कपाट 25 जून की सुबह 5-30 पर खुलते हैं इसके बाद देवी की पूजा अर्चना की जाती है। इसके पश्चात देवी का रजस्वल वस्त्र श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में वितरित किया जाता है। इस इस समय यहां बहुत भव्य आयोजन होता है जहां देश- विदेश के श्रद्धालु और तांत्रिक एकत्र होते हैं।

## पर्यटन



# सौराष्ट्र की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाला शहर है भावनगर

गुजरात के भावनगर शहर को तालाबों और मंदिरों का घर भी कहा जाता है। गुजरात के पश्चिम भाग में स्थित इस शहर की स्थापना सन 1743 में भावसिंहजी गोहिल द्वारा की गयी थी। इतिहास में उल्लेख मिलता है कि उनके पूर्वज राजस्थान के मारवाड़ क्षेत्र से यहाँ आए थे। उस समय यह एक फलता-फूलता बंदरगाह था। भावनगर लगभग दो शताब्दी तक बड़ा बन्दरगाह बना रहा और यहाँ से अफ्रीका, मोजांबिक, जंजीबार, सिंगापुर और खाड़ी के देशों के साथ व्यापार चलता था। अब तो घोंघा और अलंग बंदरगाह पर जहाज़ तोड़ने का बहुत बड़ा उद्योग विकसित हो चुका है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिला हुआ है। यह शहर 1947 तक एक रियासत की राजधानी था जिसका बाद में भारतीय संघ में विलय हो गया था। भावनगर का विक्टोरिया पार्क पक्षी प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है माना जाता है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए शत्रुंजय हिल पर स्थित जैन मंदिर पलिताना और वेलवदर अभ्यारण्य है। दरबारगढ़ (शाही निवास) भावनगर के मध्य में स्थित है। बताया जाता है कि भावनगर के शासकों ने मोतीबाग़ और नीलमबाग़ महल को अपना स्थाई निवास बनाया था। यहां गाँधी स्मृति संग्रहालय है जहां गांधीजी से संबंधित पुस्तकें और गांधीजी के फोटो देखे जा सकते हैं। यहाँ पर सौराष्ट्र की संस्कृति का प्रतिनिधित्व करने वाली सामग्री का अच्छा-खासा संग्रह है। इसके अलावा भावनगर में बर्टन पुस्तकालय और तक्तेश्वर मंदिर भी प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। भावनगर देश का एक महत्त्वपूर्ण वाणिज्यिक एवं औद्योगिक केंद्र भी है क्योंकि यहाँ कताई और बुनाई मिलें हैं। इसके अलावा यहाँ धातु-शिल्प, टाइल व ईंट बनाने के कारख़ाने, लोहे का ढलाईख़ाना और रासायनिक संयंत्र भी हैं। यहाँ केंद्रीय लवण एवं समुद्री रसायन शोध संस्थान भी है। इसके अलावा बंदरगाह पर स्थित लॉक गेट पूरे एशिया में अनोखा माना जाता है। साथ ही भावनगर में पढ़ाई के अनेकों अच्छे और बड़े संस्थान हैं जिनमें पढ़ाई के लिए देशभर से छात्र आते हैं।

# पंचायत प्रशासन की लापरवाही से मासूम की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।आदर्श नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 ताला गांव में पंचायत प्रशासन की लापरवाही से एक मासूम की जान चली गई। वार्ड में खुले गड्ढे और असुरक्षित कुएं वर्षों से हादसों को दावत दे रहें हैं।कई शिकायतों के बावजूद भी जिम्मेदारों ने आंखें मूंदे रखीं।अगर प्रशासन के द्वारा ठोस कार्रवाई की गई होती तो शायद हादसा टल सकता था।बीते रविवार शाम करीब चार बजे 15 माह का मासूम वेदप्रताप अपनी दादी सियारानी के साथ खेल रहा था।दादी जब घर के अंदर बिस्कुट लेने गईं,उसी दौरान वेदप्रताप खेलते हुए घर के पास बने गन्दे पानी भरे खुले गड्ढे में गिर गया।जब दादी लौटीं तो बच्चा दिखाई नहीं दिया।खोजबीन के दौरान काफी देर बाद गड्ढे में पड़ा मिला।परिजन अफरा तफरी के बीच उसे तत्काल सीएचसी रामसनेहीघाट और अन्य अस्पताल लेकर पहुंचे,लेकिन तब तक वेदप्रताप की मृत्यु हो चुकी थी।मृतक के पिता उदयराज ने बताया कि दो बेटियों के बाद कई मन्नतों और दुआओं के बाद पुत्र जन्मा था।पूरे परिवार में खुशियां थीं,जो कि एक पल में मातम में बदल गईं।सभासद रीता देवी ने बताया कि जल निकासी को लेकर अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र दिया गया था,लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस हादसे ने नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मग़फ़िरत और रहमत की रात है : मौलाना मोहम्मद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



ज़ैदपुर बाराबंकी। जमीयत उलेम-ए-हिंद के तत्वावधान में ज़ैदपुर के बड़ा पूरा स्थित जामा मस्जिद में ल्लफ़ज़ाइल-ए-शबे-बरात एवं इस्तक़बाल-ए-रमज़ानङ्क विषय पर एक विशाल धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता मौलाना मोहम्मद अंसार जामई (ख़ज़ानची, जमीयत उलेमा-ए-हिंद उत्तर प्रदेश) ने कहा कि शाबान का महीना अत्यंत फ़ज़ीलत और बरकत वाला है, विशेषकर इसकी पंद्रहवीं रात, जिसमें अल्लाह तआला अपने बंदों की ज़िंदगी, मौत, रोज़ी और साल भर के मामलों का फ़ैसला फ़रमाता है और असंख्य लोगों की मग़फ़िरत करता है।

उन्होंने बताया कि इस रात अल्लाह तआला सभी बंदों को माफ़ फ़रमाता है, सिवाय मुशरिक,वर्तमान समय में संगठन चाहता है कि नौजवान शारीरिक और बौद्धिक रूप से मज़बूत हों, ताकि आवश्यकता पड़ने पर देश और धर्म की रक्षा के लिए डटकर खड़े हो सकें। सभा के विशिष्ट वक्ता मौलाना सैयद अज़हर क़ासमी (नाज़िम-ए-तालीमात, जामिया दारुर्रशाद, बंकी) ने कहा कि शाबान का महीना दरअसल रमज़ानुल मुबारक के स्वागत का महीना है। कार्यक्रम की शुरुआत क़ारी मसीहुर्रहमान मज़ाहिरी (संस्थापक व प्रबंधक, जामिया रहमानिया ज़ीनतुल क़ुरआन, रामपुर कटरा) की क़ुरआन तिलावत से हुई। कार्यक्रम की सरपरस्ती हाजी मोहम्मद शुऐब अंसारी ने की। नेतृत्व हाफ़िज़ फ़ज़ील अहमद (महतमिम, मदरसा जामिया अरबिया इमदादुल उलूम, ज़ैदपुर) ने किया तथा अध्यक्षता मुफ़्ती अब्दुल हलीम मज़ाहिरी ने की। मौलाना जमाल क़ासमी की संचालन में आयोजित इस सभा में मौलाना क़ारी इम्तियाज़ुल हक़ क़ासमी, मौलाना मोहम्मद उमर मज़ाहिरी, क़ारी मोहम्मद शरीफ़ अंसारी, मास्टर ज़फ़रुल हसन अंसारी, क़ारी मोहम्मद ज़ुबैर (इमाम जामा मस्जिद), हबीबुर्रहमान (मोअज़्ज़िन), सईदुर्रहमान अंसारी, मोहम्मद ज़मीर, मोहम्मद जुनैद, मोहम्मद जावेद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को जिंदा जलाने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

पूरनपुर। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता को जिंदा जलाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आग से झुलसी महिला की हालत गंभीर बनी हुई है, जिसे पहले सीएचसी और बाद में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर पति सहित छह ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव मल्लपुर न्यूरिया निवासी नूरी की शादी वर्ष 2018 में फिरोज खान निवासी मदीना नगर मुझा रोड के साथ हुई थी। नूरी के दो छोटे बच्चे हैं। पीड़िता के अनुसार शादी के बाद से ही ससुराली दहेज को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करते आ रहे थे। आरोप है कि ससुराल पक्ष दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और सोने के आभूषणों की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर नूरी के साथ कई बार मारपीट भी की गई।मंगलवार को नूरी का पति फिरोज घर पर मौजूद नहीं था। इसी दौरान आरोप है कि सास रिहाना और देवर आदिल उर्फ मीनू ने नूरी पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। आग लगने से नूरी गंभीर रूप से झुलस गई। परिजनों व ग्रामीणों की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया।घटना की सूचना मिलते ही सीओ डा. प्रतीक दहिया पुलिस फोर्स के साथ अस्पताल पहुंचे और पीड़िता के बयान दर्ज किए। नूरी ने स्पष्ट रूप से ससुरालियों पर दहेज के लिए जलाने का आरोप लगाया। अस्पताल में मौजूद नूरी के पिता ने भी ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए। महिला की हालत नाजुक होने के चलते चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पति फिरोज खान, सास रिहाना, ससुर महमूद खान, देवर आदिल उर्फ मीनू, अफरोज खान और ननद नसरीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। वुधवार दोपहर दो बजे कोतवाल पवन पांडे ने बताया कि महिला के आरोपों की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## मतदाता सूची से छेड़छाड़ पर आज कांग्रेस का आंदोलन

सुल्तानपुर। भाजपा सरकार और उसके इशारे पर काम कर रहा प्रशासन अब मताधिकार छीनने की खुली साजिश पर उतर आया है। एसआईआर के नाम पर जीवित, वैध और पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे हैं, जो लोकतंत्र पर सीधा हमला है। इसी जनविरोधी, लोकतंत्र विरोधी और संविधान कुचलने वाली कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में आज बृहस्पतिवार को जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक और विशाल जन आंदोलन किया जाएगा।

# फॉर्म सात खेल मंसूबा, सड़क से सदन तक होगा विरोध, सपा का जंग-ए- ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । समाजवादी पार्टी ने सड़क से सदन तक एस ए आर के नाम पर भ्रष्टाचार करने वालों के खिलाफ जंग का ऐलान किया। बाराबंकी जिला मुख्यालय पर बकायदे प्रेस कांफ्रेंस के जरिए सपा ने आक्रोश जताते हुए चेतावनी दे डाली।फॉर्म 7 के माध्यम से पात्र मतदाताओं के फर्जी तरीके से कुछ लोगों द्वारा वोट काटने की कार्रवाई करने वालों के खिलाफ एफआईआर करा कर जेल भेजेंगे। किसी मतदाता के साथ नहीं होने देंगे भेदभाव जिला प्रशासन से मिलकर देंगे पूरी जानकारी और संबंधित के खिलाफ दर्ज करायेंगे प्राथमिकी।

बाराबंकी जनपद के एस आई आर प्रभारी एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने छाया चौराहा स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद पूर्व मंत्री/ विधायक रामनगर फरीद महफूज किदवाई सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव पूर्व विधायक रामगोपाल रावत पूर्व विधायक राम मगन रावत पूर्व विधान परिषद सदस्य राजेश यादव राजू प्रदेश प्रवक्ता फैजान किदवाई सहित अन्य नेताओं की उपस्थिति में आयोजित महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस व्यक्त किये। राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने गंभीर मुद्दो को सामने रखते हुए कहा फार्म 7 के माध्यम से पीडीए एवं विशेष रूप से अल्पसंख्यकों का वोट कटवाने की साजिश निरंतर की जा रही है मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर धांधली की तैयारी हो रही है फार्म 7 के फर्जी तरीके से इस्तेमाल की पूरे प्रदेश की हर विधानसभाओं से शिकायत मिल रही है। समाजवादी पार्टी ने चुनाव आयोग को लिखित शिकायते दी है। फार्म 7 की धांधली और लिखित शिकायतों के बाद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

श्री गोप ने चुनाव आयोग से फार्म 7 के जरिए हो रही धांधली को रोकने की मांग करते हुए कहा कि डाउन लोडेड फार्म के सत्यापन की वैकल्पिक व्यवस्था हो। हर फार्म पर नम्बरिंग हो। कागजी फार्म 7 पर भारत निर्वाचन आयोग का होलोग्राम हो। फार्म 7 के अब तक जमा सारे फार्म निरस्त किये जाये। अब तक जमा किये गये फार्म 7 के हस्ताक्षरों की न्यायिक जांच हो। घपलेबाजी को पकड़ने के लिए आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस का सहारा लिया जाये। फार्म 7 जमा करते समय की सीसीटीवी फुटेज निकाली जाये। जो भी आरोपी पकड़ा जाये उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर संबंधित के खिलाफ साजिश करने के साथ उसके ऊपर 420 का मुकदमा चलाया जाय। राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा उत्तर प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी क्या कर रहे है। वे किस तरफ है। समाजवादी पार्टी की तमाम लिखित शिकायतों के बाद भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं कर रहे हैं। आज इस परिस्थिति में प्रदेश के बीएलओ हताश और निराश है। भाजपा ने बीएलओ का नाम ही वोटर लिस्ट से काटने की सूची भेज दी है। इससे बड़ा फार्म 7 के दुरुपयोग का प्रमाण और क्या चाहिए।

श्री गोप आगे कहा कि लोकतंत्र में आम जनता का सबसे बड़ा अधिकार वोट ही है और आप मतदाता को उसके इसी अधिकार से फर्जी तरीके से वंचित किया जा रहा है जो किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इसकी हर संभव लड़ाई लड़ी जाएगी अगर कार्रवाई नहीं होती है तो समाजवादी पार्टी सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेगी।

प्रेस वार्ता में उपस्थित सभी पूर्व मंत्रियों विधायकों पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन एवं चुनाव आयोग से इस तरह की धांधली को रोकने के लिए तत्काल मजबूत कदम उठाने क्या अपील करते हुए फार्म 7 की गड़बड़ी में शामिल लोगो के ऊपर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए कहा भाजपा हार के डर से घबराई हुई है इसीलिए वह पीडीए मतदाताओं खासकर अल्पसंख्यकों का वोट काटने का षडयंत्र कर रही है पेन ड्राइव के जरिए टारगेट करके विधान सभाओ में वोट काटने के लिए सूची भेजी जा रही है जिस पर सभी विधायक पूर्व विधायक विधानसभा अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष पदाधिकारियों की पैनी नजर है हमारा हर पीडीए बूथ प्रहरी अपने-अपने बूथ की निगरानी कर रहा है जहां से भी किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत आएगी तत्काल समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी विधायक मौके पर पहुंचकर इस प्रकार का कृत्य करने वालों को रंगे हाथों पकड़ने का काम करेंगे जिसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर 9839204142 भी जारी किया।

प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला महासचिव हिमांशु यादव जिला प्रवक्ता मीडिया प्रभारी वीरेंद्र प्रधान जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा जिला उपाध्यक्ष अजय वर्मा बबलू कामता प्रसाद यादव जसवंत यादव कार्यालय सचिव राजकुमार वर्मा मास्टर मुस्तफा हसमत अली मेराज अहमद शान सिद्दीकी बाबुल मिश्रा सहित तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सागर इंस्टीट्यूशंस में खेल महोत्सव का भव्य आगाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। सागर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में बुधवार को 'सिनर्जी रेस ऑफ ग्लोरी' खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष (प्रेसिडेंट) श्रीमती मधु अग्रवाल, जनरल सेक्रेट्री मानस झुनझुनवाला, निदेशक डॉ. जे. बी. सिंह, प्राचार्य एस. के. मिश्रा, डीन ए. के. त्रिपाठी, प्रिंसिपल विनीत शर्मा,हेमंत सिंह एस. ए. खान तथा फैकल्टी हेड कॉर्डिनेटर डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, राजेश कुमार शर्मा, श्रीमती विनीता एवं श्री नरेंद्र की गरिमा मयी उपस्थिति रही। खेल प्रतियोगिताओं की शुरुआत कबड्डी मुकाबले से हुई, जिसका पहला मैच डिप्लोमा थंडर और डिप्लोमा वॉरियर्स के बीच खेला गया, जिसमें डिप्लोमा वॉरियर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 22 अंकों से जीत दर्ज की।इसके अतिरिक्त फार्मेसी स्नातक टीम बनाम डिप्लोमा टीम के बीच भी मुकाबला हुआ, जिसमें स्नातक टीम ने विजय प्राप्त की। क्रिकेट प्रतियोगिता में बीसीए प्रथम वर्ष की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 137 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीबीए प्रथम वर्ष की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 143 रन बनाकर 5 विकेट से मैच जीत लिया, जिससे दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।इस आयोजन को सफल बनाने में छात्र प्रमुख समन्वयक राहुल कुमार रे, सूरज कुमार राघवेंद्र एवं विकास कुमार सिंह सहित अन्य छात्र समन्वयकों का सराहनीय योगदान रहा।

## पुलिस ने चलाया अभियान, साइबर अपराध से कैसे बचें

सुल्तानपुर। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के दिशानिर्देश में बढ़ते साइबर क्राइम से शिवगढ़ थानाक्षेत्र में साइबर अपराध से आम जनता को बचाने के लिए प्रभारी थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा के नेतृत्व में आम जनमानस को साइबर फ्रॉड से कैसे बचा जाए इसके लिए वृहद स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाकर जागरूक किया। खासकर महिलाओं से थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने साइबर फ्रॉड से सजग कैसे रहा जाए, इसके लिए उन्हें टिप्स देते हुए बताया की। साइबर फ्रॉड करने वालों का टार्गेट अधिकतर महिलाए होती है, तरह-तरह के प्रलोभन व भय दिखाकर आपके बैंक खाते खाली कर लेते है,आप ऐसी काल आने पर घबराए नही,ऐसी किसी भी काल पर अपनी कोई भी जानकारी साझा न करें, जिससे आपको आर्थिक क्षति उठानी पड़े। थानाध्यक्ष चंद्रभान वर्मा ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहाकि आपलोग अपराध व अपराधी गतिविधियों की जानकारी पुलिस से साझा करे, आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी, किसी भी समय आप मित्र पुलिस से संपर्क कर सकते है।

## ब्लॉक दिवस, एडीओ ने सुना जन समस्याएं

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ब्लाक मुख्यालय पर बुधवार को ब्लाक दिवस का आयोजन हुआ। एडीओ पंचायत राजेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित ब्लाक दिवस में आए पीड़ित फरियादियों की समस्याएं सुनी गई,व उनकी समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आयोजित ब्लाक दिवस में एडीओ आईएसबी राधेश्याम, ग्राम पंचायत सचिव सचिन अवस्थी, रवींद्र कुमार,विवेक सोनकर हरीराम, संजय चौधरी,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार , समेत ब्लाक के संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## कथा स्थल का बीडी ने किया निरीक्षण

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । बड्डूपुर स्थित मूर्ति स्वामी मंदिर परिसर में प्रस्तावित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर बुधवार को खंड विकास अधिकारी निंदूरा आलोक वर्मा एवं एडीओ पंचायत अनिल सिंह ने परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने साफ-सफाई सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। खंड विकास अधिकारी आलोक वर्मा ने ग्राम सचिव राजेश निगम एवं आयोजन समिति को निर्देश दिए कि नौ फरवरी से 15 फरवरी तक चलने वाले आयोजन के दौरान मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्रों में विशेष सफाई टीम तैनात रखी जाए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।निरीक्षण के दौरान पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की आवाजाही पर भी चर्चा की गई। इससे पहले अधिकारियों ने मंदिर में पूजा अर्चना की।

## कलश यात्रा संग राम कथा प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन का शुभारंभ

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्री राधा कृष्ण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्रीराम कथा अमृत वर्षा अनुपम अवसर बुधवार को भव्य कलश यात्रा संग प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा ग्राम पंचायत मल्लावा स्थित पंच पकरिया माता मंदिर से प्रारंभ होकर राजापुर, रामपुर, रोशनपुर होते हुए मल्लावा में संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजन समिति के अनुसार धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला चार फरवरी से 10 फरवरी तक चलेगी। चार फरवरी को भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। पांच फरवरी को अन्नाधिवास व फलाधिवास, छः फरवरी को बारात, नगर भ्रमण एवं पूजा-अर्चना संपन्न होगी। वहीं 10 फरवरी को दोपहर दो बजे से प्रभु श्रीराम की कथा के साथ विशाल भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर रामसागर गुप्ता, नरेंद्र वर्मा, पूर्व प्रधान राजेश यादव, रमेश वर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्रधान रोजगार सेवक ने सरकारी धन का किया बंदरबाट डीएम से शिकायत मचा हड़कंप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की ग्राम पंचायत बुढ़िया के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत की शिकायत में ग्राम प्रधान और रोजगार सेवक द्वारा सरकारी धन का दुरुपयोग करने की बात कही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान मगों देवी द्वारा अनेक मद की धनराशि आहरण कर ली गई है। गांव में कार्यों के नाम पर कुछ नहीं किया गया है। प्राथमिक विद्यालय व सामुदायिक शौचालय,नल मरम्मत के नाम पर सरकारी धन का बंदरबाट किया गया है। गांव में लगी स्ट्रीट लाइटों की गुणवत्ता बहुत ही खराब है। ज्यादा पैसे का बिल लगाकर घटिया स्टील लाइटें लगाई गई हैं। जो की खराब है। पुलिया निर्माण धार्मिक स्थल अमृतसरोवर में भी मोटी धनराशि निकाल ली गई है।खेल मैदान की राशि आहरण कर ली गई है। ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर बनाकर प्रधान पति झब्बूलाल ने कई कार्यो में घोटाला किया है। गांव में विकास के लिए जो भी पैसा आता है। वह फर्जी ढंग से ग्राम प्रधान व सचिव रोजगार सेवक बंदरबाट कर लेते हैं।गांव में किसी प्रकार का कोई विकास कार्य नहीं हो रहा है। ग्राम पंचायत में सदस्यों की कोई भी खुली बैठक नहीं कराई जाती है। फर्जी हस्ताक्षर व अंगूठा लगाकर फर्जी प्रस्ताव पास कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। विकास कार्यों के नाम पर धन का बंदरबाट करके निजी काम करवाया जा रहा है। ग्राम प्रधान व रोजगार सेवक अपने चाहते लोगों के खाते में बगैर मनरेगा कार्य कराए पैसा भेज देते हैं। ग्राम पंचायत में छेदालाल के घर से ट्रांसफार्मर तक सड़क निर्माण करवाया गया जिसकी निर्माण सामग्री बहुत ही घटिया लगाई गई है। सड़क बनने के बाद से ही टूटने लगी है।ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर ग्राम पंचायत में किए गए घोटालों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

# अतिशीघ्र हो समस्त परिषदीय शिक्षकों का वेतन भुगतान : अभिषेक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी ।चलऽअचल संपत्ति विवरण को लेकर जारी हालिया शासनादेश ने परिषदीय शिक्षकों के बीच जिस भ्रम और असमंजस को जन्म दिया, वह अब केवल स्थानीय स्तर का विषय नहीं रह गया है। आदेश के सूक्ष्म अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि यह प्रावधान राज्य कर्मचारियों पर लागू है। भले ही पत्र में बेसिक शिक्षा शब्द का उल्लेख हो, किंतु उसका आशय बेसिक शिक्षा विभाग के अधीन कार्यरत राज्य कर्मचारी हैं, न कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर इसे परिषदीय शिक्षकों से जोड़कर देखा जाने लगा, जिससे वेतन और सेवा शर्तों को लेकर चिंता स्वाभाविक थी। इसी क्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह ने वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्या से, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक से वार्ता की, स्पष्ट किया कि परिषदीय शिक्षक राज्य कर्मचारी नहीं हैं, अतः वर्तमान आदेश उन पर लागू नहीं होता। बिना किसी स्पष्ट शासनादेश के चलऽअचल संपत्ति विवरण को वेतन से जोड़ना न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि शिक्षक हितों के भी प्रतिकूल है। इस मुद्दे पर केवल जिला स्तर ही नहीं, बल्कि प्रांतीय संगठन ने भी स्पष्ट रूप से आपत्ति दर्ज कराई है। प्रांतीय नेतृत्व ने एक स्वर में कहा है कि यदि इस आदेश को परिषदीय शिक्षकों पर लागू करने का प्रयास किया गया, तो उसका संगठित और लोकतांत्रिक विरोध किया जाएगा। यह विरोध किसी पारदर्शिता के खिलाफ नहीं, बल्कि अस्पष्ट और अन्यायपूर्ण व्याख्या के विरुद्ध है, वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्या ने मार्गदर्शन पत्र भेजे जाने एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने सकारात्मक रुख प्रदर्शित करते हुए प्रकरण के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# महाशिवरात्रि फागुन मेला महादेवा के दृष्टिगत मार्ग डायवर्जन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। महाशिवरात्रि एवं श्रीलोधेश्वर महादेवा फाल्गुनी कांवरिया मेले में श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को देखते हुए जनपद में 5 फरवरी से 16 फरवरी तक यातायात मार्ग परिवर्तन लागू रहेगा।इस दौरान भारी एवं हल्के वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।लखनऊ से रामनगर होते हुए बहराइच गोंडा की ओर जाने वाले भारी वाहनों को अयोध्या रेउसा व चहलारी घाट के रास्ते भेजा जाएगा वहीं हल्के वाहन उधौली मोड़ सिरौलीगौसपुर व चौकाघाट होकर आवागमन करेंगे।बहराइच व गोंडा की ओर से आने वाले भारी वाहनों को चहलारी घाट रेउसा मार्ग से तथा हल्के वाहनों को रामनगर सफदरगंज मार्ग से निकाला जाएगा।श्रद्धालुओं व कांवड़ियों की संख्या के अनुसार आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त डायवर्जन तत्काल लागू किया जाएगा।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए गश्त पिकेट पीआरवी वाहन क्रेन की व्यवस्था की गई है।साथ ही मेला क्षेत्र व प्रमुख स्थानों पर एंबुलेंस और चिकित्सकीय टीमें तैनात रहेंगी।आपातकालीन वाहनों को डायवर्जन के दौरान नहीं रोका जाएगा।

# शूटिंग लीग ऑफ इंडिया फिर टली, इसी साल होगा आयोजन, तारीख की घोषणा बाद में

एजेंसी

नई दिल्ली। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) का उद्घाटन संस्करण एक बार फिर टाल दिया गया है। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) ने बुधवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। पहले यह लीग पिछले साल शुरू होनी थी, जिसे बाद में फरवरी 2026 तक के लिए स्थगित किया गया था। अब एनआरएआई ने स्पष्ट किया है कि लीग की शुरुआत इसी साल बाद में की जाएगी, हालांकि नई तारीखों का ऐलान अभी नहीं किया गया है।

आयोजकों की ओर से जारी बयान में कहा गया कि यह फैसला लीग की दीर्घकालिक मजबूती, बेहतर ब्रॉडकास्ट प्रभाव और दर्शकों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। बयान में कहा गया कि यह कदम शूटिंग लीग ऑफ इंडिया को भारतीय शूटिंग के सबसे बड़े उत्सव के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा और 2026 तथा उसके बाद होने वाले प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों से मिलने वाली खेलीय गति का पूरा लाभ उठाने का अवसर देगा। एनआरएआई का मानना है कि संशोधित कार्यक्रम से लीग को अंतरराष्ट्रीय शूटिंग कैलेंडर के साथ बेहतर तालमेल बिठाने में मदद मिलेगी। पहले प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार लीग की शुरुआत एशियन गेम्स जैसे बड़े बहु-खेल आयोजनों से पहले हो रही थी, जबकि उन खेलों में भारतीय निशानेबाजों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

एइची-नागोया एशियन गेम्स 19 सितंबर से 4 अक्टूबर के बीच आयोजित होने हैं, ऐसे में यह लगभग तय माना जा रहा है कि शूटिंग लीग ऑफ इंडिया अब साल की अंतिम तिमाही में ही आयोजित हो सकती है। एनआरएआई के अध्यक्ष कालीकेश नारायण सिंह देव ने कहा कि हमारी प्राथमिकता अपने खिलाड़ियों को सबसे बड़ा मंच देना है। सीजन को दोबारा व्यवस्थित करके हम ऐसा समय तय कर रहे हैं, जब शूटिंग लीग ऑफ इंडिया को टेलीविजन पर अधिकतम दर्शक मिल सकें। इससे हमारे खिलाड़ी बड़े आयोजनों से स्टार बनकर लौटेंगे और उन्हें वह पहचान मिलेगी, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस अतिरिक्त तैयारी समय से लीग को तकनीकी रूप से और भी बेहतर बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हम अल्फा टेस्टिंग से आगे बढ़कर ब्रॉडकास्ट पऱफेक्शन की ओर जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य पहले ही शॉट से दर्शकों को विश्वस्तरीय अनुभव देना है।

गौरतलब है कि लीग की शुरुआत में आठ शहर आधारित फ्रेंचाइजी की योजना थी, जिसे बाद में छह और फिर चार तक सीमित किया गया। एक साल की कोशिशों के बाद अब तक केवल तीन टीमें ही कार्यक्रम से जुड़ पाई हैं–दिल्ली नाइट वॉरियर्स, मुंबई एक्स कैलिबर्स और यूपी प्रोमीथियंस। इससे यह भी साफ होता है कि संभावित निवेशकों को जोड़ना आयोजकों के लिए एक चुनौती रहा है।

# एजी यूपी ने एजी हरियाणा को हराकर फाइनल में बनाई जगह

**एजी पंजाब से 06 फरवरी को होगा फाइनल मुकाबला**

एजेंसी



प्रयागराज। भारतीय लेखा एवं लेखा परीक्षा विभाग द्वारा आयोजित उत्तर क्षेत्रीय पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन एजी पंजाब के तत्वावधान में 2 से 6 फरवरी तक सेक्टर-42 हॉकी स्टेडियम, चंडीगढ़ में किया जा रहा है। आज बुधवार को खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में एजी उत्तर प्रदेश की टीम ने रोमांचक संघर्ष में एजी हरियाणा को 3-2 गोल से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। मैच के 10वें मिनट में एजी यूपी के नबीन ने पेनाल्टी कॉर्नर पर शानदार ड्रैग फ्लिक के माध्यम से गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 19वें मिनट में हरियाणा की टीम ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया।

एजी यूपी की ओर से इमरान खान सीनियर ने बेहतरीन फील्ड गोल कर टीम को पुनः बढ़त दिलाई। मैच के 35वें मिनट में हरियाणा ने एक और गोल कर स्कोर फिर से बराबर कर दिया। मैच के अंतिम पलों में निर्णायक मोड़ तब आया जब नबीन ने एक बार फिर पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल दागते हुए एजी यूपी के लिए विजयी गोल किया और टीम को फाइनल में पहुंचा दिया।

यह जानकारी एजीयूपी के राजेश कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि इस मुकाबले में संगम सिंह, इमरान जूनियर तथा गोलकीपर अंकित मलिक का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। पूरी टीम ने एकजुट होकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला 6 फरवरी को दोपहर 2 बजे एजी पंजाब की टीम के साथ खेला जाएगा।

# पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में श्याम लाल कॉलेज और जेडीएम की शानदार जीत

एजेंसी



नई दिल्ली । 12वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल हॉकी टूर्नामेंट में मेजबान श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने बुधवार को पुरुष वर्ग में दमदार प्रदर्शन जारी रखते हुए किरोड़ी मल कॉलेज को 5ऽ0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ श्याम लाल कॉलेज (प्रातः) ने टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज कर अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। मेजबान टीम की ओर से नंदकिशोर ने शानदार खेल दिखाते हुए दो गोल दागे, जबकि श्लोक, पंकज और हर्ष ने एक-एक गोल कर जीत को और प्रभावशाली बना दिया। बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नंदकिशोर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। महिला वर्ग में जानकी देवी महाविद्यालय (जेडीएम) ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज को 1ऽ0 से हराकर महत्वपूर्ण जीत हासिल की। मुकाबले का एकमात्र गोल कोमल ने किया, जबकि प्रभावी खेल के लिए अंजलि को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। दिन के अन्य मुकाबलों में श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) ने हंसराज कॉलेज को 4ऽ2 से मात दी। विजेता टीम के लिए समकित, मनसमर, इंदरपाल और आयुष ने एक-एक गोल किया। हंसराज कॉलेज की ओर से सागर यादव और गुरशीष ने गोल दागे। शानदार प्रदर्शन के लिए समकित को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

एक अन्य मुकाबले में श्याम लाल कॉलेज (सांध्य) ने किरोड़ी मल कॉलेज (केएमसी) को 3ऽ1 से पराजित किया। इस मैच में राघव ने दो गोल किए, जबकि हर्ष ने एक गोल का योगदान दिया। केएमसी की ओर से सागर ने एकमात्र गोल किया। बेहतरीन खेल के लिए रोहित को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

# महाराष्ट्र की लड़कियों और ओडिशा के लड़कों ने सब-जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप का खिताब जीता

एजेंसी



कुरुक्षेत्र। 35वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय खो-खो चैंपियनशिप (लड़के एवं लड़कियां) 2025-26 में लड़कियों की श्रेणी में, गत विजेता महाराष्ट्र ने राजस्थान को 27-15 से हराकर 12 अंक और एक इनिंग के अंतर से खिताब अपने नाम किया। लड़कों की श्रेणी में ओडिशा ने कोल्हापुर को 31-24 से हराकर 7 अंक और एक इनिंग के अंतर से चैंपियन बना।

लड़कों की श्रेणी में महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि लड़कियों की श्रेणी में पंजाब और हरियाणा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा स्पोर्ट्स खो-खो एसोसिएशन द्वारा खो-खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के तत्वावधान में किया गया था। राष्ट्रीय आयोजन का उद्घाटन हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 31 जनवरी को किया था। चैंपियनशिप में विभिन्न राज्यों, संघ शासित प्रदेशों और तीन संबद्ध सदस्य संघों – कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य भारत – की 31 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमें शामिल हुईं। खो-खो फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा, ये युवा प्रतिभाएं एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रही हैं। केकेएफआई उन्हें सर्वोत्तम प्रशिक्षण और सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को इस सब-जूनियर चैंपियनशिप को सफल बनाने के लिए बधाई देता हूं। हरियाणा स्पोर्ट्स खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह यादव ने कहा, "मैं विजेता टीमों के लिए 25,000 रुपये, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के लिए 20,000 रुपये और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के लिए 15,000 रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा करता हूं। तीसरे स्थान पर रही हरियाणा की लड़कियों की टीम के लिए मैं 1 लाख रुपये का पुरस्कार घोषित करता हूं।

लड़कियों की श्रेणी में महाराष्ट्र की राही पाटिल को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, राजस्थान की गुंजन को सर्वश्रेष्ठ अटैकर और महाराष्ट्र की अपर्णा वर्दे को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए आई.एल.ए अवॉर्ड से नवाजा गया। लड़कों की श्रेणी में महाराष्ट्र के वरद को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर, कोल्हापुर के गौरव माने को सर्वश्रेष्ठ अटैकर और ओडिशा के सत्य रंजन बेहरा को सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए भारत अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केकेएफआई के महासचिव उपकार सिंह विरक, हरियाणा स्पोर्ट्स खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष जवाहर सिंह यादव, महासचिव महेंद्र कम्बोज, कुरुक्षेत्र खो-खो एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार सैनी, हरियाणा सरकार के खेल विभाग की उप निदेशक सुनीता खत्री और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## यामल और अराउहो के गोल से बार्सिलोना सेमीफाइनल में, अल्बासेटे को 2-1 से हराया

अल्बासेटे, (स्पेन)। गत विजेता बार्सिलोना ने कोपा डेल रे में अल्बासेटे के 'जायंट-किलिंग' अभियान पर विराम लगाते हुए मंगलवार को क्वार्टरफाइनल मुकाबले में उसे 2ऽ1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम बन गई। हालांकि दूसरे डिवीजन की टीम अल्बासेटे ने अंत में जोरदार वापसी की कोशिश कर बार्सिलोना को कड़ी चुनौती दी।

बार्सिलोना के लिए लामिन यामल ने 39वें मिनट में शानदार गोल कर स्कोरिंग की शुरुआत की। इसके बाद कप्तान रोनाल्ड अराउहो ने दूसरे हाफ में कॉर्नर से हेडर लगाकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके साथ ही बार्सिलोना पिछले साल जीती गई ट्रॉफी का बचाव करने की दिशा में आगे बढ़ गया। मैच के अंतिम चरण में अल्बासेटे ने जोरदार दबाव बनाया। 87वें मिनट में जावियर मोरेनो ने फ्री-किक पर डाइविंग हेडर से गोल कर अंतर घटा दिया। स्टॉपेज टाइम में अल्बासेटे का एक और प्रयास बार्सिलोना की गोल लाइन से क्लीयर कर दिया गया, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक हो गया।

# इंग्लैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर मिक्स्ड डिसएबिलिटी टी-20 सीरीज जीती

एजेंसी



जयपुर। इंग्लैंड ने अपोलो मिक्स्ड डिसएबिलिटी टी-20ऋ सीरीज के चौथे मुकाबले में भारत को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3ऽ1 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। बुधवार को जयपुर में खेले गए इस मुकाबले में इंग्लैंड ने संयमित और आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन करते हुए लक्ष्य को पांच गेंद शेष रहते हासिल कर लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम लगातार विकेट गिरने के कारण बड़ी साझेदारियां नहीं बना सकी और 18.5 ओवर में 9 विकेट पर 133 रन ही बना पाई। भारत की ओर से जयेश परमार सबसे चमकदार बल्लेबाज रहे। उन्होंने 33 गेंदों में 59 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें पांच चौके और पांच छक्के शामिल थे। उनकी इस आक्रामक पारी ने भारतीय पारी को गति दी। आकाश सिंह ने 18 गेंदों में 21 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर योगेंद्र भदोरिया ने शीर्ष क्रम में 16 रन का योगदान दिया।

हालांकि, दूसरे छोर से नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे, जिससे भारत अंतिम ओवरों में तेजी से रन नहीं बना सका। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड टीम की शुरुआत संभली हुई रही। लियाम ओ'ब्रायन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 70 रन (41 गेंद) बनाए। उनकी पारी में चार चौके और तीन छक्के शामिल थे। ओ'ब्रायन ने पारी को बखूबी संभालते हुए भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना किया और टीम को जीत की ओर ले गए।

क्रिस्टोफर एडवर्ड्स ने 21 रन का उपयोगी योगदान दिया, जबकि कप्तान कैलम फ्लिन ने 12 रन जोड़कर रनचेज़ को स्थिरता प्रदान की। भारत ने बीच के ओवरों में अनुशासित गेंदबाजी से कुछ दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन इंग्लैंड के निचले मध्यक्रम ने संयम नहीं खोया। जॉर्डन विलियम्स अंत तक नाबाद रहते हुए टीम को जीत दिलाने में सफल रहे। इंग्लैंड ने 19.1 ओवर में 6 विकेट पर 136 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया और सीरीज में 3ऽ1 की निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का पांचवां और अंतिम टी-20ऋमुकाबला 6 फरवरी को खेला जाएगा, जहां भारत सम्मान बचाने की कोशिश करेगा, जबकि इंग्लैंड की नजरें सीरीज का समापन जीत के साथ करने पर होंगी।

# स्मिथ ने पीएसएल फ्रेंचाइज़ी सियालकोट स्टैलियनज़ के साथ किया करार, 2028 ओलंपिक का सपना अब भी जिंदा

एजेंसी

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट स्टार स्टीव स्मिथ ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की नई फ्रेंचाइज़ी सियालकोट स्टैलियनज़ के साथ करार कर लिया है। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम में वापसी और लॉस एंजेलिस ओलंपिक 2028 में खेलने का उनका सपना अब भी कायम है, जहां पहली बार टी20 क्रिकेट को शामिल किया जाएगा।

36 वर्षीय स्मिथ ने हाल ही में एशेज सीरीज़ में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) में भी बेहतरीन बल्लेबाज़ी की। इसके बावजूद उन्हें ऑस्ट्रेलिया की टी20 वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिल सकी।

स्मिथ कई बार साफ कर चुके हैं कि उनका बड़ा लक्ष्य 2028 ओलंपिक में खेलना है। हालांकि सिडनी टेस्ट के बाद उन्होंने यह भी कहा था कि उनका भविष्य "दिन-प्रतिदिन" का मामला है। लेकिन पीएसएल में साइन करना इस बात का संकेत है कि उनके इरादे अभी मजबूत हैं।

ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम में फिलहाल कप्तान मिच मार्श और ऑलराउंड स्टार ट्रैविस हेड को ओपनर के रूप में प्राथमिकता दी जा रही है, जिसके चलते चयनकर्ताओं को इन-फॉर्म स्मिथ के लिए जगह नहीं मिल पाई।

पीएसएल में सियालकोट स्टैलियनज़ के लिए खेलना स्टीव स्मिथ के लिए अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में अपनी दावेदारी को और मजबूत करने का अहम मौका माना जा रहा है।

## भारतीय महिला हॉकी कोच सजोर्ड मारिजने ने एशियन गेम्स से पहले फिटनेस और टीम की एकजुटता पर दिया जोर



नई दिल्ली । भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच सजोर्ड मारिजने ने एशियन गेम्स 2026 और लॉस एंजेलिस ओलंपिक चक्र को ध्यान में रखते हुए फिटनेस और टीम के आपसी तालमेल को अपनी प्राथमिकता बताया है। दिसंबर 2025 में चार साल के अंतराल के बाद महिला हॉकी कार्यक्रम में वापसी करने वाले डच कोच ने स्पष्ट किया कि फिलहाल उनका पूरा ध्यान टीम की बुनियादी मजबूती पर है।

सजोर्ड मारिजने ने कहा, "इस समय हमारी सबसे पहली प्राथमिकता फिटनेस है, जो हमारे लिए बेहद अहम है। इसके साथ ही टीम के रूप में एकजुट होकर काम करना भी जरूरी है। जब यह आधार मजबूत हो जाएगा, तब तकनीकी पहलुओं पर और बेहतर तरीके से काम किया जा सकता है।

भारतीय महिला टीम की नजरें मार्च 8 से 14 तक हैदराबाद में होने वाले एफआईएच महिला विश्व कप क्वालीफायर, एशियन गेम्स 2026 और एलए 2028 ओलंपिक चक्र की अन्य प्रमुख प्रतियोगिताओं पर टिकी हुई हैं।


टोक्यो ओलंपिक 2020 में भारतीय महिला टीम को ऐतिहासिक चौथे स्थान तक पहुंचाने वाले सजोर्ड मारिजने ने लौटते ही बेंगलुरु स्थित खेल प्राधिकरण (साई) के क्षेत्रीय केंद्र में चल रहे राष्ट्रीय कोचिंग शिविर की कमान संभाल ली है। यह शिविर 18 फरवरी तक चलेगा। शुरुआती चरण में इस कैंप में 49 खिलाड़ी शामिल थे, जिनमें 43 सीनियर और छह जूनियर खिलाड़ी थे। बाद में हॉकी इंडिया द्वारा कराए गए चयन ट्रायल के बाद टीम को 29 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया गया।

पिछले कुछ हफ्तों के प्रशिक्षण अनुभव को साझा करते हुए मारिजने ने कहा, "हम अभी एक-दूसरे को समझने की प्रक्रिया में हैं। कुछ खिलाड़ी मुझे पहले से जानते हैं, लेकिन सभी नहीं। हर खिलाड़ी के स्तर पर यह समझना जरूरी है कि उसके लिए क्या सबसे बेहतर है। इस काम में हमें स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोचों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

उन्होंने आगे कहा, "इस समय सबसे अहम बात खिलाड़ियों के शरीर और उनकी कुल फिटनेस को सही तरीके से मैनेज करना है। रणनीतिक ढांचा पहले से ही स्पष्ट है और इस स्तर पर वही निर्णायक अंतर नहीं पैदा करेगा। हम सभी एक साझा लक्ष्य की दिशा में काम कर रहे हैं और यही वजह है कि मैंने इस कार्यक्रम में वापसी करने का फैसला लिया।

# उतार-चढ़ाव के बीच बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, निवेशकों ने एक दिन में कमाए 1.87 करोड़

एजेंसी



नई दिल्ली। आईटी सेक्टर में आई जबरदस्ती गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजार आज बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे पहले आधे घंटे में ही सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक उछल कर हरे निशान में पहुंच गए। इसके बाद पूरे दिन बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान चलती रही, जिसकी वजह से दोनों सूचकांकों की चाल भी ऊपर-नीचे होती रही। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहे।

आज के कारोबार के दौरान आईटी सेक्टर जबरदस्त गिरावट का शिकार हो गया। एंथ्रोपिक द्वारा नये वर्कप्लेस प्रोडक्टिविटी और ऑटोमेशन टूल्स लॉन्च करने के कारण आईटी सेक्टर में खलबली मची रही, जिसकी वजह से निफ्टी का आईटी इंडेक्स 5.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसी तरह हेल्थकेयर और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही। इसी तरह पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में भी खरीदारी का जोर बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 469.02 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 467.15 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 1.87 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।


आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,366 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,726 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,477 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 163 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,923 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 2,012 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 911 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 37 शेयर हरे निशान में और 13 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 487.07 अंक की गिरावट के साथ 83,252.06 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण पहले आधे घंटे में ही यह सूचकांक उछल कर हरे निशान में पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में मुनाफा वसूली शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। दोपहर एक बजे के बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बनाया, जिससे सेंसेक्स रिकवरी करके 208.40 की मजबूती के साथ 83,947.53 अंक के स्तर तक आ गया। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 78.56 अंक की मामूली बढ़त के साथ 83,817.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 52.50 अंक टूट कर 25,675.05 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। बिकवाली के दबाव में निफ्टी 163.60 अंक फिसल कर 25,563.95 अंक तक गिर गया। वहीं खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर इसने निचले स्तर से 250 अंक से अधिक रिकवरी कर 91 अंक की मजबूती के साथ 25,818.55 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफलता हासिल की।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर में किए दर्शन

एजेंसी



भुवनेश्वर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ओडिशा दौरे के तीसरे दिन बुधवार को पुरी स्थित 12वीं शताब्दी के प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर में दर्शन कर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। इससे पूर्व उन्होंने पारंपरिक पितृ कर्म भी संपन्न किए।


पुरी पहुंचने पर राष्ट्रपति ने सबसे पहले श्वेतगंगा में पिंडदान किया, जो पितृ अनुष्ठानों से जुड़ा एक पवित्र स्थल है। इसके बाद वह श्री जगन्नाथ मंदिर पहुंचीं और भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए। मंदिर दर्शन के दौरान ओडिशा के राज्यपाल हरि बाबू कंभमपटि और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी भी राष्ट्रपति के साथ मौजूद रहे। दर्शन के उपरांत श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन की ओर से राष्ट्रपति को खंडुआ रेशमी वस्त्र और ओडिशा की पारंपरिक कला पट्टचित्र भेंट किया गया। इस पट्टचित्र में भगवान जगन्नाथ को केंद्र में रखते हुए दशावतार का सजीव चित्रण किया गया है। राष्ट्रपति की यात्रा को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। मंदिर में सुबह 10 बजे तक आम श्रद्धालुओं के लिए दर्शन स्थगित रहे, ताकि गोपाल वल्लभ भोग सहित सभी धार्मिक अनुष्ठानों का सुचारू रूप से संचालन किया जा सके।

# सरकार जिस किताब के लिए कहती है कि छपी ही नहीं ,वही पुस्तक मैं मोदी जी को भेंट करूंगा : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जिस पुस्तक के उद्धरण बोलने से उन्हें यह कहते हुए संसद में रोका जा रहा है कि यह पुस्तक छपी ही नहीं है, तो आज यह पुस्तक उनके हाथ में है और इसे वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेंट करना चाहेंगे।

श्री गांधी ने संसद भवन परिसर में लोकसभा से निलंबित आठ कांग्रेस सांसदों के संसद भवन के मकर द्वार पर धरने पर बैठने के बाद बुधवार को पत्रकारों से कहा कि जिस पुस्तक में लिखे अंशों का वह लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जिक्र करना चाहते हैं, सरकार की तरफ से कहा जा रहा है कि ये तथ्य अप्रमाणिक हैं और पुस्तक प्रकाशित ही नहीं हुई है। उन्होंने पत्रकारों को पुस्तक की प्रति दिखाते हुए



सवाल किया कि किस आधार पर सरकार के वरिष्ठ मंत्री कह रहे हैं कि पुस्तक छपी ही नहीं है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर भी इसे लेकर एक पोस्ट में कहा ''आज अगर प्रधानमंत्री संसद में आते हैं, तो मैं उन्हें एक किताब भेंट करूंगा। यह किताब किसी विपक्षी नेता की नहीं है। यह किताब किसी विदेशी लेखक की नहीं है।

यह किताब है देश के पूर्व सेना प्रमुख जनरल नरवणे की -और हैरानी की बात यह है कि यह किताब कैबिनेट मंत्रियों के हिसाब से मौजूद ही नहीं है। श्री गांधी ने कहा कि इस किताब में साफ़ लिखा है कि जब चीनी सेना हमारी सीमा में घुस आई थी, ऐसी नाज़ुक घड़ी में सेना प्रमुख को इंतजार करवाया। और जब निर्णय लेने का वक़्त आया, तो प्रधानमंत्री ने बस इतना कहा - ''जो आपको उचित लगे, वो कीजिए।''यानी देश की सुरक्षा के सबसे गंभीर संकट में, श्री मोदी जी ने राजनीतिक ज़िम्मेदारी से हाथ खड़े कर लिए। उन्होंने कहा कि जनरल नरवणे खुद लिखते हैं कि उस समय उन्हें महसूस हुआ कि राजनीतिक नेतृत्व ने सेना को अकेला छोड़ दिया। यही वह सच्चाई है जिसे बोलने से उन्हें संसद में रोका जा रहा है। देश सवाल पूछ रहा है और सरकार जवाब देने से भाग रही है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी बाद में राहुल गांधी के हाथ में प्रकाशित पुस्तक की फोटो पोस्ट करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा ''''ये पूर्व सेनाध्यक्ष नरवणे जी की किताब है। सरकार कह रही है कि ये किताब है ही नहीं और आप इसे कोट नहीं कर सकते। इसमें नरवणे जी ने लिखा है कि लद्दाख में चीन की सेना हमारे क्षेत्र में घुस रही थी। सेनाध्यक्ष ने राजनाथ जी से पूछा कि क्या करना है। पहले कोई जवाब नहीं दिया। बार-बार फोन करने पर नरेंद्र मोदी जी ने मैसेज दिया कि ''जो उचित समझो वो करो''। मतलब है कि मोदी जी ने अपनी जिम्मेदारी पूरी नहीं की। श्री मोदी की यह सच्चाई देश को पता चलनी चाहिए।

# उच्चतम न्यायालय ने नीट-पीजी कट-ऑफ मामले में नोटिस जारी किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने नीट-पीजी 2025-26 की परीक्षा के लिए कट-ऑफ पर्सेन्टाइल कम करने के राष्ट्रीय चिकित्सा परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) के निर्णय को चुनौती देने वाली एक जनहित याचिका पर बुधवार को नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने इस चुनौती पर गौर किया और निर्देश दिया कि मामले को छह फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए। याचिका में एनबीईएमएस की 13 जनवरी की उस अधिसूचना पर सवाल उठाए गए हैं, जिसके माध्यम से स्नातकोत्तर चिकित्सा प्रवेश के लिए कट-ऑफ पर्सेंटाइल को उस स्तर तक कम कर दिया गया था, जिसे याचिकाकर्ताओं ने 'असामान्य रूप से बहुत कम' बताया है। इसमें कट-अफ पर्सेन्टाइल को शून्य और नकारात्मक तक कर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं के अनुसार, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा के लिए योग्यता मानकों को कम करना मनमाना है और संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन है। याचिका में तर्क दिया गया है कि कट-ऑफ पर्सेन्टाइल में ढील देने से मरीजों की सुरक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और चिकित्सा पेशे की गरिमा के साथ समझौता होता है।

याचिका में कहा गया है कि कथित तौर पर खाली सीटों को भरने के लिए लिया गया यह निर्णय प्रभावी रूप से योग्यता (मेरिट) को एक मानदंड के रूप में समाप्त कर देता है और एक प्रतिस्पर्धी राष्ट्रीय परीक्षा को केवल एक गैरजरूरी प्रक्रिया बना देता है। इसमें कहा गया है कि चिकित्सा एक ऐसा पेशा है जो सीधे तौर पर मानव जीवन, शारीरिक अखंडता और सम्मान से जुड़ा है, और ऐसे क्षेत्र में व्यावसायिक मानकों में गिरावट को संस्थागत बनाना अस्वीकार्य है।

# रवनीत बिट्टू को गद्दार कहना, पूरे सिख समुदाय का अपमान : पुरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राहुल गांधी द्वारा संसद के बाहर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को 'ट्रेटर फ्रेंड' कहे जाने पर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में इसे न केवल व्यक्तिगत टिप्पणी बल्कि सिख समुदाय का अपमान बताया।

श्री पुरी ने कहा कि 'ट्रेटर' शब्द का अर्थ गद्दार होता है और यह उस व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जाता है, जिसने देश के साथ गद्दारी की हो या देश की गोपनीय जानकारी दुश्मन को दी हो। उन्होंने कहा कि इस तरह का शब्द किसी के लिए भी प्रयोग करना बेहद गंभीर और आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि श्री रवनीत सिंह बिट्टू केवल लुधियाना के सांसद ही नहीं हैं,



बल्कि वह ऐसे परिवार से आते हैं जिसने देश के लिए बलिदान दिया है। उनके दादा और पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की आतंकवादियों द्वारा हत्या की गयी थी। ऐसे में श्री बिट्टू को गद्दार कहना सिख समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सिख धर्म का मूल संदेश मानवता और राष्ट्रभक्ति है। देश की कुल आबादी में सिखों की हिस्सेदारी करीब दो प्रतिशत है, लेकिन भारतीय सेना में उनका प्रतिनिधित्व 20 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने कहा कि सिख समुदाय ने देश की एकता और अखंडता के लिए हमेशा बलिदान दिया है। श्री पुरी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी इस बात से नाराज़ हैं कि श्री बिट्टू ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा है, लेकिन पार्टी छोड़ने के आधार पर किसी को गद्दार कहना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस छोड़ने वाले कई अन्य नेताओं के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल नहीं किया गया, जो कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि 1984 में स्वर्ण मंदिर को भी अपमानित किया गया था, और अब एक पगड़ी पहनने वाले व्यक्ति को अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद के भीतर या बाहर, राजनीतिक विमर्श मर्यादित और सभ्य होना चाहिए। किसी भी समुदाय से जुड़े व्यक्ति के खिलाफ इस तरह के शब्दों का प्रयोग अस्वीकार्य है।

## उच्चतम न्यायालय एडीएजी बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में देरी पर सख्त, ईडी और सीबीआई को फटकार

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों से जुड़े 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच में ''अकारण देरी'' को लेकर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को कड़ी फटकार लगाई है। इसके साथ ही कई बैंकों की शिकायतों के बावजूद केवल एक ही एफआईआर दर्ज करने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की भी आलोचना की है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि वर्ष 2025 में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शिकायत पर दर्ज एकमात्र एफआईआर के दायरे को अन्य बैंकों की बाद की शिकायतों तक बढ़ाना ''प्रक्रियात्मक कानून के अनुरूप प्रतीत नहीं होता। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अलग-अलग बैंकों की शिकायतें अलग लेन-देन से जुड़ी हैं और इसलिए प्रत्येक के लिए अलग एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। पीठ ने सीबीआई को इस पहलू की समीक्षा करने और कथित धोखाधड़ी में बैंक अधिकारियों की संभावित मिलीभगत की भी जांच करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा, ''ईडी और सीबीआई दोनों पहले ही समय ले चुके हैं, इसलिए हम अपेक्षा करते हैं कि दोनों एजेंसियां अब त्वरित कार्रवाई करें।'' पीठ ने यह भी टिप्पणी की कि ईडी वरिष्ठ अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित कर कानूनी दायरे में रहते हुए जांच को उसके तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाए। यह टिप्पणियां पूर्व केंद्रीय सचिव ईएएस सरमा द्वारा दायर जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान की गईं, जिसमें एडीएजी कंपनियों द्वारा सार्वजनिक धन के बड़े पैमाने पर कथित दुरुपयोग और धन-निकासी की अदालत-निगरानी में जांच की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने अदालत से एडीएजी के चेयरमैन अनिल अंबानी को देश छोड़ने से रोकने का आग्रह किया और बड़े आर्थिक अपराधियों के विदेश भागने के पुराने मामलों का हवाला दिया। भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने न्यायालय को बताया कि अनिल अंबानी के खिलाफ पहले ही लुकआउट सर्कुलर जारी किए जा चुके हैं और केंद्र सरकार न्यायालय द्वारा पारित किसी भी निषेधाज्ञा का स्वागत करेगी।

# राष्ट्रपति का अभिभाषण परंपरा और प्रगति का संगम : जेपी नड्डा

एजेंसी

नई दिल्ली। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर बुधवार को चर्चा जारी रखते हुए सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए हमेशा तैयार है। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का ज़िक्र कर उन्होंने कहा कि सरकार इसपर भी चर्चा के लिए तैयार है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अस्वस्थ होने के बावजूद मुंबई से दिल्ली आए, ताकि लोकसभा में इस मुद्दे पर बयान दे सकें लेकिन सदन की कार्यवाही नहीं चल पाने के कारण उनका भाषण नहीं हो सका। उन्होंने दावा किया कि भारतऽअमेरिका व्यापार समझौता संतुलित है और देशहित में है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष का नजरिया संकीर्ण है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण भारत की परंपराओं के साथ-साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ने का स्पष्ट रोडमैप पेश करता है। बजट सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण में भारत की अद्भुत विकास यात्रा का शक्तिशाली प्रतिबिंब हमें देखने को मिला है। हमारी सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत के साथ ही वर्ष-2047 के विकसित भारत का समावेश राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में किया है। उन्होंने कहा कि देश ने लंबा सफर तय किया है और प्रगति को समझने के लिए यह जानना जरूरी है कि हम पहले किस स्थिति में थे। जेपी नड्डा ने कहा कि भारत कभी ल्फ्रैजाइल फाइवङ्क देशों में गिना जाता था, लेकिन आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। देश नीतिगत जड़ता (पॉलिसी पैरालिसिस) से निकलकर अब रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रास्ते पर आगे बढ़ चुका है। पहले जहां देश घोटालों के लिए जाना जाता था, वहीं अब पारदर्शिता की क्रांति देखने को मिल रही है। जेपी नड्डा ने कहा कि भारत पहले आयात पर निर्भर था लेकिन अब आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के माध्यम से आत्मनिर्भरता की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि जीएसटी के बारे में भारी विरोध होने के बावजूद ये लागू हुआ, जिससे देश में सकारात्मक परिवर्तन आये है। वर्ष-2025 में आये जीएसटी 2.0 से भारत के आर्थिक विकास में तेजी आई है। पिछला सप्ताह भारत की आर्थिक क्रांति के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण रहा। आर्थिक सर्वेक्षण में भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था रहा है।

# मोदी सरकार की प्राथमिकता 'कहने' की नहीं, 'करके दिखाने' की: शेखावत

एजेंसी

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने केंद्रीय बजट-2026 को केवल सरकार के आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं बल्कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की ठोस कार्ययोजना बताते हुए कहा है कि आज का भारत उस दौर में खड़ा है जहां बजट लोकलुभावन घोषणाओं का माध्यम नहीं बल्कि दीर्घकालिक राष्ट्र निर्माण का औजार बन चुका है।

श्री शेखावत बुधवार को यहां बजट युवा सम्मेलन में युवाओं से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैसे एक परिवार अपनी आय और खर्च का संतुलन बनाता है, वैसे ही सरकार का बजट देश की प्राथमिकताओं को दर्शाता है। आज की पीढ़ी सौभाग्यशाली है, क्योंकि वह उस भारत को प्रत्यक्ष देख रही है, जो इंफ्रास्ट्रक्चर, वैश्विक प्रतिष्ठा और आत्मविश्वास, तीनों स्तरों पर तेजी से बदल रहा है। उन्होंने बताया कि बजट निर्माण से पहले देशभर के हजारों युवाओं से विचार-विमर्श किया गया। युवाओं के सुझावों, उनकी शब्दावली और दृष्टिकोण ने सरकार को दिशा दी। यह पहली बार है, जब बजट केवल संसद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि युवाओं के साथ साझा विमर्श का विषय बना।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले बजट का उपयोग अक्सर चुनावी साधन के रूप में होता था। बड़ी घोषणाएं होती थीं, लेकिन जमीनी असर सीमित रहता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में यह सोच बदली। अब प्राथमिकता 'कहने' की नहीं, 'करके दिखाने' की है। नोटबंदी का उदाहरण देते हुए श्री शेखावत ने कहा कि कठिन निर्णय लेने का साहस तभी संभव है, जब राष्ट्रहित सर्वोपरि हो। उन्होंने कहा कि देश में पिछले 11 वर्षों में सड़कों, रेल नेटवर्क, हवाई अड्डों और लॉजिस्टिक्स में अभूतपूर्व निवेश हुआ है। रेलवे का शत-प्रतिशत विद्युतीकरण, वंदे भारत ट्रेनों का विस्तार और हवाई अड्डों की संख्या में वृद्धि इसका प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले दस वर्षों में यह परिवर्तन कई गुना तेज होगा। अर्थव्यवस्था के आकार पर उठने वाले सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था बढ़ती है तो सरकार के संसाधन बढ़ते हैं। टैक्स संग्रह में वृद्धि से सरकार निवेश करती है, जिससे उद्योग, रोजगार और आम आदमी की आय बढ़ती है। जीएसटी सुधारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि टैक्स दरें घटने के बावजूद संग्रह दोगुना हुआ।

# पेज एक का शेष

## लंबित आवास मामलों के...

बल्कि आम नागरिकों को भी अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ता है। सरकार का उद्देश्य ऐसी व्यवस्था लागू करना है, जिसमें समाधान तेज, पारदर्शी और सभी के लिए व्यावहारिक हो। अपने सरकारी आवास पर बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की किसी भी योजना में लंबित भुगतान या विवादित आवंटन राज्य की विकास गति को धीमा करते हैं। इसलिए आवास विभाग को ऐसी समाधान-प्रधान व्यवस्था लागू करनी चाहिए, जिससे विभाग को आवश्यक राजस्व प्राप्त हो और आवंटियों को भी राहत मिले। उन्होंने कहा कि यह योजना जन-केंद्रित होनी चाहिए, जिसमें हर वास्तविक आवंटी को स्पष्ट और सरल विकल्प उपलब्ध हों। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2020 में लागू की गई ओटीएस-2020 योजना से बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ था लेकिन कोविड-19 के कारण कई आवंटी अंतिम भुगतान नहीं कर पाए। विभाग द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों में प्रदेश के विभिन्न आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में मौजूद ऐसे सभी डिफॉल्ट मामलों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ओटीएस-2026 योजना को अधिक व्यावहारिक और लाभकारी स्वरूप दिया जाए। एकमुश्त भुगतान करने वाले आवंटियों को देयों पर उपयुक्त छूट दी जाए। साथ ही, किस्तों में भुगतान की सुविधा हो। उन्होंने कहा कि योजना के प्रावधानों को अंतिम रूप देते समय यह ध्यान रहे कि योजना के मूल में आम आदमी को राहत देने का ही भाव निहित हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विभाग द्वारा प्रत्येक आवेदन का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में कर दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई योजना लागू होने से हजारों आवंटियों को राहत मिलेगी और विभाग को राजस्व भी प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देश दिया कि योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार की विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इससे अवगत हो सकें। उन्होंने कहा, 'एकमुश्त समाधान योजना' के बारे में आम जनता के बीच सक्रिय रूप से जानकारी पहुंचाई जाए, ताकि सभी पात्र लोग इसका लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि योजना की संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन, पारदर्शी और उपयोगकर्ता-अनुकूल होनी चाहिए।

## कोडीनयुक्त कफ...

प्रयागराज के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र और वाराणसी के सारनाथ इलाके में स्थित फर्जी फर्मों के माध्यम से कफ सिरप की खरीद-फरोख्त की जा रही थी।पुलिस का मानना है कि इतनी बड़ी मात्रा में कोडीनयुक्त कफ सिरप की खरीद सामान्य व्यापार नहीं हो सकती और इसके पीछे एक संगठित अवैध नेटवर्क काम कर रहा था, जो नशे के लिए इन दवाओं की सप्लाई कर रहा था।वाराणसी पुलिस भी सैफ की तलाश में थी। अब प्रयागराज से उसकी गिरफ्तारी के बाद वाराणसी पुलिस इस मामले में भी उसका वारंट बनवाएगी। इसके बाद आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर विस्तृत पूछताछ की जाएगी, ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई चैन का पूरा खुलासा हो सके।एयरपोर्ट थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी मो. सैफ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। विवेचना के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर उसके भाई फैजुर रहमान का नाम भी इस मुकदमे में बढ़ाया गया है। आगे की जांच में अन्य सहयोगियों और फर्जी फर्मों की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है।

## भारत-अमेरिका...

अमेरिका को किए जाने वाले भारतीय निर्यात पर टैरिफ की दर घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा, '' मैं इस बात पर जोर देना चाहता हूं कि यह अमेरिका द्वारा कई प्रतिस्पर्धी देशों पर लगाये गये आयात कर से कम है, जिससे अमेरिकी बाजार में भारत की निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी। यह समझौता भारतीय निर्यातकों को, विशेष रूप से श्रम-प्रधान क्षेत्रों और विनिर्माण में, महत्वपूर्ण तुलनात्मक लाभ भी प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक ढांचागत समझौता भारत-अमेरिका संबंधों को मजबूत करने और विकसित भारत 2047 की दिशा में हमारी यात्रा को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा यह दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के बीच मजबूत जुड़ाव को भी दर्शाता है, जो स्वाभाविक साझेदार हैं और साझा समृद्धि के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा कि दोनों पक्ष व्यापार समझौते से संबंधित आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं को पूरा करने और कागजी कार्यवाही को अंतिम रूप देने के लिए मिलकर काम करेंगे, ताकि इसकी पूरी क्षमता का शीघ्रता से लाभ उठाया जा सके। समझौते की विस्तृत रूपरेखा इन प्रक्रियाओं के समापन के पश्चात तुरंत घोषित की जायेगी। उन्होंने कहा, '' सदस्यों को भारत के ऊर्जा स्त्रोतों से संबंधित उन मुद्दों की जानकारी होगी, जो इस समझौते पर हुई चर्चाओं के दौरान उठाये गये हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं, जैसा कि सरकार ने कई बार सार्वजनिक रूप से कहा है, कि 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा आवश्यकताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वस्तुनिष्ठ बाजार स्थितियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्यों के अनुरूप ऊर्जा स्त्रोतों में विविधता लाना हमारी कार्यनीति का मूल आधार है। भारत की सभी कार्रवाइयां इसी बात को ध्यान में रखकर की जाती हैं। अतः मैं माननीय सदस्यों से इन मुद्दों को समुचित दृष्टिकोण से देखने का आग्रह करता हूं।'' श्री गोयल ने कहा, '' दोनों देशों के बीच भावी व्यापार अवसरों के संदर्भ में सदस्य इस बात को समझेंगे कि भारत और अमेरिका काफी हद तक एक-दूसरे की पूरक अर्थव्यवस्थाएं हैं। जैसे-जैसे भारत विकसित भारत के पथ पर अग्रसर हो रहा है, हमें ऊर्जा, उड्डयन, डेटा केंद्र, परमाणु ऊर्जा आदि सहित कई क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता होगी। अमेरिका इन क्षेत्रों में दुनिया का अग्रणी देश है, इसलिए हमारे लिए इन क्षेत्रों में व्यापार की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करना स्वाभाविक है, जिससे न केवल हमारी खरीद में बल्कि हमारे अपने निर्यात में भी विस्तार होगा। अतः हमारा अनुमान है कि तुलनात्मक लाभ के परिणामस्वरूप कई क्षेत्रों में भारत का निर्यात अमेरिका में भी काफी बढ़ेगा।'' उन्होंने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ यह ढांचागत समझौता, जो आने वाले वर्षों में वैश्विक विकास और नवाचार को गति प्रदान करेगा, भारत की जनता एवं राष्ट्र के व्यापक हित में है। यह विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत दोनों को सशक्त बनाता है। हम अपने देश के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी के इस दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में निरंतर कार्य करते रहेंगे।

## अधीक्षक-जेलर...

पीसी मीणा ने जांच प्रयागराज रेंज के डीआईजी राजेश श्रीवास्तव को सौंपी है। इसी क्रम में बांदा जेल के जेलर विक्रम सिंह यादव को निलंबित कर दिया गया। जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर जेल चौकी प्रभारी अनुराग पांडेय ने लिखित तहरीर दी, जिसके आधार पर जेल अधीक्षक अनिल गौतम, निलंबित जेलर विक्रम सिंह यादव और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। इसके बाद गठित विशेष टीम (एएसपी शिवराज के नेतृत्व में) ने जेल परिसर में लगे कैमरों की स्थिति, रिहाई से जुड़े काग़ज़ात और अन्य रिकॉर्ड खंगाले गए। जांच के दौरान 10 जेलकर्मियों और 9 बंदियों के बयान दर्ज किए गए, जबकि जेल अधीक्षक से अलग कमरे में विस्तृत पूछताछ की गई। निलंबित जेलर की जगह प्रयागराज ज़ोन से आलोक कुमार को नया जेलर नियुक्त किया गया है। फिलहाल जांच जारी है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि रवि काना की रिहाई महज़ प्रशासनिक लापरवाही थी या किसी स्तर पर मिलीभगत भी शामिल है। एसपी बांदा पलाश बंसल ने बताया, ल्जेल चौकी प्रभारी की शिकायत पर जेल अधीक्षक, जेलर और अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष जांच टीम बनाई गई है, जो हर पहलू की गहन जांच कर रही है।

## चुनाव आयोग नहीं,...

इस पर ममता बनर्जी ने कहा कि वह स्वयं बंगाल से हैं और इन विषयों को बेहतर ढंग से समझती हैं। मुख्यमंत्री ने अदालत से यह भी पूछा कि यदि यह प्रक्रिया इतनी आवश्यक थी, तो इसे चुनाव से ठीक पहले ही क्यों लागू किया गया। उन्होंने कहा कि यह समय फसल कटाई और त्योहारों का था, जब बड़ी संख्या में लोग अपने घरों से बाहर थे। ऐसे समय में नोटिस जारी करना और नाम काटना पूरी तरह से अन्यायपूर्ण है। ममता बनर्जी ने सवाल उठाया कि जब देश के अन्य राज्यों में इस तरह की व्यापक कार्रवाई नहीं हुई, तो केवल पश्चिम बंगाल को ही क्यों चुना गया। उन्होंने असम और उत्तर-पूर्वी राज्यों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं अपनाई गई। उनका आरोप था कि यह राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित कदम है। सॉलिसिटर जनरल ने चुनाव आयोग का पक्ष रखते हुए कहा कि आयोग संविधान और कानून के तहत काम कर रहा है और इस प्रक्रिया में कोई पक्षपात नहीं है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध और पारदर्शी बनाना आयोग की जिम्मेदारी है। हालांकि, ममता बनर्जी ने इस दलील को खारिज करते हुए कहा कि लोकतंत्र केवल कागज़ी प्रक्रियाओं से नहीं, बल्कि लोगों के अधिकारों से चलता है। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा, मैं हाथ जोड़कर अनुरोध करती हूं-कृपया लोकतंत्र को बचाइए। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई की तारीख सोमवार, 9 फरवरी तय की है। अदालत ने संकेत दिए हैं कि वह इस प्रक्रिया के हर पहलू की बारीकी से जांच करेगी। इस मामले के राजनीतिक मायने भी गहरे हैं। एक ओर तृणमूल कांग्रेस इसे लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की लड़ाई बता रही है, वहीं विपक्ष इसे संवैधानिक प्रक्रिया का हिस्सा कह रहा है। आने वाले दिनों में सुप्रीम कोर्ट का रुख न केवल पश्चिम बंगाल, बल्कि पूरे देश में मतदाता सूची से जुड़े मामलों की दिशा तय कर सकता है। फिलहाल, पूरे देश की नजरें सर्वोच्च न्यायालय पर टिकी हैं, जहां यह तय होना है कि मतदाता सूची की यह प्रक्रिया लोकतंत्र की रक्षा है या उसके अधिकारों पर आघात।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के बयान के विरोध में किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कंग्रेस मुख्यालय के पास विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को लेकर दिए गए बयान के विरोध में किया गया।

प्रदर्शन के दौरान वीरेंद्र सचदेवा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष पर आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने केवल एक मंत्री को नहीं, बल्कि पूरे सिख समुदाय का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का इतिहास सिख विरोधी रहा है और 1984 के दंगों के दौरान भी कांग्रेस ने सिखों को गद्दार कहा था। सचदेवा ने आरोप लगाया कि आज भी कांग्रेस की सोच वही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने उस कौम को गाली दी है जिसने देश के लिए शहादत का कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्हें अपने बयान पर माफी मांगनी चाहिए और इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी से सार्वजनिक माफी की मांग की। उल्लेखनीय है कि, संसद परिसर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी, जिसके बाद यह राजनीतिक विवाद हुआ।

# सुप्रीम कोर्ट ने हाई कोर्ट में जमानत याचिकाओं के लंबित होने पर चिंता जताई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में बड़ी संख्या में जमानत याचिकाओं के लंबित रहने पर निराशा जताई है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि ये बहुत दुखद है कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मामले पर भी देरी से सुनवाई की जाती है। उच्चतम न्यायालय ने सभी उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल से लंबित अग्रिम और नियमित जमानत याचिकाओं की स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सभी उच्च न्यायालयों के चीफ जस्टिस से उम्मीद जताई कि जमानत याचिकाओं को तय समय में निपटारे के लिए योजना बनाएं। कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि पटना उच्च न्यायालय में इस बात के लिए याचिकाएं दायर की जा रही हैं कि जमानत याचिकाएं लिस्ट नहीं की जा रही हैं। चीफ जस्टिस ने कहा कि लगता है कि जमानत याचिकाओं के जल्द निस्तारण के उच्चतम न्यायालय के आदेश का कोई असल प्रभाव नहीं दिख रहा है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हर उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस ही मास्टर ऑफ रोस्टर होते हैं, लेकिन अब उच्चतम न्यायालय को दिशा-निर्देश जारी करना पड़ सकता है। मामला पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से जुड़ा हुआ है, जहां जमानत याचिकाओं के काफी समय से लंबित होने की शिकायतें हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट को कुछ चार्ट दिखाए और बताया कि मई, 2025 से जमानत याचिकाओं पर कई बार सुनवाई टाली गई।

# युवाओं को मांग आधारित कौशल और रोजगार से जोड़े : मुख्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने युवाओं को मांग आधारित कौशल, सुनिश्चित रोजगार और बेहतर वेतन उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इसके लिए भविष्य की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रम विकसित करने, प्रशिक्षित ट्रेनर उपलब्ध कराने और आईटीआई जैसे तकनीकी संस्थानों को उन्नत करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय सभागार में कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति व प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए फॉरवर्ड लिंकेज व्यवस्था की समीक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई।

बैठक में इस तथ्य पर चर्चा की गई कि राज्य में आईटीआई एवं तकनीकी संस्थानों तथा प्रशिक्षित युवाओं की संख्या बढ़ने के बावजूद उद्योगों में उनकी प्लेसमेंट और अपेक्षित वेतन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रबंधन, विभागीय समन्वय और प्लेटफॉर्म स्तर पर कमियों का संकेत बताते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक ओर नाई, प्लंबर, इलेक्ट्रीशियन, मिस्त्री व कारपेंटर जैसे कार्यों के लिए कुशल श्रमिकों की कमी बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर आईटीआई से प्रशिक्षित युवा रोजगार की तलाश में हैं। उन्होंने तकनीकी, शिक्षा, कौशल विकास एवं अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर बल दिया।

उन्होंने उद्योगों और भविष्य की तकनीकी मांग के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने, तकनीकी संस्थानों को आधुनिक बनाने तथा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ स्मार्ट मानव संसाधन के विकास को प्राथमिकता बताया।बैठक में स्थानीय स्तर पर बेसिक स्किल वर्कर, मध्यम तकनीकी वर्कफोर्स और उच्च कुशल तकनीकी मानव संसाधन तैयार करने के लिए समेकित मॉडल विकसित करने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण के दौरान ही युवाओं को रोजगार प्रदाता संस्थानों से जोड़ने और पाठ्यक्रमों की समय-समय पर समीक्षा सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने विदेशों में रोजगार के लिए चयनित युवाओं को भारत सरकार की संबंधित गाइडलाइंस से अवगत कराने, सरकारी भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा न्यायालयों में लंबित भर्ती मामलों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी दिए। बैठक में कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने उद्योगों की प्रशिक्षण प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ाने का सुझाव दिया। मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने संबंधित विभागों को एकीकृत प्लेटफॉर्म पर कार्य करने के निर्देश दिए।

सचिव कौशल विकास एवं सेवायोजन सी. रविशंकर ने विभागीय गतिविधियों तथा स्थानीय एवं ओवरसीज प्लेसमेंट की रणनीति पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस दौरान बैठक में कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## सिन्द्रवाणी गांव में गुलदार ने पांच वर्षीय बच्चे को उठाया, शव बरामद

रुद्रप्रयाग। जनपद रुद्रप्रयाग के कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सारी के सिन्द्रवाणी गांव (छिनका नगरासू) में गुलदार द्वारा मध्य रात्रि उठाए गए पांच वर्षीय बच्चे का शव बरामद कर लिया गया है। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है, जबकि वन विभाग की ओर से इलाके में निगरानी बढ़ा दी गई है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन के निर्देशन और एसडीएम रुद्रप्रयाग सोहन सिंह सैनी के नेतृत्व में 7 अलग-अलग टीमों ने गहन सर्च अभियान चलाया। रात्रि लगभग 11 बजे रेस्क्यू टीम ने बच्चे का शव बरामद कर लिया था। इस अभियान में वन विभाग, डीडीआरएफ, एसडीआरएफ, जिला प्रशासन और पुलिस की टीमें शामिल थीं।

वहीं, एसडीएम सोहन सिंह सैनी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। गुलदार के संभावित खतरे को देखते हुए, विभिन्न स्थानों पर पिंजरे लगाए जाएंगे और वन विभाग की गश्ती लगातार जारी रहेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## विश्व कैंसर दिवस : जिला चिकित्सालय में जन जागरूकता कार्यक्रम

उत्तरकाशी। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी में स्वास्थ्य विभाग एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उत्तरकाशी के संयुक्त तत्वाधान में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनमानस को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा इसके बचाव, रोकथाम एवं उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना रहा। बुधवार को जिला अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में सिविल जज सचिन कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. एस. रावत, प्रमुख अधीक्षक डॉ. हिमाद्रि रौकली, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शैलेन्द्र बिजल्वाण एवं बार एसोसिएशन अध्यक्ष द्वारा प्रतिभाग करते हुए कैंसर रोग की समय पर पहचान, नियमित जांच, स्वस्थ जीवनशैली तथा उपलब्ध उपचार सुविधाओं के बारे में अपने विचार साझा किए गए। वक्ताओं ने कहा कि जन जागरूकता ही कैंसर से लड़ने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

इस अवसर पर संजय बिजल्वाण, अनिल बिष्ट, गिरीश उनियाल, हरिशंकर नौटियाल, जिला चिकित्सालय में कार्यरत अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आम जनमानस उपस्थित रहा।कार्यक्रम में डॉ बी एस रावत ने बताया कि जनपद के सभी ब्लॉक की स्वास्थ्य इकाइयों में आज विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन कर, कैंसर रोग के प्रति आमजन को जनजागरुक किया जा रहा है साथ ही उनके द्वारा लोगों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें तथा नियमित स्वास्थ्य जांच को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं।

## पहाड़ों पर ताजा बर्फबारी से खुशगवार हुआ मौसम

उत्तरकाशी। पहाड़ों पर ताजी बर्फबारी के बाद तेज धूप से मौसम खुशगवार हो गया है। उत्तरकाशी जिले के गंगोत्री– यमुनोत्री धामों में बर्फबारी से दिलकश नज़ारा हो गया है। बुधवार से यहां तेज धूप से मौसम में ताजगी आ गई है।

बता दें कि बर्फबारी के बाद पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम शुष्क, बेहद ठंडा और मनोरम हो गया था। आसमान साफ होने से तेज धूप निकल रही है, लेकिन तापमान जमने के बिंदु से नीचे जाने के कारण कड़ाके की ठंड और शीतलहर जारी था। दिन में हल्की धूप से राहत मिल रही है, हालांकि रातें अत्यधिक ठंडी और बर्फीली बनी हुई हैं। गौरतलब है कि रविवार से वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो गया था। मौसम विभाग ने अगले 72 घंटों तक राज्य ऊंचाई वाले भागों पर बर्फबारी और बारिश की संभावना जताई है। 3 फरवरी तक चमोली, बागेश्वर, रूद्रप्रयाग, उत्तरकाशी और पिथौरागढ़ में बारिश का येलो अलर्ट जारी है। उधर, केदारनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री समेत कई स्थानों पर भारी बर्फबारी का पूर्वानुमान है। मौसम खराब रहने से न्यूनतम तापमान में कमी आएगी और लोगों को दिन में भी सर्दी का एहसास हो गया । इस बीच जिले भर में बारिश की फुहारों के बीच कई पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हुई। बाहर निकले लोगों के पैर जब बर्फ की चादर पर पड़े तो खूबसूरत नजारे का हर कोई कायल हो गया। दयारा बुग्याल, केदार कांठा में हुई बर्फवारी के बाद लोग मस्ती करने घरों से निकले और हर कोई बर्फ की चादर पर अपने निशान छोड़ गया। बर्फ की सफ़ेद चादर जब पहाड़ों पर बिछी तो जलती लाइटें किसी अलाव की तरह नजर आईं। सैलानियों की तो जैसे मन की मुराद पूरी हो गई है। पर्यटक अब यहां दिन की गुनगुनी धूप का आंनद उठा रहे हैं।

## बिहार में बनेगा डिफेंस कॉरिडोर, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर होंगे सृजित : सम्राट चौधरी

पटना। बिहार में रक्षा गलियारा (डिफेंस कॉरिडोर) के निर्माण को लेकर रक्षा मंत्रालय की अध्ययन टीम के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य में प्रस्तावित रक्षा गलियारा की योजनाओं, संभावनाओं और विकास से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के दौरान बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि रक्षा गलियारा न केवल राज्य की औद्योगिक क्षमता को मजबूत करेगा, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि यह बैठक पटना स्थित उनके आवासीय कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें रक्षा मंत्रालय की ओर से अध्ययन दौरे पर आए राष्ट्रीय सुरक्षा अकादमी (एनडीए) के वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ शामिल हुए।

सम्राट चौधरी ने कहा कि यह पहल राज्य के औद्योगिक और सामरिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार युवाओं को रोजगार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। पिछले पांच वर्षों में राज्य में 50 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराया गया है और अगले पांच वर्षों में एक करोड़ नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि सरकार की प्राथमिकता है कि बिहार के लोग रोजगार के लिए बाहर न जाएं और उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर अवसर मिलें। इसी उद्देश्य से उद्योगों को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गया जिले के डोभी क्षेत्र में एक विशाल औद्योगिक गलियारा विकसित किया जा रहा है, जो आने वाले समय में राज्य के विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। इसके अलावा राज्य में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क की स्थापना और भागलपुर सहित अन्य क्षेत्रों में नए औद्योगिक केंद्र विकसित किए जा रहे हैं।

सम्राट चौधरी ने कहा कि रक्षा गलियारा के निर्माण से बिहार रक्षा उत्पादन और तकनीकी क्षेत्र में अपनी पहचान बनाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि डबल इंजन की सरकार राज्य को उद्योग और रोजगार का हब बनाने के लिए लगातार काम कर रही है और राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय की अध्ययन टीम के साथ हुई यह बैठक इसी दिशा में एक ठोस पहल है।

# राहुल गांधी की देश, सेना और शहीदों को बदनाम करने में रुचि: फडणवीस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी की समाधि स्थल पर उनकी मूर्ति स्थापना का तीन दिवसीय समारोह का आज शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर मंच से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि उनके लिए गौरव का क्षण है कि वो ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी की समाधि स्थल पर उनकी मूर्ति स्थापना समारोह में शिरकत करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी महाराज ने अध्यात्म के साथ साथ राष्ट्र के विकास के लिए भी प्रचार प्रसार किया। उन्होंने भारत माता मंदिर की स्थापना करके सनातन संस्कृति के प्रतीक के रूप भारत माता को स्थापित किया। उनके कार्यों का उल्लेख समन्वय के रूप में समाज को जोड़कर एक साथ लाने का कार्य किया।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के संसद में दिए पूर्व सेना प्रमुख को लेकर दिए बयान पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पलटवार किया। उन्होंने कहाकि राहुल गांधी को झूठे आरोप लगाकर अपने देश, अपनी सेना और शहीदों को बदनाम करने में ही रुचि दिखाई पड़ती है। उनके पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। इसलिए सुर्खियां बातों ने और चर्चा में रहने के लिए ही इस प्रकार की बातें उठाते हैं।

देवेंद्र फडणवीस ने कहा हमारी संस्कृति और विचार दुनिया में सबसे पुराने हैं। हमें इतिहास और विज्ञान को साथ लेकर दुनिया में अपनी सभ्यता का विकास करना है। हमारी जीवन पद्धति ने कभी किसी को बहिष्कृत नहीं किया। इसी कारण से दुनिया के इतिहास में भारत की सभ्यता निरंतर चल रही है। इस सभ्यता को स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जैसे वाहक मिले। उन्होंने इस सभ्यता को अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का कार्य किया। उनका मानना है कि आज यह कार्यक्रम उनके कार्यों को बढ़ाने के लिए ही आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया, मध्य प्रदेश के डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला मौजूद रहे। इसके साथ ही स्वामी राजराजेश्वराश्रम महाराज, जूना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष एवं भारत माता मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष स्वामी गोविंद देव, महामंडलेश्वर हरिचेतनानंद गिरी और महामंडलेश्वर ललितानंद गिरी समेत कई अतिथि उपस्थित रहे।

# नाबार्ड वित्त पोषित योजनाओं की गुणवत्ता जांचने के लिए डीएम ने किया टीम का गठन

एजेंसी

उत्तरकाशी।जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि के अंतर्गत जिले में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग, जल संस्थान, शिक्षा, पशुपालन और उद्यान विभाग सहित समस्त विभागों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि ग्रामीण विकास से जुड़ी सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए आवंटित बजट का पारदर्शी तरीके से उपयोग सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।

बैठक में नौगांव मंडी के संचालन के मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि नौगांव मंडी का हस्तांतरण इसी माह सुनिश्चित नहीं होता है, तो मंडी समिति के संचालन को उद्यान विभाग को हस्तांतरित करने की कार्यवाही शुरू की जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय किसानों की सुविधा के लिए मंडी का सुचारू संचालन अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की हीला-हवाली स्वीकार नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने योजनाओं की धरातलीय स्थिति जानने के लिए आरएफआईडी के कार्यों की जांच हेतु एसडीएम और बीडीओ की टीमें गठित करने के निर्देश दिये जो अगले 15 दिनों के भीतर कार्यों की भौतिक प्रगति और गुणवत्ता पर अपनी रिपोर्ट सौंपेंगी।

# एनपीजी ने सड़क,परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 7 परियोजनाओं की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की 108वीं बैठक उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) में आयोजित की गई। इस बैठक में एनपीजी ने सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की 7 परियोजनाओं की समीक्षा की।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि डीपीआईआईटी में एनपीजी की 108वीं बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य अवसंरचना परियोजनाओं का मूल्यांकन करना था। बैठक में विशेष रूप से प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस एनएमपी) के अनुरूप बहुआयामी कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और लॉजिस्टिक्स दक्षता में सुधार पर जोर दिया गया।

मंत्रालय के मुताबिक एनपीजी ने बैठक में एकीकृत बहुआयामी अवसंरचना, आर्थिक और सामाजिक केंद्रों तक अंतिम-मील कनेक्टिविटी और 'संपूर्ण सरकारी' दृष्टिकोण के प्रधानमंत्री गतिशक्ति सिद्धांतों के अनुरूप 7 सड़क परियोजनाओं का गहन विश्लेषण किया। एनपीजी की इन पहलों से लॉजिस्टिक्स दक्षता में वृद्धि, यात्रा समय में कमी और परियोजना के प्रभाव क्षेत्र में महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

जिन परियोजनाओं का मूल्यांकन हुआ

सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच):- तमिलनाडु में सलेम-कुमारपालयम खंड पर एनएच-544 के छह लेन का निर्माण- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने तमिलनाडु के सलेम-कुमारपालयम खंड पर एनएच-544 के छह लेन वाली सड़क निर्माण परियोजना का प्रस्ताव रखा है। इस परियोजना के तहत सलेम से कुमारपालयम तक 102.035 किलोमीटर लंबा छह लेन वाला कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जो कोच्चि-कोयंबटूर-बेंगलुरु के अत्यधिक व्यस्त मार्ग पर स्थित है। अमरावती आउटर रिंग रोड का निर्माण (आंध्र प्रदेश):- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने आंध्र प्रदेश में 189.93 किलोमीटर लंबी अमरावती आउटर रिंग रोड (ओआरआर) विकसित करने की योजना बनाई है। यह एक ग्रीनफील्ड परियोजना है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम करना और विजयवाड़ा, गुंटूर, तेनाली समेत अमरावती राजधानी क्षेत्र में क्षेत्रीय संपर्क को सशक्त बनाना है। जम्मू-कश्मीर में रफीबाद-कुपवाड़ा-चौकीबल-तंगधार तक पक्की शोल्डर वाली दो लेन सड़क का निर्माण (चौड़ीकरण/मजबूतीकरण) :- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में रफीबाद से कुपवाड़ा व चौकीबल होते हुए तंगधार तक पक्की शोल्डर के साथ 62.10 किलोमीटर लंबी दो लेन सड़क के निर्माण (चौड़ीकरण/मजबूतीकरण) का प्रस्ताव पेश किया है। इस परियोजना का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में रणनीतिक और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करना है। लेह बाईपास के निर्माण के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिसमें पक्के शोल्डर सहित दो लेन की सड़क का निर्माण, स्थानीय प्राधिकरण सहयोग और उपयोगिता स्थानांतरण जैसे पहलू शामिल हैं। यह परियोजना फ्यांग गांव के पास एचपीसीएल संयंत्र से आरंभ होकर लेह-मनाली राजमार्ग से जुड़ते हुए प्रस्तावित है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने लद्दाख में फ्यांग से लेकर 48.108 किलोमीटर लंबे लेह बाईपास-1 का निर्माण करने का प्रस्ताव रखा है, जो एनएच-01 (श्रीनगर-लेह) को एनएच-03 (लेह-मनाली) से जोड़ने वाला एक महत्वाकांक्षी ग्रीनफील्ड कॉरिडोर है। चित्रकूट-मझगवां-सतना खंड (मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश) के लिए मौजूदा दो लेन वाली विभाजित सड़क को चार लेन वाली विभाजित सड़क में बदलने का प्रस्ताव (पक्की शोल्डर सहित)- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में फैले 77.102 किलोमीटर लंबे चित्रकूट-सतना कॉरिडोर को दो लेन की सड़क से चार लेन वाली विभाजित सड़क में बदलने का प्रस्ताव दिया है।

राउरकेला से सिथियो (ओडिशा और झारखंड) तक चार लेन वाले एक्सेस-कंट्रोल्ड ग्रीनफील्ड राजमार्ग का निर्माण- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने ओडिशा और झारखंड के बीच राउरकेला से सिथियो तक 156.10 किलोमीटर लंबे चार-लेन ग्रीनफील्ड राजमार्ग के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। यह मार्ग पांच जिलों से होकर गुजरेगा और इसे प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के तहत आर्थिक केंद्रों को प्रभावी ढंग से जोड़ने के उद्देश्य से तैयार किया गया है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063